कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:56 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 नवंबर 2024
वर्ष 4, अंक 262, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दूर के क्वासर ने रोका तारों का निर्माण 14

कमल हसन की ठग लाइफ 5 जून को होगी रिलीज 13

सूर्य की आराधना...

लखनऊ : लोक आस्था के महापर्व डाला छठ (सूर्य षष्ठी) पर गुरुवार को 36 घंटे का निर्जला व्रत रख महिलाओं व उनके परिजनों ने अस्ताचलगामी भास्कर की आराधना की। व्रती महिलाओं के साथ उनके परिजनों ने गोमती नदी तट के लक्ष्मण मेला घाट पर सूर्य को दूध-जल का पहला अर्घ्य दिया। शुक्रवार को तड़के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं घर लौटेंगी। ● फोटो- प्रमोद शर्मा

आतंकवाद की आग में फिर देश को झोंकना चाहती है कांग्रेस

मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के दौरान लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान से विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जम्मू-कश्मीर में 370 व 35 ए की पुनर्वापसी प्रस्ताव पर कांग्रेस के मौन समर्थन की निंदा की
- अब्दुल्ला सरकार को चेताया कहा-राष्ट्रीय एकता खंडित करने की कोशिशों से बाज आएं

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित धारा 370 और 35 ए की बहाली प्रस्ताव पर अब्दुल्ला सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता खंडित करने की कोशिशों से बाज आएं। कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी देश और घाटी को फिर से आतंकवाद की आग में झोंकना चाहते हैं। इनकी विघटनकारी नीतियों को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार को छठ पर्व के लिए सजे घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य

को अर्घ्य देने के बाद लक्ष्मण मेला मैदान से भारतीय भोजपुरी समाज के कार्यक्रम में जुटी भारी भीड़ को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस कश्मीर में जैसा दुस्साहस कर रही है, उससे एक बार फिर विघटन की बू आ रही है। देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 140 करोड़ भारतवासी मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। योगी ने कहा कि कांग्रेस जम्मू कश्मीर विधानसभा में पारित प्रस्ताव के खिलाफ स्वंय बोले, अन्यथा कांग्रेस की वही दशा हो जाएगी जो कश्मीर में धारा 370 और 35 ए की हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से धारा 370 और 35ए समाप्त कर के घाटी से आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोंकने का काम किया।

हम अपने राष्ट्र के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए सबकुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार हैं। योगी ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बाबा साहब आंबेडकर की आपत्ति के बावजूद कांग्रेस ने कश्मीर के साथ धारा 370 जोड़कर आतंकवाद का गढ़ बनाने की कुचेष्टा की थी। कश्मीर में हिंसा होती थी, कश्मीरी पंडितों का कत्ल होता था, जो भी भारत के पक्ष में बोलता था उसका सामूहिक नरसंहार होता था। इसी वजह से कश्मीर में आतंकवाद का वेयर हाउस बन गया था। योगी ने भोजपुरी भाषा में सभी को छठ की बधाई देते हुए इसकी मिठास भी गिनाई।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य व भाजपा महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

कुपवाड़ा में मुठभेड़, एक आतंकी को मार गिराया

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर जिले के लोलाब के मार्गी इलाके में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ स्थल से एक एके राइफल, दो हथगोले और चार एके राइफल मैगजीन बरामद की गई हैं।

रिश्वत लेने में उपायुक्त का पीए गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने तरनतारन के जिला उपायुक्त के निजी सहायक हरमनदीप सिंह, क्लर्क हरसिमरनजीत सिंह और ठेके पर नियुक्त डेटा एंट्री ऑपरेटर जगरूप सिंह के खिलाफ 20,000 रुपये रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया है।

अवैध हथियार बरामद, दो आरोपी किए गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ के नौगांवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके अवैध हथियार बरामद किए हैं। एसपी संजीव नैन ने बताया कि खरखड़ी गांव में में एक मकान से देशी पिस्तौल, एक अवैध बन्दूक और अर्द्धनिर्मित पिस्तौल बरामद किया।

विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर जम्मू कश्मीर विधानसभा में हंगामा

सत्ता पक्ष और भाजपा के विधायकों के बीच जमकर नारेबाजी

- भाजपा विधायकों की मार्शलों से हाथापाई, निकाले गए बाहर

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर विधानसभा में पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के विरोध और हंगामे के कारण, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिन भर के स्थगित कर दी। इस दौरान भाजपा विधायकों की मार्शलों के साथ हाथापाई भी हुई।

विरोध जता रहे भाजपा विधायक आसन के समीप आ गए और अध्यक्ष ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के निर्देश पर तीन विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया, लेकिन विपक्षी सदस्यों के विरोध के कारण हंगामा बढ़ता गया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा सदस्यों ने

स्पीकर के निर्देश पर भाजपा विधायकों को सदन से निकालते मार्शल। ● एजेंसी

बुधवार को पारित किए गए प्रस्ताव को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। प्रस्ताव में केंद्र से पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने का अनुरोध किया गया था। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा जब प्रस्ताव पर बोल रहे थे तो अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता और विधायक लंगेट शेख खुर्शीद एक बैनर दिखाते हुए आसन के समक्ष आ गए, जिस पर लिखा था कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल किया जाए। इस पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। वे भी आसन के समक्ष आ गए तथा बैनर छीनकर उसे फाड़ दिया।

हंगामे के बीच लगभग सभी विधायक अपनी सीट से उठ गए। भाजपा सदस्यों ने बलिदान हुए जहां (श्यामा प्रसाद) मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है के नारे लगाए, जबकि नेकां विधायकों ने जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है के नारे लगाए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शलों को आसन के समक्ष आए भाजपा सदस्यों को सदन से बाहर करने का निर्देश दिया जिसके बाद मार्शलों और भाजपा विधायकों के बीच हाथापाई भी हुई। भाजपा के तीन विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया गया। सदन से बाहर निकाले गए भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि उनमें से कुछ घायल हो गए।

भाजपा ने प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने संबंधी प्रस्ताव पारित करने को संविधान का गला घोंटने का दुस्साहस करार दिया और गुरुवार को कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन का भारत को बांटने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा। भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता में पार्टी की वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यह सवाल भी किया कि क्या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन जम्मू-कश्मीर के आर्थिक और संवैधानिक हितों के साथ-साथ उन अधिकारों के खिलाफ है जो अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के बाद आदिवासियों, दलितों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं और बच्चों को मिले हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने लिए विशेष दर्जा चाहते हैं, जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए नहीं।

राज्य में होगा प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन : मुख्यमंत्री

दून विश्वविद्यालय में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में की घोषणा

- सम्मेलन में शामिल हुए 250 प्रवासी, बनेगी डेडीकेटेड वेबसाइट

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : दून विश्वविद्यालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की माटी से जुड़े हुए प्रवासियों ने शिक्षा, अनुसंधान, ब्यूरोक्रेसी, फिल्म निर्माण, उद्योग, व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान उत्तराखंड से हैं। भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस बिपिन रावत भी इसी भूमि से थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति अपने आप में विशिष्ट है। हमारे प्रवासी देश के विभिन्न राज्यों में अपनी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड राज्य की स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण होने पर देवभूमि रजत उत्सव का लोगो और तिमूर परफ्यूम को इंटरनेशनल मार्केट के लिए लॉन्च किया। प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन में देश भर के तमाम हिस्सों से करीब 250 प्रवासी शामिल हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जल्दी ही राज्य में प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रवासियों को जानकारी देने के लिए एक डेडीकेटेड वेबसाइट भी तैयार की जा रही है। सीएम ने प्रवासियों से अनुरोध किया कि साल में एक बार सभी प्रवासी अपने पैतृक स्थान पर जरूर जाएं। ऐसे में प्रवासी लोगों के सुझाव के आधार पर नीति और योजनाएं भी तैयार की जाएगी।

दून विवि में दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

एक्सपोर्ट पोटेंशियल और प्रतिभाओं की भरमार

बेरीनाग (पिथौरागढ़) के निवासी राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्थान में मौजूद पुष्कर तीर्थ स्थल के समीप उत्तराखंड भवन के लिए मुख्यमंत्री धामी ने एक करोड़ रुपये दिए हैं, जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी सुनील बर्तवाल जो कि वर्तमान समय में सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स, भारत सरकार के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं का कहना था कि उत्तराखंड में एक्सपोर्ट का पोटेंशियल काफी अधिक है। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट की 150 बिलियन डॉलर की डिमांड पूरी दुनिया में है। उत्तराखंड की खेती ऑर्गेनिक खेती है, अगर इसका सर्टिफिकेशन कर दें तो काफी फायदा मिलेगा। मेयर लखनऊ सुषमा खर्कवाल ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें प्रवासी सम्मेलन में आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मेरे लिए मातृभूमि उत्तराखंड है। यह देवभूमि प्रतिभाओं की धनी है।

मुख्यमंत्री ने किया हवाई सेवाओं का शुभारंभ

ब्यूरो, देहरादून

- पिथौरागढ़ में फायर ब्रिगेड ने विमान को दिया वाटर कैनन सैल्यूट

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस से पहले प्रदेश को हेली कनेक्टिविटी की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास से दिल्ली-पिथौरागढ़ विमान सेवा, सहस्त्रधारा (देहरादून) -जोशियाड़ा (उत्तरकाशी) और सहस्त्रधारा (देहरादून) -गौचर (चमोली) हेलीसेवा का वर्चुअली शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि हवाई सेवाएं राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी, उड़ान योजना के तहत 18 स्थानों पर हेलीपोर्टस का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री

धामी ने कहा कि, ये तीनों ही हेली कनेक्टिविटी राज्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इनके शुरू होने से राज्य में पर्यटन के साथ ही आर्थिकी को भी बढ़ावा मिलेगा। इन सेवाओं से हेली कनेक्टिविटी के साथ आपातकालीन सेवाओं और आपदा प्रबंधन कार्यों में भी गति आएगी। अब देहरादून से जोशियाडा की यात्रा केवल 40 मिनट और गौचर की यात्रा मात्र 50 मिनट में पूरी की जा सकेगी। पिथौरागढ़ से दिल्ली तक विमान से 1 घंटे 25 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। जबकि अभी बाई रोड पिथौरागढ़ से दिल्ली जाने में 16 घंटे से अधिक लगते हैं। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा को खासा फायदा मिलेगा।

दिल्ली से पिथौरागढ़ विमान सेवा के तहत एलायंस एयर का 42 सीटर विमान गुरुवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा। एयरपोर्ट पर अग्निशमन एवं आपात काल सेवा प्रभारी एलएफएम नरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में फायर फाइटर्स द्वारा विमान को वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया।

सलमान खान के बाद अब शाहरुख को मिली धमकी

मुंबई/रायपुर। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है और उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खान को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने आज रायपुर में एक वकील फैजान खान से पूछताछ की तथा उसे नोटिस दिया है। अभिनेता को फैजान के नाम पर दर्ज फोन नंबर से धमकी दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि वकील ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह उसका फोन खो गया था।

हिरण की कस्तूरी के साथ तस्कर को दबोचा

- पकड़े गए वन्यजीव तस्कर से हिरण के दो पंजे भी बरामद

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : वाइल्ड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली की सूचना पर एसटीएफ ने विकास नगर से एक वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हिरण की कस्तूरी, दो पंजे व खाल भी बरामद की है।

एसटीएफ के एसपी चंद्रमोहन सिंह के मुताबिक वाइल्ड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली से विकास नगर क्षेत्र में वन्यजीव के अंगों व खाल की तस्करी होने की सूचना मिली थी। जिस पर एसटीएफ ने क्षेत्र में अपना जाल बिछा दिया। बीते दिवस विकासनगर क्षेत्र में शक्ति नहर पुल नंबर दो के पास स्थित

एसटीएफ द्वारा बरामद हिरण की कस्तूरी व पंजे।

टीन शेड्स के पास से कृष्ण कुमार पुत्र जयप्रकाश (52) निवासी ग्राम लारा नौगांव (उत्तरकाशी) हाल निवासी विजय कॉलोनी हरबर्टपुर विकास नगर को पकड़ा गया। उसके पास से एक कस्तूरी हिरण, हिरण के दो पंजे और खाल बरामद की गई। एसपी ने बताया कि कस्तूरी व पंजों को वन्यजीव जन्तु संरक्षण अधिनियम की पहली अनुसूची में रखा गया है इसका शिकार एक गंभीर अपराध है। पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध थाना विकासनगर देहरादून में वन्यजीव अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त से मिली जानकारी की छानबीन की जा रही है, यदि किसी व्यक्ति की संलिप्तता मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पराली जलाने पर दोगुना किया जुर्माना

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के लिए जुर्माने की राशि दोगुनी कर दी है। पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों के लिए पराली जलाने पर अब जुर्माना राशि 30 हजार रुपये तक हो गई है। बुधवार को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब पराली जलाने पर 2,500 रुपये की जगह 5 हजार जुर्माना देना होगा। वहीं दो से पांच एकड़ के बीच भूमि वाले किसानों पर 5 हजार रुपये के बजाय 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

भूमि आवंटन को लेकर साधु-संतों में मारपीट

संवाददाता, प्रयागराज

- प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने अखाड़ों की बुलाई थी बैठक

अमृत विचार : महाकुंभ-2025 शुरू होने से पहले ही अखाड़ा परिषद की बैठक में साधु-संतों में मारपीट हो गई। गुरुवार को मेला प्राधिकरण ने 13 अखाड़ों को आवंटित की जाने वाली भूमि दिखाने को बैठक बुलाई थी। जिसमें दो अखाड़े के साधु-संत भिड़ गए। कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। पुलिस ने मामला शांत कराया।

मेला प्राधिकरण के दफ्तर में हुई बैठक में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी और महामंत्री हरि गिरी के साथ मेला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस के अनुसार अखाड़ा परिषद के एक गुट के अध्यक्ष निरंजनी अखाड़े के महंत रविंद्र पुरी और महामंत्री हरि गिरी हैं। जबकि दूसरे गुट के अध्यक्ष महानिर्वाणी अखाड़े के महंत रविंद्र पुरी और महामंत्री राजेंद्र दास हैं। सितंबर 2021 में अखाड़ा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के गोलोकवासी होने के बाद अखाड़ा परिषद दो गुटों में बंटा है। रवींद्र गिरि को अध्यक्ष चुना गया लेकिन, एक धड़ा उन्हें अध्यक्ष मानने को तैयार नहीं है। एक गुट बैठक के बीच हर-हर महादेव के नारे लगाने लगा, जो दूसरे गुट को नागवार गुजरा और मारपीट होने लगी।

नई तकनीक गोविंद वल्लभ पंत विश्वविद्यालय की एमटेक छात्रा ने चुकंदर के तने से बनाई एंटी ऑक्सीडेंट पैकेजिंग फिल्म

अब चुकंदर का तना बना पैकिंग का बेहतर माध्यम

मृगांक मौली, पंत नगर

अमृत विचार : दुनिया भर में बहुत सारे कृषि-आधारित कचरे का उत्पादन होता है। इस कचरे की स्थिरता और पुनर्चक्रण के लिए गोविंद वल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की एमटेक छात्रा ने चुकंदर के तने से एंटी ऑक्सीडेंट पैकेजिंग फिल्म विकसित की है। जो मृदा के संपर्क में आने के दो से तीन माह में विघटित हो जाती है।

पिछले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक कचरे का उत्पादन लगभग दोगुना हो गया है। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन से बनी प्लास्टिक पॉलीथिन, पॉलीप्रोपाइलिन, नायलॉन, पॉलिएस्टर, पॉलीविनाइल क्लोराइड आदि

पैकेजिंग फिल्म दिखातीं प्रिंसी कठैत व उनके एडवाइजर डॉ. पीके ओमरे। ● अमृत विचार

कई दशकों से पारंपरिक पैकेजिंग सामग्री रही है। परंतु इसे आसानी से नष्ट नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निजात पाने के लिए बायोडिग्रेडेबल (जैव विघटित) पैकेजिंग बनाने पर शोध हो रहे हैं, और अब तक कई बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग का उत्पादन भी हो चुका है। पंत विश्वविद्यालय की छात्रा प्रिंसी कठैत ने एडवाइजर पोस्टहार्वेस्ट प्रोसेस एंड फूड इंजीनियरिंग के प्राध्यापक डॉ. पीके ओमरे के मार्गदर्शन में शोध शुरू किया। डॉ. सचिन कुमार व डॉ. मनविका सहगल के सुझाव व समर्थन से दो वर्षों में चुकंदर के तने से बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग फिल्म का निर्माण करने में सफलता पाई। इसमें आईआईटी रुड़की के प्रो. कीर्तिराज के. गायकवाड़ और भरसार विवि के डॉ. सुमन सिंह ने सुविधाएं प्रदान की।

चुकंदर की यह है विशेषता



चुकंदर में प्रचुर मात्रा में बीटालेन मौजूद होता हैं, जो खून बढ़ाने में सहायक है। इसकी जड़ का इंसान व पत्तियों का मवेशी सेवन करते हैं। जबकि इसके तने को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है। चुकंदर के इसी तने में काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट गुण और फेनोलिक यौगिक होते हैं। प्रिंसी ने बताया कि उन्होंने देश में पहली बार एंटीऑक्सिडेंट पैकेजिंग को पॉलिमर मैट्रिक्स के भीतर फिल्म में एंटीऑक्सिडेंट को एकीकृत करके बनाया है। यह फिल्म के अंदर प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन की संख्या को कम कर एंटीऑक्सिडेंट रसायनों को जारी करने सहित खाद्य उत्पादों की सेल्फ लाइफ व गुणवत्ता बढ़ाता है। इससे बनी पैकेजिंग फिल्म प्रकृति में बायोडिग्रेडेबल है। यह फिल्म पॉलीथिन की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। वह जल्द ही इसका पेटेंट फाइल करेंगी।

ऐसे बनाई पैकेजिंग फिल्म

पहले ताजे चुकंदर के तनों का अर्क तैयार किया जाता है, जिसमें पॉलीफेनोल्स के रूप में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। इसको पॉलीविनाइल अल्कोहल, कॉर्न स्टार्च और सोर्बिटोल से पॉलीमराइजेशन किया गया। चुकंदर के तने के अर्क में फिल्म बनाने वाले घोल को मिलाया गया। इसके बाद समरूप फिल्म बनाने वाले घोल के लिए 35 डिग्री सेल्सियस पर 45 मिनट गर्म कर सोल्यूशन मिलाया। फिर घोल को पेट्री डिश में एक समान मोटाई में फैलाकर 24 घंटे के लिए 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में सुखाया। इसके बाद फिल्मों को पेट्री डिश से निकाल लिया और इस प्रकार एंटीऑक्सीडेंट सक्रिय पैकेजिंग फिल्म तैयार हो गई।

सार-संक्षेप

नैनीताल के नम : रेडिएशन होटल में केक बनाते सैफ। ● अमृत विचार

नैनीताल में शुरू हुई क्रिसमस की तैयारी

नैनीताल : सरोवर नगरी में क्रिसमस और नववर्ष के जश्न के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। नैनीताल के नम : रेडिएशन होटल में केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। होटल के जीएम नरेश गुप्ता ने बताया क्रिसमस से 45 दिन पहले केक सेरेमनी का आयोजन कर विशेष प्लम केक बनाया जाता है। विशेष रूप से बनने वाले केक में काजू, अखरोट, किशमिश, सूखे मेवे और 12 तरह की वाइन और रम मिलाई जाती है। हर साल नैनीताल आने वाले पर्यटक इस केक को खूब पसंद करते हैं। सेफ महेश महतो ने बताया कि केक बनाने की परंपरा पूर्ण रूप से विदेशी है, लेकिन समय के बदलाव के साथ-साथ भारत में भी प्लम केक बनाने का सिलसिला शुरू हुआ, जो अब नैनीताल समेत सभी होटलों में बनाया जाता है। इस मौके पर मो. अरशद, मनीष महोतो, अरुण, बिशन, उमेश, हर्षिता आदि मौजूद रहे।

ओपन बास्केटबॉल टूर्नामेंट 9 व 10 नवंबर को

भीमताल : भीमेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में ओपन बास्केटबॉल टूर्नामेंट सीजन-2 मिनी स्टेडियम में 9 और 10 नवंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। अध्यक्ष शरद पांडे व संस्थापक सुनीता पांडे ने बताया कि विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार, उप विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ पांच हजार व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को ट्रॉफी के साथ 1100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इसमें भीमताल, पिथौरागढ़, हल्द्वानी, रुद्रपुर, नैनीताल व रामनगर की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

व्यंजन प्रतियोगिता 27 को

नैनीताल : लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से 27 नवम्बर को व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता के लिए क्लब की सचिव दीपा पांडे को मुख्य संयोजक व अमिता शाह, हेमा भट्ट, सीमा सेठ तथा कंचन जोशी को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दीपा पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों मीठा, नमकीन और नॉनवेज में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में जो भी महिलाएं भाग लेना चाहती हैं वह क्लब में संपर्क कर सकती हैं। प्रतियोगिता का मकसद आने वाली पीढ़ी को कुमाउनी व्यंजन संस्कृति से रूबरू कराना है।

पकड़े गये चरस तस्कर के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

चरस तस्करी में बोलेरो चालक गिरफ्तार, वाहन सीज

भीमताल : पुलिस ने चरस की तस्करी करते एक बोलेरो चालक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि चेकिंग के दौरान बाईपास रोड पर पुलिया के पास बोलेरो वाहन संख्या यूके04 टीबी-1221 को रोककर तलाशी ली गई तो चालक की सीट के नीचे एक बैग मिला। जिसमें से 558 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सुरेश चंद्र पुत्र रमेश चंद्र निवासी हरिनगर नरतौला मुक्तेश्वर बताया। वाहन को सीज कर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम में उप निरीक्षक गगनदीप सिंह, गुरविंदर, कांस्टेबल ललित आगरी, नरेश परिहार व शेर सिंह शामिल रहे।

खराब सोलर लाइटों को ठीक करने की मांग

भीमताल : नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत नौकुचियाताल में कई सोलर लाइटें खराब हैं। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक कनार्टक ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन से कई बार सोलर लाइटों को ठीक करने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। क्षेत्र में अक्सर जंगली जानवर दिखाई देते हैं। सोलर लाइट खराब होने के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने नगर पालिका और जिला प्रशासन से शीघ्र सोलर लाइटों को ठीक करने की मांग की।

राज्य आंदोलनकारियों का सपना आज भी अधूरा

भीमताल : राज्य आंदोलनकारी प्रेम कुल्याल ने जारी बयान में कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना जिस उद्देश्य से की गई थी वह आज तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य को बनाने के लिए 42 शहादतें आंदोलनकारियों ने दीं। हजारों लोग पुलिस की ज्यादती के शिकार हुए, लेकिन राज्य के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। पूरे पहाड़ की स्थिति अत्यंत खराब है। पिछले दिनों सल्ट में हुई सड़क दुर्घटना से पूरा पहाड़ देशभर में शर्मसार हुआ है।

जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते युवा मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

विद्यालय भवन निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

भीमताल : ओखलकांडा ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा में भवन निर्माण की मांग को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ओखलकांडा मंडल के अध्यक्ष मदन परगांई ने जिला शिक्षा अधिकारी हर्ष बहादुर चंद को ज्ञापन सौंपा। परगांई ने बताया कि विद्यालय का भवन वर्ष 2009-10 में आई आपदा के दौरान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया था। अभी एक अतिरिक्त कक्ष में जूनियर हाईस्कूल टांडा की कक्षाएं चलती हैं। अतिरिक्त भवन न होने से बच्चों को एक ही कक्षा में पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से यथाशीघ्र विद्यालय में दो अतिरिक्त भवन निर्माण की मांग की, ताकि बच्चों को उचित शिक्षा मिल सके। इस दौरान हेम वारियाल भी मौजूद रहे।

लापता किशोरी बरामद, परिजनों को सौंपी

नैनीताल : तल्लीताल थाना क्षेत्र से बीते दिन लापता हुई किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कर उसे परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाना क्षेत्र से एक किशोरी लापता हो गई थी। परिजनों ने शिकायत करते हुए कहा था कि उनकी पुत्री सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे बिना बताये घर से कहीं चली गई थी। खोजबीन करने व परिचितों से पूछताछ के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल पाया। शिकायत के बाद पुलिस ने किशोरी को तल्लीताल क्षेत्र से बरामद कर लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि किशोरी के बयान दर्ज करने व चिकित्सा परीक्षण के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

सैन्य सम्मान के साथ कमांडो नरेंद्र को दी अंतिम विदाई

गुरुवार की सुबह दिल्ली से बिंदुखत्ता स्थित आवास पर पहुंचा पार्थिव शरीर, परिजनों में मची चीख-पुकार

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : बिंदुखत्ता निवासी एनएसजी कमांडो नरेंद्र सिंह भंडारी की संदिग्ध हालात में गोली लगने से हुई मौत के बाद गुरुवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा। परिजनों की चीख-पुकार ने आसपास के लोगों को भी बिलखने पर मजबूर कर दिया। सैन्य सम्मान के साथ रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में नरेंद्र की अंत्येष्टि की गई।

नरेंद्र सिंह भंडारी।

बिंदुखत्ता के खैरानी नंबर दो निवासी एनएसजी कमांडो नरेंद्र सिंह भंडारी (31 वर्ष) का पार्थिव शरीर सेना के वाहन से गुरुवार की सुबह दिल्ली से उनके घर पहुंचा। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने नम आंखों से नरेंद्र को अंतिम विदाई दी। पूरा क्षेत्र भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। इससे पूर्व सैनिक संगठन एवं कुमाऊं रेजिमेंट के जवानों एवं अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। करीब एक घंटे बाद अंतिम यात्रा रानीबाग के लिए रवाना हुई। चित्रशिला घाट पहुंचने पर सेना के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ कमांडो नरेंद्र को अंतिम विदाई दी। चिता को मुखाग्नि नरेंद्र के बड़े भाई माधो सिंह भंडारी व जसवंत सिंह भंडारी ने संयुक्त रूप से दी।

बिंदुखत्ता के खैरानी नंबर दो स्थित आवास पर रोते-बिलखते परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

- गमगीन माहौल में रानीबाग चित्रशिला घाट पर हुई अंत्येष्टि
- पांच नवंबर को संदिग्ध हालात में गोली लगने से हुई थी मौत

इधर, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, तहसीलदार युगल किशोर पांडे, भाजपा नेता इंदर सिंह बिष्ट, दीपक जोशी, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, सुंदर सिंह खनका, दलबीर सिंह कफोला, प्रकाश मिश्रा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर दानू, प्रदीप बथ्याल सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कमांडो नरेंद्र के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। कुमाऊं रेजिमेंट के अंतर्गत करीब 10 वर्षों से एनएसजी कमांडो के रूप में सेवारत नरेंद्र सिंह भंडारी के पिता स्व. गोपाल सिंह भंडारी भी पूर्व सैनिक थे। दो वर्ष पूर्व उनका निधन हो गया था। नरेंद्र के बड़े भाई जसवंत सिंह भंडारी बिंदुखत्ता में ही कृषक हैं, जबकि मझले भाई माधो सिंह रेलवे में लोको पायलट के पद पर कार्यरत हैं। नरेंद्र की मौत से उनकी छोटी बहन हीरा भंडारी और मां माधवी देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बीती 5 नवंबर की शाम करीब 6-7 बजे दिल्ली में संदिग्ध हालात में गोली लगने से नरेंद्र की मौत हो गई थी। नरेंद्र की आगामी 19 नवंबर को लोहाघाट निवासी युवती से शादी तय हुई थी, जिसके कार्ड भी बंट चुके थे।

शव देखकर बेहोश हुई मां और छोटी बहन

दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के समीप सुदर्शन कैंप में तैनात एनएसजी कमांडो नरेंद्र का पार्थिव शरीर जैसे ही उनके बिंदुखत्ता खैरानी स्थित आवास पर लाया गया, वैसे ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। शव को देखते ही नरेन्द्र की मां माधुली देवी और छोटी बहन हीरा भंडारी बेहोश हो गईं। जिन्हें ग्रामीणों ने बमुश्किल संभाला। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने नम आंखों से जवान को अंतिम विदाई दी।

शव को देखकर बेहोश हुई छोटी बहन और मां। ● अमृत विचार

कमांडो नरेंद्र के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते भाई जसवंत व माधो सिंह।

जांच के बाद स्पष्ट होगा मौत का कारण

एनएसजी कमांडो नरेंद्र का पार्थिव शरीर बिंदुखत्ता स्थित आवास पर पहुंचने के बाद जिला सैनिक बोर्ड अधिकारी कर्नल रमेश सिंह की आंखें भर आईं। कमांडो नरेंद्र की मृत्यु की आधिकारिक सूचना पर उन्होंने कहा कि मामले में विभागीय जांच चल रही है। फिलहाल उनके पास इस संबंध में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं आई है। जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

अधिक सवारियां बैठाने पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : ओवरलोड सवारियां लेकर चलने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बीते दिन चोरपानी में ई-रिक्शा पलटने से छह यात्री घायल हो गए थे। जिसके बाद एसडीएम राहुल शाह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घायलों ने बताया कि ई-रिक्शा में मानक से अधिक सवारियां भरी थीं।

उन्होंने तुरंत मामले की गम्भीरता को देखते हुए सीओ को ओवरलोड ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर पत्र लिखा है। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों द्वारा क्षमता से अधिक सवारियों को ढोये की शिकायत प्रशासन को काफी समय से मिल रही थी। सल्ट बस हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। अब ऑटो व ई-रिक्शा चालक यदि कोई भी मानकों से अधिक सवारियां लेकर जाते दिखे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस का चेकिंग अभियान तेज

नैनीताल : सल्ट बस हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस वाहनों में सवारियों की गिनती व भार की जांच कर रही है। अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। नैनीताल से भवाली व हल्द्वानी को जाने व वहां से आने वाले टैक्सी वाहनों एवं बसों में सवारियों की क्षमता की जांच की जा रही है। साथ ही भार वाहनों में भी लोड की जांच की जा रही है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि क्षेत्र में मुनादी कर टैक्सी चालकों व बस चालकों से ज्यादा सवारियों को वाहन में न बैठाने की अपील की जा रही है। यदि उन्होंने चालकों को चेताया कि यदि किसी भी वाहन में क्षमता से अधिक भार या सवारी बैठी पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

सड़क पर बह रहे सीवर से निजात

नैनीताल : नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर नेशनल होटल से वैष्णो देवी मंदिर तक सड़क पर बह रहे सीवर से आखिरकार लोगों को निजात मिल गई है। संबंधित विभाग ने चेंबर साफ कर चोक लाइन को सुचारू कर दिया है।

तल्लीताल नेशनल होटल के समीप बीते तीन दिनों से सीवर लाइन से सीवर सड़क पर बह रहा था। इससे स्थानीय लोग व पर्यटकों को आवाजाही करने में दिक्कत हो रही थी।

शिकायत के बाद जल संस्थान ने मशीन लगाकर सीवर लाइन की सफाई की, लेकिन दो दिन बाद समस्या जस की तस हो गई। सीवर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। गुरुवार की शाम लाइन की सफाई के बाद समस्या का समाधान हो गया है। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि विभागीय टीम लगातार सीवर लाइन की सफाई में जुटी हुई थी।

ओबीसी आरक्षण के लिए 15 दिनों में जारी होगा अध्यादेश

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। गुरुवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि निकायों में आरक्षण तय करने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति वीएस वर्मा की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार आरक्षण तय करने के लिए नया विधयेक लाने जा रही है। इस पर 15 दिनों के भीतर ओबीसी आरक्षण के लिए अध्यादेश जारी कर दिया जाएगा।

रुद्रपुर निवासी रिजवान अंसारी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निकायों में आरक्षण निर्धारित कर रही है 2018 के निकाय चुनाव इसी आधार पर संपन्न कराए गए थे लेकिन वर्तमान समय मे पहाड़ के बजाय प्रदेश के मैदानी इलाकों में ओबीसी का वोट बैंक बढ़ा है। इस वजह से ओबीसी समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि आरक्षण को लेकर सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। आपत्तियों का निस्तारण हो चुका है।

राज्य की सभी जिला उपभोक्ता फोरम में नियुक्तियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट ने प्रदेश भर में जिला उपभोक्ता फोरम में सदस्यों की तैनाती के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 12 नवंबर तक उपभोक्ता फोरम में अब तक की गई नियुक्तियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। मामले की सुनवाई के लिए 12 नवंबर की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट ने उपभोक्ता फोरम में रिक्त पदों के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई की थी। तब राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया था कि इन पदों को भरने की तैयारी कर रही है। 13 जिलों के उपभोक्ता फोरम में से अभी तक 4 जिलों में चेयरमैन की ही नियुक्तियां हो पाई हैं जबकि पहाड़ी इलाकों में चेयमैन के पद खाली पड़े हुए है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के सचिव से 12 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने को कहा है।

भीमताल में गौशाला खोलने की मांग

भीमताल : नगर में जगह-जगह छुट्टा पशु घूम रहे हैं। इन पशुओं के कारण जहां स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं खाने-पीने के अभाव में पशु बीमार हो रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग के अधिकारियों से भीमताल नगर में गौशाला खोलने की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों को मांग पत्र भेजकर कहा कि शहर वासियों की मांग पर वर्ष 2016-17 में नगर प्रशासन, पशुपालन विभाग एवं जिला प्रशासन ने गौशाला निर्माण की बात कही थी, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। जिस वजह से छुट्टा पशु इधर-उधर घूम रहे हैं।

चिड़ियाघर रोड पर वाहन पार्क करने वालों पर होगी कार्रवाई

नैनीताल : चिड़ियाघर को जाने वाली रोड पर वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने रोड पर वाहन पार्क करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। संकरी जू रोड में वाहन पार्क करने से यातायात प्रभावित हो जाता है। इन दिनों स्थानीय लोग, टैक्सी चालक व पर्यटक अपने वाहन जू रोड में पार्क कर रहे हैं। जिससे कई बार यातायात प्रभावित हो रहा है। लोगों की शिकायत के बाद तल्लीताल पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि जू रोड में मुनादी कर वाहन पार्क न करने की अपील की जा रही है। साथ ही चार चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई है।

नैनीताल में बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

नगर निकाय चुनाव से पूर्व संगठन की मजबूती पर चर्चा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : भाजपा को आंतरिक रूप से मजबूत करने को लेकर प्रदेश कोषाध्यक्ष व नैनीताल मंडल के चुनाव प्रभारी साकेत अग्रवाल ने जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारियों की साथ बैठक की। उन्होंने आगामी नगर निकाय चुनाव से पूर्व संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की।

साकेत अग्रवाल ने बताया कि चुनाव को देखते हुए मंडल के 70 बूथों पर शक्ति केंद्र के सहयोगी के रूप में 15 लोगों की नियुक्ति की गई है। ये लोग 70 बूथों में बूथ मंडल अध्यक्ष समेत 11 लोगों की कमेटी का चुनाव करायेंगे। बैठक में मंडल प्रभारी देवेन्द्र बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, अरविंद सिंह पडियार, विक्रम सिंह रावत, विमला अधिकारी, रीना मेहरा, तारा राणा, ज्योति गोस्वामी, दीपिका बिनवाल, मीरा बिष्ट, विमला तिवारी, मोहित रौतेला, प्रकाश नौटियाल, तुलसी डालाकोटी, मनोज साह जगाती, पान सिंह खनी मौजूद रहे। संचालन मोहन सिंह नेगी ने किया।

तैयारी कांग्रेस नैनीताल जिला प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

जिताऊ कार्यकर्ता को ही दिया जायेगा टिकट

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस के नैनीताल जिला प्रभारी व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने गुरुवार को भीमताल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल व विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान कुंजवाल ने कहा कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, सभी कार्यकर्ताओं को उक्त प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। पार्टी निष्ठावान, समर्पित और जिताऊ कार्यकर्ता को ही टिकट देगी। इसमें किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र सिंह चनोतिया, डीके डालाकोटी, विपिन चंद्र सनवाल, विपिन चंद्र, नीरज कुमार मोनू, सौरभ रौतेला, रीना आर्य, राकेश बृजवासी, सतीश लाल वर्मा, भूपेंद्र कनौजिया, सतीश टम्टा, सीमा टम्टा, आशा आर्य, निर्मला आर्य, रामपाल सिंह गंगोला, देवेंद्र सिंह फर्त्याल, ललित मेहरा, कमरुल निशा, छाया बृजवासी, दया डालाकोटी आदि ने दावा पेश किया। इस अवसर पर संजय बिष्ट, सूरज मेहरा, देवेंद्र सिंह मेहरा, राजेश थापा, पवन जोशी, विजय नेगी, गोपाल दत्त पलाडिया, खुशीराम, पीसी नौगाई, गुंजन रौतेला, इंद्रजीत बिष्ट, कुमुद बृजवासी, मनोज आर्या,प वन उप्रेती, प्रकाश हरबोला, शुभम नैनवाल, दानिश खान आदि रहे।

भीमताल में बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

फरार वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश किया

नैनीताल : मारपीट के मामले में पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। करीब दो वर्ष पूर्व गाड़ी पड़ाव मल्लीताल निवासी ऋतिक जाटव के खिलाफ फौजदारी मामले में वाद दर्ज किया गया था। लंबे समय से कोर्ट में पेश न होने के चलते कोर्ट ने उक्त के खिलाफ गैर जमानती वारंटी जारी किया था। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मल्लीताल बाजार से युवक को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया।

आज का मौसम

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

29.0°	17.5°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.30	सूर्यास्त 17.21

एक नजर

दिशा की बैठक आज

हल्द्वानी : जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद/समिति अध्यक्ष अजय भट्ट की अध्यक्षता में आठ नवंबर को सुबह 11 बजे काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार में होगी। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने जिले के सभी अधिकारियों को प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

श्री श्याम महोत्सव आज

हल्द्वानी : श्री श्याम महिला मित्र मंडल एवं श्री श्याम सखी मंडल की ओर से 16वां श्री श्याम महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को शाम 6 बजे श्री रामलीला मैदान में होगा। इसमें भजन गायक केशव मधुकर एवं उनकी टीम भजन संध्या, आकर्षक नृत्य नाटिका, गजरा, भव्य श्रृंगार, स्वचालित झांकियां, 56 भोग, महा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नानी बाई का मायरा भी आकर्षण का केंद्र होगा।

पांच माह की मासूम का हुआ पोस्टमार्टम

हल्द्वानी : गुरुवार को मोर्चरी में पांच महीने के मासूम का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार रुद्रपुर के रंपुरा निवासी एक युवती सिडकुल में काम करती थी। जहां पर उसका एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जिस कारण युवती पांच महीने की गर्भवती हो गई। कोर्ट के आदेश पर युवती ने एसटीएच में आपरेशन कराकर पांच माह के मृत मासूम को जन्म दिया। इसके बाद मासूम के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

एसटीएच में भर्ती दोनों मरीज की हालत स्थिर

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में अल्मोड़ा सड़क हादसे के दो घायलों का उपचार चल रहा है। दोनों ही घायलों को उपचार मेडिसन आईसीयू विभाग में चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार रमेश रावत उम्र 41 साल और अंजलि उम्र 20 साल को सोमवार को अस्पताल में लाया गया था। दोनों ही मरीजों को लेकर डॉक्टरों का कहना है कि उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। इसके अलावा अस्पताल से अन्य बाकी के मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा चुका है।

पेंशन जागरूकता शिविर 14 नवंबर को

हल्द्वानी : कोषागार की ओर से 14 नवंबर को नगर निगम सभागार में सुबह 11 बजे पेंशन जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में पेंशनर्स को ऑनलाइन जीवन प्रमाणन देने, मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए ऑनलाइन जीवन प्रमाणन, स्टेट ग्रुप हेल्थ स्कीम गोल्डन कार्ड, पुनरीक्षण पेंशन व अन्य जानकारियां दी जाएंगी। कोषागार अधिकारियों ने पेंशनर्स को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

शिविर में हुई नेत्र जांच

हल्द्वानी : जेके पुरम में वार्ड 52 के पार्षद प्रतिनिधि अनुज भट्ट, उमेश बिनवाल और प्रभु नेत्रालय के सहयोग से नेत्र जांच कैंप का आयोजन हुआ। इस कैंप में हजारों लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। उमेश बिनवाल ने कहा कि ऐसे शिविर से गरीब असहाय लोगों को सुविधापूर्ण तरीके से लाभ पहुंचता है। अनुज भट्ट ने लोगों से ऐसे निशुल्क शिविरों में प्रतिभाग करने के लिए लोगों से अपील की।

हैड़ाखान का सफर : कहीं पहाड़ी दरक रही तो कहीं पर सड़क

काठगोदाम-हैड़ाखान मार्ग तीन किमी तक अभी भी खराब, नई सड़क का प्रस्ताव वन विभाग में अनुमति के लिए अटका

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : काठगोदाम से हैड़ाखान जाने वाले मार्ग पर तीन किमी पर हालात अभी भी वैसे ही बने हुए हैं। सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से धंस गया है और पहाड़ी अभी भी दरक रही है। इस वजह से वाहन चालकों को जान को खतरे में डालकर ध्वस्त हुए हिस्से को पार करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग के पास नई सड़क बनाने की जिम्मेदारी है लेकिन नई सड़क के लिये भूमि का प्रस्ताव वन विभाग में अटका हुआ है।

वर्ष 2022 के नवंबर में हल्द्वानी में भूकंप के बाद सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से दरक गया था। सड़क का 300 मीटर हिस्सा भू-स्खलन प्रभावित हो गया। इसके बाद सड़क को बंद करवा दिया गया और लोगों को किमी तीन से करीब एक किमी की पहाड़ी चढ़कर पक्की सड़क मिलती थी। इसके बाद वे पसौली, हैड़ाखान, खनस्यू, चंपावत आदि के लिये सफर करते थे। बाद में किसी तरह सड़क को खोल दिया गया लेकिन लोगों को भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से होकर ही जाना पड़ता है। करीब 200 गांवों के लोग हल्द्वानी आने के लिये इसी सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बार मानसून की बारिश में यह सड़क करीब पांच बार बंद हुई थी। बारिश के अलावा सामान्य दिनों में भी सड़क पर पहाड़ी से पत्थर और मलबा गिरता रहता है। भूस्खलन वाली पहाड़ी कमजोर हो चुकी है। पहले तो प्रशासन ने इसी सड़क को सही करने पर विचार किया था लेकिन जब बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन समेत अन्य संस्थाओं से पहाड़ी का सर्वे कराया तो पता चला कि अब इस सड़क को सही करना संभव नहीं है। ऐसे में पास ही से नई रोड बनाने के प्रस्ताव पर विचार हुआ। वन विभाग की मानें तो नई सड़क निर्माण में 418 हरे पेड़ों पर आरी चलेगी और 10 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि का हस्तांतरण होगा। इसके बाद ही नई सड़क बन पायेगी। वन विभाग में लोनिवि ने प्रस्ताव भेजा था लेकिन वन विभाग ने लोनिवि को प्रस्ताव को पूरी तरह से नकार दिया। इसके बाद दोबारा संशोधित करके प्रस्ताव भेजा गया है। अब प्रस्ताव को भेजे हुये करीब चार माह का समय हो गया है लेकिन प्रस्ताव ठंडे बस्ते में अटका हुआ है। ग्रामीणों को इंतजार है कि प्रस्ताव पर मंजूरी मिले तो हजारों लोगों को जान को जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े।

हैड़ाखान की रोड जिस पर हर समय मलबा आने का खतरा बना हुआ है। ● अमृत विचार

जमरानी बांध प्रोजेक्ट से लेकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क

हल्द्वानी : जमरानी बांध प्रोजेक्ट के लिये काम तेजी के साथ चल रहा है। इस परियोजाना के लिये काठगोदाम से हैड़ाखान सड़क पर ही ज्यादा आवागमन होगा। ऐसे में नई सड़क को समय पर बनाना बहुत जरूरी है। साथ ही इस सड़क का सामरिक दृष्टि से भी महत्व है। यह सड़क आगे शहरफाटक तक जाती है। जहां से चीन सीमा तक पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा इस सड़क से जुड़े करीब 200 गांवों के कई लोग नौकरी, रोजगार, पढ़ाई, स्वास्थ्य सेवायें, बाजार आदि के लिये हल्द्वानी आते हैं। नैनीताल दुग्ध संघ के अनुसार इस सड़क पर बसे कई ग्रामीणों की आय का प्रमुख जरिया दुग्ध उत्पादन है और गांवों से दूध लाने के लिये सड़क का बनना जरूरी है। जब सड़क बंद होती है तब ग्रामीणों से दूध लेना भी बंद हो जाता है।

हैड़ाखान जाने वाली सड़क का हाल। ● अमृत विचार

हैड़ाखान सड़क पर इस तरह मलबा आया हुआ है। ● अमृत विचार

वन विभाग में हल्द्वानी से हैड़ाखान मार्ग पर ध्वस्त हुई सड़क की जगह नई सड़क के लिये प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद आगे का काम तेजी के साथ किया जाएगा। **-मनोज पांडे**, ईई, लोनिवि, भीमताल खंड

उड़ते रहते हैं धूल के गुबार

हल्द्वानी : जिस 300 मीटर के हिस्से में सड़क ध्वस्त है, वहां हर समय धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। बारिश के समय यहां कीचड़ हो जाती है। जब दो बड़े वाहन आमने-सामने आते हैं तो वाहनों को रोक-रोककर ले जाना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन मलबे वाली जगह पर गिर जाते हैं।

लोनिवि ने कुसुमखेड़ा व नरीमन चौक पर लगाए लाल निशान

तैयारी

- **प्रशासन व लोनिवि की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण, दो दिन में अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन व लोनिवि की संयुक्त टीम ने गुरुवार को कुसुमखेड़ा व नरीमन चौक का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर अतिक्रमण पर लाल निशान लगाए गए और अतिक्रमणकारियों को दो दिन में अवैध निर्माण स्वयं हटाने के निर्देश दिए।

एसडीएम परितोष वर्मा और लोनिवि ईई अशोक चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम नरीमन चौक पहुंची। टीम ने सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे दुकानें, भवनों पर लाल निशान लगाना शुरू किए। इस बीच लोगों ने आपत्ति जताई तो एसडीएम ने सख्ती दिखाई। उन्होंने चेतावनी दी कि दो दिनों के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटा लें वरना प्रशासन जेसीबी से ध्वस्त करवा देगा। इसके बाद टीम कुसुमखेड़ा पहुंची। टीम ने हनुमान मंदिर के समीप और आसपास के भवनों में लाल निशान लगाए। लोनिवि यहां पर सड़क चौड़ीकरण कर रहा है, इसमें चौड़ीकरण की जद में आ रहे भवनों को चिन्हित किया गया है। इसी क्रम में हनुमान मंदिर व आसपास के भवनों पर लाल निशान लगाए गए। ईई चौधरी ने बताया कि दीपावली से पूर्व लोगों से स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के लिये कहा था हालांकि अब लोनिवि ही अतिक्रमण ढहाएगा।

अभिलेखों की जांच करते एसडीएम परितोष वर्मा व तहसीलदार सचिन कुमार।

पानी के बढ़े बिलों को लेकर राहत की उम्मीद

हल्द्वानी: बढ़े हुए बिलों को लेकर तल्ली हल्द्वानी के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

तल्ली हल्द्वानी में जून 2023 तक जल संस्थान की ओर से पेयजल आपूर्ति की जाती थी इसके बाद यहां करीब दो हजार परिवारों को पेयजल निगम वर्ल्ड बैंक शाखा की ओर से पेयजल आपूर्ति कराई गई लेकिन जब उपभोक्ताओं के बिल आए तो बिल अधिक आने पर उपभोक्ता बिल जमा नहीं करने पर अड़ गए। इसके बाद जांच हुई तो मीटरों में हवा भरने और दो कनेक्शनों से पानी लेने जैसे मामले सामने आए। इसके बाद उपभोक्ताओं की मांग पर विभाग ने मुख्यालय रिपोर्ट बनाकर भेजी। एई वाईएस रावत इस पर राहत मिलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि लगभग 150 उपभोक्ताओं के बिल सर्वाधिक हैं उन्हें कुछ फीसदी तक राहत मिल सकती है।

एसीएफ ने पति और ससुरालियों के खिलाफ लिखाया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

महिला हिंसा

- **दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप, ससुराल में रहकर पिता की मदद से दी लोक सेवा आयोग की परीक्षा**

अमृत विचार : राज्य में तैनात सहायक वन संरक्षक ने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पिता की मदद से उसने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा दी और सहायक वन संरक्षक बनी। बावजूद इसके ससुरालियों का लोभ कम नहीं हुआ। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में हल्द्वानी निवासी महिला ने लिखा, उसकी शादी वर्ष 2015 में अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति से हुई थी। आरोप है कि मायके से ससुराल पहुंचते ही उसे कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया और उसके सारे गहने कब्जा लिए। पति आए दिन शराब पीकर आता और पीटता। ससुराली भी पति का साथ देते और प्रताड़ना से बचने के लिए मायके से 5 लाख रुपये लाने को कहते। पति अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाता और मना करने पर पीटता। गर्भावस्था के दौरान भी उसे प्रताड़ित किया। पीड़िता प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहती थी, लेकिन पति राजी नहीं हुआ। पिता की मदद से उसने कोचिंग कर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक वन संरक्षक की परीक्षा दी और चयन भी हुआ। हालांकि ससुरालियों ने इस शर्त पर ट्रेनिंग पर जाने दिया कि वह सारा वेतन पति को देगी। पीड़िता ट्रेनिंग से लौटी तो दबाव बनाकर ससुरालियों ने कार खरीदवाई और देवर व उसके परिवार का भी खर्च उठाने का दवाब बनाया। पति चोरी-छिपे बनाए अंतरंग वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। डर कर पीड़िता अपने रिश्तेदारों के घर चली गई। अपने गहने व कार मांगी तो ससुराली आगबबुला हो गए। उल्टा नई कार मांगने लगे। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति, ससुर, ननद और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नहीं सुलझी धीरज की मौत की गुत्थी, आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा निवासी महेश सिंह बिष्ट पुत्र मोहन सिंह बिष्ट ने 27 अक्टूबर 2018 को काठगोदाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उनका कहना था कि 27 अक्टूबर को उनका 22 वर्षीय भतीजा धीरज सिंह बिष्ट पुत्र हर सिंह बिष्ट घर से कोचिंग के लिए निकला था। आरोप था कि बाइक सवार धीरज पनचक्की के पास पिकअप ने अपनी चपेट में ले लिया और उसकी मौत हो गई। पिकअप नंबर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो पाया कि पिकअप को हरिपुर कर्नल भोटियापड़ाव निवासी हरजीत सिंह पुत्र परमजीत सिंह आहूजा चला रहा था। मामला प्रथम अपर सिविल कोर्ट में पहुंचा। छह साल तक मुकदमा चला। मृतक की ओर से नौ गवाह पेश किए गए, लेकिन प्रत्यक्षदर्शी गवाह एक भी नहीं था। हरजीत के खिलाफ एक भी ठोस सुबूत नहीं मिला तो कोर्ट ने उसे संदेह के लाभ के आधार पर बरी कर दिया। हालांकि पुलिस की जांच से यह साफ है कि हादसा हुआ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी ने इसका समर्थन किया। बावजूद इसके धीरज के मौत की गुत्थी अनसुलझी रह गई।

रानीबाग में बनेगा सीवरेज सिस्टम

अच्छी खबर

संवाददाता हल्द्वानी

- **ढलान क्षेत्र में पंपिंग स्टेशन से मुख्य लाइन तक पहुंचेगा सीवर**

अमृत विचार: रानीबाग से लेकर काठगोदाम को जल्द ही सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। जल निगम यहां सात सीवर लाइन बिछाकर क्षेत्र में बह रहे सीवर को लाइनों के माध्यम से एसटीपी तक पहुंचाएगा। गौला बैराज के पास विभाग एक पंपिग स्टेशन बनाकर सीवर लाइन को नरीमन के पास ढलान वाली लाइन में जोड़ेगा। इससे क्षेत्र के उडुपीवाला रेस्टोरेंट क्षेत्र, गुलाबघाटी, नरीमन तिराहा, गौला बैराज और कॉलटैक्स क्षेत्र में खुले में बह रहे सीवर से निजात मिलेगा।

रानीबाग से काठगोदाम क्षेत्र को सीवर योजना से जोड़ने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा था। इसे लेकर मार्च में स्वीकृति मिल गई है। दीपावली के बाद कार्य शुरू करने की तैयारी है। **-एके कटारिया**, अधिशासी अभियंता, पेयजल निर्माण निगम हल्द्वानी।

दीपावली के बाद जल निगम ने सीवर लाइन बिछाने के कार्यों को लेकर योजना तैयार की है इसके तहत जल्द ही रानीबाग गुलाब घाटी से कॉलटैक्स तक का क्षेत्र सीवर लाइन से जुड़ेगा। इससे खुले में सड़कों पर नाली का पानी बहने की समस्या से निजात मिलेगा। इससे लगभग क्षेत्र के 15 हजार परिवारों को योजना का लाभ मिलेगा। विभाग के अनुसार 14 करोड़ की लागत से सात किमी सीवर लाइन बिछाने के साथ योजना के तहत गौला बैराज क्षेत्र में पंपिग स्टेशन बनाया जाएगा। इससे पंप करके गौला नदी की तरफ ढाल वाले क्षेत्र के सीवर को नरीमन चौराहे पर लाया जाएगा। वहां से ढलान वाली मेन लाइन में जोड़कर सीवर को गौलापार एसटीपी पहुंचाया जाएगा। इससे पूरे क्षेत्र में खुले में बह रहे सीवर के पानी से निजात मिल सकेगा। योजना की स्वीकृति मार्च में मिलने के बाद नवंबर के तीसरे सप्ताह से कार्य शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

ई-रिट पोर्टल से बचेगी पुलिस की भाग-दौड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

सुविधा

- **देहरादून और हरिद्वार में ई-रिट पोर्टल इस्तेमाल कर रही पुलिस**
- **तीसरे चरण में पूरे प्रदेश में लागू की गई ई-रिट पोर्टल की व्यवस्था**

अमृत विचार : पुलिस को अब कोर्ट के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ऑनलाइन ई-रिट पोर्टल की व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है। देहरादून और हरिद्वार पुलिस पहले से ही इस पोर्टल का इस्तेमाल कर रही है। इसके इस्तेमाल से पुलिस ने न सिर्फ समय बचाया बल्कि करोड़ों रुपये की बचत भी की।

डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य में पुलिस ने ऑनलाइन ई-रिट पोर्टल से प्रतिवेदन पत्र दाखिल करने की सुविधा का विस्तार किया है। इसका उद्देश्य पुलिस कर्मियों को काम में सहूलियत देना और न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शिता व गतिशील बनाना है। पहले चरण में यह सुविधा देहरादून और दूसरे चरण में हरिद्वार में लागू की गई। यह सुविधा अब सभी जिलों के लिए उपलब्ध है। इससे पुलिसकर्मी ई-रिट पोर्टल का उपयोग कर हाईकोर्ट में प्रतिवेदन पत्र दायर कर सकते हैं। जुलाई 2023 से सितंबर 2024 तक पुलिस ने ई-रिट पोर्टल का इस्तेमाल करते हुए लगभग 1257 प्रतिशपथ पत्र उच्च न्यायालय में दायर किए। इस प्रक्रिया से लगभग 21,36,900 रुपये की बचत की गई। यह रुपया दैनिक यात्रा भत्तों के रूप में खर्च होता था। एक विवेचक को सामान्यतः हाईकोर्ट में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने में 3 दिन लगते थे। नई व्यवस्था से पुलिस कर्मी केस संबंधी दस्तावेज सीधे ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इससे वे अपनी ड्यूटी के दौरान समय की बचत करेंगे। एक विवेचक को औसतन तीन हजार रुपये प्रतिदिन वेतन मिलता है। इस तरह 1257 प्रतिशपथ पत्र ऑनलाइन दाखिल करने से लगभग 1.13 करोड़ का व्यय कम हुआ। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि सभी पुलिस अधिकारी ई-रिट पोर्टल की प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी और सुगम बनाए रखने में पूरी भूमिका निभाएं। सभी थानों में कर्मियों को इस प्रणाली का प्रयोग करने के लिए जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

ई-रिट पोर्टल की विशेषताएं

1. **ऑनलाइन प्रक्रिया :** पुलिस कर्मियों को अब प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए कोर्ट आने की आवश्यकता नहीं है। वह थाने से ही ई-रिट पोर्टल के माध्यम से दस्तावेज दायर कर सकते हैं, जिससे उनकी ड्यूटी में व्यवधान कम होता है।
2. **समय एवं संसाधनों की बचत :** ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पुलिसकर्मी अब लंबी यात्राओं और कागजी दस्तावेजों की आवश्यकता से मुक्त हो गए हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।
3. **पारदर्शिता और दक्षता :** ई-रिट पोर्टल से पुलिस विभाग में केस की स्थिति की नियमित जानकारी उपलब्ध होती है, जिससे कार्य में पारदर्शिता एवं दक्षता बनी रहेगी।

हाल-बेहाल वन विभाग ने खनन तैयारियों को साढ़े चार करोड़ का प्रस्ताव मुख्यालय भेजकर की बजट की मांग

खजाना भरने वाली गौला में खनन की तैयारी को जेब खाली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सरकार का हर साल खजाना भरने वाली गौला नदी में खनन की तैयारियों के लिए वन विभाग के पास बजट नहीं है। इसके पीछे वजह रोड टैक्स 50 पैसे प्रति क्विंटल से घटाकर 15 पैसे होना माना जा रहा है। राज्य गठन के बाद यह पहली बार हुआ है जब तैयारियों के लिए वन मुख्यालय से बजट मांगा गया है। बजट मिलने के बाद तैयारियां पूरी होने पर ही नदी में खनन शुरू होगा। फिलहाल गौला नदी में खनन शुरू होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

गौला नदी में 11 उपखनिज निकासी गेटों से 7452 वाहनों से खनन होता है। खनन से हर साल सरकार को डेढ़-दो सौ करोड़ की आमदनी होती है। वन विभाग गौला नदी में खनन से पूर्व तैयारियां करता है। इनमें सीमांकन पिलर्स व तटबंध बनाने, खनन वाहनों की आवाजाही के लिए गेटों पर रैंप व नदी में रास्ता बनाने, 11 गेटों पर 32 कंप्यूटर्स व स्टाफ की नियुक्ति, खोदी हुई खाई का भरान, अवैध खनन की रोकथाम के लिए गश्ती दल की नियुक्ति वगैरह की जाती है। इसमें पहले तीन-चार करोड़ का खर्च होता था, जो अब बढ़कर चार से साढ़े चार करोड़ तक पहुंच गया है। इसका खर्च नदी में खनन से मिलने वाले रोड टैक्स से किया जाता है। पूर्व में 50 पैसे प्रति क्विंटल रोड टैक्स लिया जाता था लेकिन दो साल पूर्व सरकार ने एक प्रदेश एक रॉयल्टी की मांग पर रोड टैक्स 50 पैसे से घटाकर 15 पैसे कर दिया था। इस वजह से वन विभाग को तैयारियों के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिल पा रहा है। एक तिहाई से भी कम बजट मिलने से वन विभाग के सामने तैयारियों के लिए आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

रोड टैक्स घटा तो यह हुई कमाई

वन विभाग के अनुसार प्रति क्विंटल 15 पैसे रोड टैक्स वसूला जाता है। इस रकम को गौला नदी में खनन की तैयारियों में खर्च किया जाता है। पिछले खनन सत्र वर्ष 2023-24 में वन विभाग को लगभग 1.13 करोड़ रुपया मिला जबकि यदि 50 पैसे के हिसाब से वसूली होती तो 3.78 करोड़ रुपया मिलता। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 95.90 लाख टैक्स मिला जो एक करोड़ का आंकड़ा भी नहीं छू सका। राजस्व में लगातार कमी की वजह से वन विभाग को बजट के लिए प्रस्ताव भेजना पड़ा है।

गौला में खनन की तैयारियों को लेकर प्रस्ताव मुख्यालय को भेजकर बजट मांगा गया है। वन डिवीजन के पास जो भी बजट है, फिलहाल उसी से काम शुरू करा दिया गया है। रोड टैक्स 50 पैसे से 15 पैसे होने से आमदनी पर असर हुआ है। **-हिमांशु बागरी**, डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी

बीएसएनएल टावर चालू किए जाएं : कैड़ा

हल्द्वानी, अमृत विचार : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने दूरस्थ क्षेत्रों में लगे बीएसएनएल टॉवर्स को चालू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ओखलकांडा, धारी, भीमताल व रामगढ़ के कई गांव में संचार व्यवस्था नहीं थी। इसके बाद बीएसएनएल की ओर से भीमताल के दूरस्थ क्षेत्रों कौन्ता, ककोड़, पटरानी, डालकन्या, कुंडल, चमोली, गाजा, ककोड़ गाजा, अधोड़ा, डुगरी, अमजड़, पदमपुर, सुवाकोट, धैना, कूकना, कटना, हैड़ाखान, स्यूडा, पनियाबौर, पस्तौला, दुदली, अमदो, सुयालगाड़ में टॉवर लगाए गए लेकिन अभी तक कनेक्टिविटी सुचारू नहीं हो सकी है। इसकी वजह से ये टॉवर शोपीस बने हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों से से जल्द कनेक्टिविटी चालू करने की मांग की है।

खूपी गांव के 18 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर करें शिफ्ट

डीएम वंदना सिंह ने आपदाग्रस्त गांव का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए पुनः सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

दौरा

- कहा, प्रभावितों को भूमि उपलब्ध कराने व विस्थापित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें

संवाददाता, भीमताल/भवाली

खूपी गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह ने गुरुवार को भीमताल विकासखंड के आपदाग्रस्त खूपी गांव का भ्रमण किया। उन्होंने गांव में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए मौके पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

डीएम ने गांव में हो रहे भूधंसाव के कारण खतरे की जद में आये परिवारों की जानकारी लेते हुए प्रभावितों से वार्ता की। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि गांव का पूर्व में ही सर्वे कर लिया गया है। 18 मकान ऐसे हैं, जो तात्कालिक खतरे की जद में हैं। इस पर डीएम ने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए आपदा विस्थापन नीति के तहत 6 माह का मकान किराया उपलब्ध कराते हुए प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान में शिफ्ट किया जाये।

उन्होंने इन परिवारों को नजदीक ग्रामों में जहां भूमि उपलब्ध है, वहां विस्थापित करने के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिये।

कहा कि पूरे गांव का सुरक्षा की दृष्टि से पुनः सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। राजस्व विभाग गांव के प्रत्येक प्रभावित की कुल भूमि जो उनके नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं, उनकी भी रिपोर्ट तैयार करे, ताकि भूमि के बदले भूमि उपलब्ध हो इस प्रकार का भी एक प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाये।

इस संबंध में ग्रामीणों को भी आम सहमति बनानी होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई से गांव में हो रहे भूधंसाव की रोकथाम के लिए 24 लाख की धनराशि से किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, ग्राम प्रधान भूमियाधार अनीता देवी, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, एसडीएम प्रमोद कुमार के अलावा जल संस्थान, विद्युत सिंचाई, पेयजल, लोनिवि आदि विभागों के अधिशासी अभियंता व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सात दिन में सुचारू हो पेयजल की आपूर्ति

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने गांव में क्षतिग्रस्त सिंचाई लाइन की मरम्मत की मांग डीएम के सम्मुख रखी। जिस पर डीएम ने सिंचाई विभाग के ईई को 7 दिन के भीतर पानी की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिये। साथ ही गांव की क्षतिग्रस्त पुरानी पेयजल लाइन की मरम्मत कर ग्रामीणों को 10 दिन में इस लाइन से पेयजल आपूर्ति करने को कहा। वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल टैंक व लाइन निर्माण कार्य को 45 दिन में करने के निर्देश दिये। इसके अलावा भूधंसाव से झुके बिजली के पोलों को ठीक करने, ट्रांसफार्मर लगाने की मांग पर अधिशासी अभियंता विद्युत को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ हो जाएगा। आंगनबाड़ी भवन व जीआईसी भवन की मरम्मत की मांग पर डीएम ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने तत्काल आपदा मद में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिये। डीएम ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव में जो लोग आवास विहीन हैं, उनका आवास योजना के तहत सर्वे कर शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। साथ ही गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की तैनाती के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

बच्चों को धर्म और आध्यात्म का ज्ञान दें

हल्दूचौड़ : गोपीपुरम स्थित शिव मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित नीरज चंद्र त्रिपाठी ने भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से ही भक्त प्रह्लाद के सभी कष्ट दूर हो गये थे।

नीरज चंद्र त्रिपाठी।

पंडित त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में देने से उन्हें जीवन भर उसका स्मरण रहता है। बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान देना चाहिए। इस मौके पर संकीर्तन मंडली के सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जीवन चंद्र भट्ट, गिरीश मठपाल, तारा दत्त पांडे, उमेद सिंह चौहान, शैलेन्द्र प्रसाद, नवीन कफलिया, नरेंद्र सिंह बिष्ट, पंडित गोकुल चंद्र कांडपाल आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

रोवर्स रेंजर्स के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स का 75वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने छात्र-छात्राओं को स्थापना दिवस की बधाई। रोवर्स प्रभारी डॉ. जेपी त्यागी ने रोवर्स रेंजर्स के उद्देश्य एवं उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार ने रोवर्स रेंजर्स में प्रतिभाग करने से भविष्य में होने वाले लाभ से अवगत कराया। रोवर लीडर शौर्य भंडारी तथा रेंजर्स लीडर पूजा मेहरा ने कैंप के अनुभवों को छात्रों के बीच रखा। कार्यक्रम में डॉ. लोतिका अमित, डॉ. सुरेश चन्द्रा, डॉ. ममता जोशी, डॉ. डीएन जोशी आदि मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक लीग अध्यक्ष ने सैनिकों की पीठ थपथपाई

रामनगर : उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर जनरल मोहन लाल असवाल ने गढ़वाल-कुमांऊ मंडल भ्रमण के दौरान सल्ट बस हादसे के बाद राहत व बचाव कार्य के लिए पूर्व सैनिकों की सराहना की। असवाल ने कहा कि भगवान ने हमें ऐसी स्थिति में रखा है कि हम दूसरों की सहायता कर सकते है। हमें अपने समाज को सुव्यवस्थित और सुरक्षित रखना है। कहा कि राज्य स्तर पर उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। इस दौरान कर्नल बख्शी, मेजर नवीन पोखरियाल, भुवन डंगवाल, मंगल सिंह, सतेश्वरी रावत मौजूद रहे।

योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे। ● अमृत विचार

अल्पसंख्यकों को मिले केंद्र व राज्य की योजनाओं का लाभ

नैनीताल : अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे गुरुवार को नैनीताल पहुंचे। उन्होंने राज्य अतिथि गृह में अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों मिले, इसके लिए वर्कशाप या शिविर के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से शिकायतों का निस्तारण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा योजन विभाग के अधिकारियों को रोजगार मेला और कॅरियर काउंसलिंग कराने की बात कही। इस दौरान अपर जिला अधिकारी शिव चरण द्विवेदी, एसपी सिटी हरबंस सिंह, एपीडी चंद्रा फर्त्याल, शहरी विकास से विनोद सिंह जीना, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप कुमार बिष्ट आदि मौजूद रहे।

शहीद पार्क में मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

बस दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

रामनगर : शहीद पार्क लखनपुर में सल्ट बस हादसे में काल कलवित हुए लोगों को याद करते श्रद्धांजलि दी गई। स्थानीय लोगों ने शोकसभा में शामिल होकर दिवंगतों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यहां भाजपा नेता यशपाल सिंह रावत, शुभम उत्तम, भुवन डंगवाल, नीमा मठपाल, आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, राजू रावत मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त सूबेदार धन सिंह राठौर को दी अंतिम विदाई

हल्द्वानी : आठ कुमाऊं से सेवानिवृत्त सूबेदार धन सिंह राठौर को गुरुवार को अंतिम विदाई दी गई। राठौर का बुधवार की सुबह 7 बजे दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। इस खबर से उनके परिवार के साथ ही सेना के अधिकारियों व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। राठौर अपनी ईमानदार छवि के लिए जाने जाते थे। वह देश की रक्षा करने के लिए सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। कड़ी मेहनत से सूबेदार के पद तक पहुंचे और देश सेवा में अपना योगदान दिया। वह अपने पीछे 18 साल के बेटे भानू राठौर और पत्नी को अकेला छोड़ गये हैं। गुरुवार को रानीबाग चित्रशाला घाट में उनकी अंत्येष्टि की गई। अंतिम विदाई देने के लिए सूबेदार मेजर लाल सिंह, कैलाश सिंह बिष्ट, दुर्गा सिंह और कैप्टन कविंद्र सिंह, जीव सिंह, राम सिंह समेत कई ग्रामीण पहुंचे।

डिग्री कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) ने सफाई अभियान चलाया। एनएसएस छात्रों ने कॉलेज परिसर में गाजर घास उखाड़ने के साथ ही झाड़ियों का कटान व साफ-सफाई की। इस दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चन्द्रा, डॉ. ममता जोशी, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. जेपी त्यागी, डॉ. डीएन जोशी, रितेश, अब्दुल सैफी, रजा, पूजा, रजत, दीपक आदि मौजूद रहे।

मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों का अधिवेशन आज

भीमताल : उद्यान विभाग के मिनिस्ट्रियल फेडरेशन की बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। साथ ही 8 नवंबर को होने वाले द्विवार्षिक अधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में चंद्र मोहन पंत, राहुल भट्ट, शिवम साह, बच्ची सिंह जीना, प्रमोद जोशी, संदीप जोशी, हरीश जीना, भुवन, संजय लोहनी, जगत सिंह, पान सिंह, धर्मेंद्र जोशी, खेमराज मौजूद रहे।

दवा फैक्ट्री बचाने को मंत्री और सांसदों से लगाई गुहार

दिल्ली में सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन देते कर्मचारी नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : मोहान स्थित इंडियन मेडिसन फार्मास्युटिकल कार्पोरेशन लिमिटेड आयुर्वेदिक दवाइयों के कारखाने को निजीकरण से बचाने के लिए कर्मचारी नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एवं सांसदों के दरवाजे पर दस्तक देकर गुहार लगाई। ट्रेड यूनियन आईएमपीसीएल कर्मचारी संघ के कर्मचारी नेताओं ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, सांसद अजय भट्ट व अनिल बलूनी को ज्ञापन सौंपकर आईएमपीसीएल को निजीकरण से बचाने की गुहार लगाई।

सभी के द्वारा मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन संघ प्रतिनिधिमंडल को दिया गया। इस दौरान मयंक चौधरी, जयपाल सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह, मो. अब्दुल नईम, हिमांशु सती मौजूद रहे।

आश्रितों को दी आर्थिक सहायता

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सल्ट बस दुर्घटना के घायलों और मृतकों के आश्रितों को गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने आर्थिक सहायता वितरित की। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि बीती चार नवम्बर को कूपी गांव के पास गढ़वाल मोटर्स की बस संख्या यूके12 पीए-0061 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे में 36 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 27 लोग घायल हो गये थे। इनमें 11 लोग रामनगर तहसील के थे।

एसडीएम ने बताया कि मृतकों के आश्रितों को दो लाख रुपये सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि एवं दो लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से दिये गये हैं। जबकि घायलों को सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। रामनगर तहसील के अंतर्गत आश्रितों एवं घायलों को चेक तथा आरटीजीएस के माध्यम से मुआवजा धनराशि दी गई है।

बस दुर्घटना के प्रभावित परिवार को चेक देते तहसीलदार। ● अमृत विचार

करीब 11 आश्रितों को 22 लाख रुपये की धनराशि वितरित की गई है। बताया कि मृतक पंकज रावत पुत्र प्रेम सिंह की आश्रित नीना देवी, रविंद्र रावत पुत्र चरन सिंह की आश्रित बीना रावत गिरीश ढौंडियाल की आश्रित लक्ष्मी देवी, देवेंद्र सिंह नेगी पुत्र गोपाल सिंह की आश्रित रेनू देवी को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से दी गई है।

जबकि सुमन नेगी पत्नी वीरेंद्र सिंह के आश्रित वीरेंद्र सिंह को 4 लाख रुपये की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से दी गई है। इसके अलावा घायल आकाश सिंह पुत्र मनवर सिंह व वीरेंद्र सिंह नेगी पुत्र गोपाल सिंह को एक-एक लाख की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से दी गई है।

सीएम का विरोध करने वालों के खिलाफ दर्ज हो मुकदमा

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाल को सौंपी तहरीर, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, रामनगर

रामनगर में कोतवाल को तहरीर देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आगमन के दौरान उनका विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

गुरुवार को कोतवाल अरुण कुमार सैनी को तहरीर सौंपते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सल्ट बस दुर्घटना के दौरान घायलों का हाल जानने के लिए रामनगर के संयुक्त अस्पताल आये थे। घायलों से मिलकर जैसे ही मुख्यमंत्री लौटने लगे तो प्रोटोकॉल तोड़ते हुए चांद पुत्र तसलीम, फरमान और जावेद ने अपने साथियों के साथ न केवल उनका रास्ता रोका, बल्कि उनके खिलाफ षड्यंत्र के तहत अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनकी गाड़ी पर हाथ मारना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सल्ट बस दुर्घटना में मृतकों एवं घायलों को मदद पहुंचाने के लिए आये मुख्यमंत्री के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। मदन जोशी ने कहा कि कुछ लोग पर्दे के पीछे हैं, उनकी भी जांच कर कार्रवाई की जाए। तहरीर देने वालों में जगमोहन बिष्ट, राकेश अग्रवाल, नवीन करगेती आदि थे।

कार्यशाला में बच्चों ने कविता लेखन की बारीकियां सीखीं

लालकुआं : किताब कौतिक आयोजन समिति व क्रिएटिव उत्तराखंड की ओर से पंतनगर में किताब कौतिक का पहला चरण शुरू हो गया है। इसके तहत चाइल्ड सेक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिंदुखत्ता में आयोजित बाल लेखन कार्यशाला में 4 स्कूलों के लगभग 5 दर्जन बच्चों ने कविता लेखन की बारीकियां सीखीं। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि हरिद्वार से आये साहित्यकार व प्रख्यात रंगकर्मी प्रकाशचंद्र पांडे ने किया। स्कूल की एमडी सुनीता पांडे ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद प्रधानाचार्य एलएम कांडपाल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व की जानकारी देते हुए बच्चों से सक्रिय सहभागिता करने को कहा। बाल प्रहरी के संपादक एवं बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव उदय किरौला ने बताया कि कार्यशाला में प्रत्येक बच्चे की हस्तलिखित पुस्तक तैयार की जाएगी। अभी तक बाल प्रहरी ने देश के 16 राज्यों में 302 व 1038 ऑनलाईन कार्यशालाएं आयोजित की हैं। संयोजक हेम पंत ने कहा कि किताब कौतिक में जहां देश-विदेश के प्रमुख साहित्यकारों व लेखकों की पुस्तकें होंगी। वहीं कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे स्थानीय बच्चों की पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगेगी। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक बसंत पांडे, प्रधानाचार्य सुनीता पांडे, उमा पांडे आदि मौजूद रहे।

बाल लेखन कार्यशाला में मौजूद विभिन्न स्कूलों के बच्चे। ● अमृत विचार

बैठक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने वन कर्मियों को दिए निर्देश

गश्त और बाघ चिन्हीकरण कार्य में न हो लापरवाही

- बाघ की मॉनिटरिंग के लिए ट्रैप कैमरे लगाने को कहा

संवाददाता, रामनगर

मृतक महिला के आश्रित को चेक देते निदेशक डॉ. साकेत बडोला। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ढिकुली क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों को देखते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने रेस्क्यू अभियान में जुटे वन कर्मियों की बैठक ली। उन्होंने रात्रि गश्त और बाघ की मॉनिटरिंग के लिए ट्रैप कैमरे लगाने के निर्देश दिये। कहा कि पेट्रोलिंग और बाघ चिन्हीकरण कार्य में लापरवाही न बरती जाये।

उन्होंने वन कर्मियों को क्षेत्र में गश्त आवश्यक रूप से बढ़ाने, बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन की सहायता लेने तथा क्षेत्र में लगाये गये पिंजरे की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। कहा कि ग्रामीणों को जंगल के समीप व जंगल के अंदर न जाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाये। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 309 के समीप स्थित रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को भी सूर्यास्त के बाद सड़क पर न घूमने तथा रिजॉर्ट प्रबंधकों को स्टाफ की सुरक्षा करने के निर्देश देने को कहा। उन्होंने रात में किसी भी प्रकार की आवाजाही को रोकने तथा बाघ की आवाज सुनाई देने या बाघ दिखाई देने पर तुरन्त निकटतम फॉरेस्ट चौकी को सूचना देने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात भी कही।

मृतक महिला के परिजनों को दिया चेक

रामनगर : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बीते दिन बाघ के हमले में मारी गई महिला कौशल्या देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह रावत के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष नियमावली के तहत दी जाने वाली अनुग्रह राशि की अग्रिम धनराशि का चेक प्रदान किया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। इस दौरान उप निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व राहुल मिश्रा, उप प्रभागीय वनाधिकारी बिजरानी अमित कुमार ग्यासीकोटी, राकेश नैनवाल, अशोक खुल्वे, राजेन्द्र छिमवाल, जगदीश छिमवाल आदि मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री ने 200 से अधिक शिक्षकों को बांटे नियुक्ति पत्र

भीमताल, अमृत विचार: जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कुमाऊं मंडल के 200 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति लगातार की जा रही है। जल्द प्रदेश को एलटी स्तर और महाविद्यालय स्तर पर शिक्षक दिए जाएंगे। कहा कि प्रदेश सरकार छात्र संघ चुनाव कराने को तैयार है, जो भी आदेश होगा, सरकार उसे पूरा करेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर की समस्याओं के निदान के लिए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में पुष्कर लाल टम्टा, डीईओ एचबी चंद, मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, दिनेश सांगुड़ी पंकज जोशी मौजूद रहे।

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
CELEBRATING 10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023 SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर पानी के अंदर खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर छठ मय्या की पूजा करतीं व्रतीय महिलाएं। ● अमृत विचार

डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी संतान की सुख समृद्धि

रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का किया जाएगा समापन

संवाददाता हल्द्वानी

अमृत विचार : डूबते सूर्य अर्घ्य देकर छठ व्रतियों ने अपनी संतानों की सुख समृद्धि मांगी। इस दौरान शहर के रामपुर रोड, ट्रांसपोर्ट नगर और वर्कशॉप लाइन आदि स्थलों पर व्रती महिलाओं के अलावा पूर्वी समाज के श्रद्धालुओं की चहल-पहल रही। इस दौरान छठ पूजा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल रौतेला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने संयुक्त रूप से सभी छठ व्रतियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान दिन भर पूजा अर्चना के बाद शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र मांगी।

छठ पूजा सेवा समिति के कोषाध्यक्ष बीरू पंडित ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर दिन में दो बजे से छठी मइया की पूजा की गई इसके बाद डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया है। रात में कोसी भरा जाएगा। जिसमें रात में गन्ने के साथ दीप जलाया जाएगा। इसके बाद घाट पर पूजन करने के बाद दिए और गन्ने को विसर्जित कर दिया जाएगा। इधर शुक्रवार की सुबह चार बजे से छठी मइया की पूजा के बाद सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। इस दौरान छठ पूजा स्थल पर रौनक रही। इस दौरान कृष्णा शाह, उपाध्यक्ष शंकर भगत, कोषाध्यक्ष वीरू पंडित, सह कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शाह, संयुक्त मंत्री जयप्रकाश शाह, राम अवतार, कपिल भगत, रघुनाथ चौधरी, राधेश्याम और राहुल चौधरी समेत व्रती महिलाओं में प्रभा साह, ज्ञानती देवी, मुन्नी देवी, प्रमिला शाह, रागिनी देवी, अनीता देवी, रीता देवी और राधिका देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

सूर्य अस्त के दौरान अर्घ्य देतीं महिला श्रद्धालु और अर्घ्य देने के बाद अपना सूप लेकर घर की ओर जाती श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के लिए खड़ी महिलाएं।

पूजा स्थल पर लोगों को संबोधित करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

राजभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह से मुलाकात करते विधायक बंशीधर भगत।

कालाढूंगी विधायक ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

देहरादून/हल्द्वानी : भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से देहरादून स्थित राजभवन शिष्टाचार मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यपाल को कालाढूंगी में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार एवं राजनीतिक विषयों पर जानकारी दी। कालाढूंगी में पर्यटन गतिविधि विस्तार, भूमि खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाने को भू-कानून एवं डेमोग्राफिक बदलाव के प्रभावों के बारे में भी बताया। भगत ने राज्यपाल से कृषि प्रधान क्षेत्र कोटाबाग के डिग्री कॉलेज में कृषि विषय की महत्ता बताते हुए कृषि विषय शुरू कराने को लेकर वार्ता की।

शिवपुराण में प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास भैरव दत्त गुरुरानी। ● अमृत विचार

42 साल बाद हुआ प्रथम शिव पुराण का आयोजन

हल्द्वानी : मानपुर पश्चिम में 42 साल बाद प्रथम शिव पुराण का आयोजन किया जा रहा है। शिव पुराण में गुरुवार को व्यास भैरव दत्त गुरुरानी ने भक्तों को कथा के सुंदर प्रसंग सुनाए। आयोजकों ने बताया कि इसका प्रथम आयोजन 42 साल पहले हुआ था। दूसरा शिव पुराण 42 साल बाद मानपुर पश्चिम में आयोजित किया गया है। बीते 5 नवंबर से शुरु हुआ शिव पुराण 11 दिन तक चलेगा जिसका समापन 15 नवंबर को होगा। समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तों से शिव पुराण में शामिल होने का अनुरोध किया है।

सात चालान, सात फिटनेस निरस्त और एक बस सीज

हल्द्वानी : परिवहन विभाग ने गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया जिसमें हल्द्वानी नैनीताल मार्ग पर नियम विरुद्ध चलने वाली बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान 15 वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें 7 वाहनों का चालान किया गया और 7 वाहनों का फिटनेस निरस्त किया गया। साथ ही 1 वाहन सीज किया गया। चेकिंग के दौरान बसों में कई कमियां पाई गई। चेकिंग टीम में एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र कुमार, एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह, और आरआई तकनीकी सहित अन्य प्रवर्तन कार्मिक शामिल थे।

वॉलीबॉल में पहाड़पानी की टीम ने मारी बाजी

हल्द्वानी : माज्यूली के ग्रीन पार्क स्टेडियम पोखरा खेत पहाड़पानी में गुरुवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ अंडर-17 की खेल प्रतियोगिताएं हुईं। बालक वर्ग में संजय महतोलिया ने चक्का फेंक में व नैतिक कुमार ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 800 मीटर दौड़ में भावना मेलकानी व 3 हजार मीटर दौड़ में गीता मेलकानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज पहाड़पानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण पूरन चंद्र उपाध्याय और प्रधानाध्यापक व संयोजक हेमचंद जोशी ने किया। संचालन पंकज वर्मा व मेनका पांगती ने किया।

ब्रेन एन्यूरिज्म गंभीर समस्या चिकित्सक की सलाह लें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राजकीय मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग की ओर से लेक्चर थियेटर में नसों के गुब्बारे (एन्यूरिज्म) फटने विषय पर कार्यशाला हुई। विशेषज्ञ ने मामले में तुरंत ही डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी।

डॉ. अमित देवल ने कहा कि ब्रेन एन्यूरिज्म में मस्तिष्क की धमनी की दीवार में गुब्बारा जैसा बनता है। बीमारी में आपातकालीन जीवन रक्षक सर्जरी करनी पड़ती है। जन्मजात कमजोरी, एथेरोस्क्लेरोसिस (धमनियों में फैटी पदार्थ जमा होना) अथवा धमनी में जीवाणु या फंगल इंफेक्शन की वजह से ब्रेन एन्यूरिज्म होता है। ब्रेन एन्यूरिज्म अक्सर तने पर लटके हुए बेरी जैसा दिखता है। ब्रेन एन्यूरिज्म में रिसाव हो सकता है या यह फट सकता है, जिससे मस्तिष्क में रक्तस्राव हो सकता है। बिना फटे भी ब्रेन एन्यूरिज्म होने पर मरीज में भयानक सिर दर्द, दृष्टि में बदलाव, आंख के ऊपर या पीछे दर्द, सुन्न होना या चेहरे के एक तरफ कमजोरी, बोलने में कठिनाई होती है। गंभीर मामलों में ब्रेन एन्यूरिज्म की सर्जरी की जरूरत होती है एसटीएच में रीढ़ की हड्डी के ट्यूमर का ऑपरेशन सफलापूर्वक होते हैं। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से ठीक हो जाता है। कार्यशाला में डॉ. आरजी नौटियाल, डॉ. उषा जोशी, डॉ. एचएस पांडे, डॉ. अभिषेक राज, डॉ. अजय, डॉ. बसंत जोशी रहे।

तीन दिनी जोहार महोत्सव आज से

हल्द्वानी,अमृत विचार: जोहार सांस्कृतिक एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एमबी इंटर कॉलेज मैदान में बृहस्पतिवार से 15वां जोहार महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

अध्यक्ष बीएस पांगती ने प्रेस वार्ता में बताया कि गुरुवार को जोहार मिलन केंद्र से महोत्सव स्थल तक पारंपरिक झांकी होगी। इसके अलावा शौका महिलाओं और पुरुषों के साथ बच्चे भी हिस्सा लेंगे। वहीं 9 नवंबर शुक्रवार को जोहारी शौका व्यंजन प्रतियोगिता होगी। इसके बाद शौका समाज के पहनावे और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होंगे। अंतिम दिवस पर चित्रकला सामान्य ज्ञान और बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के अलावा लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

अब डाकिया बनाएंगे जीवन प्रमाण पत्र

संवाददाता हल्द्वानी

अमृत विचार: पेंशनभोगी बुजुर्ग अब एक क्लिक पर घर पर जीवन प्रमाणपत्र बनवा सकेंगे। डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की ओर से पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के लिए का विशेष अभियान शुरू किया गया है। प्रमाणन में डाकिए उनकी सहायता करेंगे।

घर से बाहर आवाजाही करने में परेशान होने वाले बुजुर्गों के लिए डाक विभाग घर पर ही जीवन प्रमाणपत्र की सुविधा देने जा रहा है। इसके तहत डाकिया पर आकर उनका प्रमाणपत्र बनाएगा। इसके लिए एक से 30 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया गया है जिसमें इसके तहत शहर के प्रधान डाकघर में भी स्थापित जीवन प्रमाण पत्र केंद्र पर भी यह सुविधा दी जा रही है। इसके लिए परिमंडल स्तर पर पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ समझौता भी किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग के पोस्ट इंफो एप के माध्यम से भी डोर स्टेप सुविधा के लिए आवेदन किया जा सकता है। यह सेवा आधार सक्षम बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित है, जो कि वृद्ध पेंशनभोगियों के लाभ के लिए है। इसमें उन्हें पेंशन वितरण एजेंसी के कार्यालय में जाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। पेंशनभोगी को डाक सेवक या डाकिए से संपर्क करना होगा जिसके बाद पेंशनभोगी को नवंबर माह के अंत तक यह सुविधा डाक विभाग के माध्यम से घर पर मिल सकेगी।

> घर पर ही पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा विभाग की ओर से दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए नवंबर माह के अंत तक नजदीकी डाकघर या डाकिए से संपर्क कर सकते हैं। **-गौरव जोशी**
> डाकपाल, प्रधान डाकघर हल्द्वानी

पूर्व सैनिकों ने दी मार्चूला हादसे में हताहत लोगों को श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सैनिक जन मिलन केंद्र में पूर्व सैनिकों ने मार्चूला बस हादसे में हताहत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। यहां आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर जनरल एमएल असवाल गुरुवार ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना। साथ ही पूर्व सैनिकों के साथ हो रहे साइबर फ्रॉड पर चर्चा की।

मे.जनरल असवाल ने पूर्व सैनिकों से एकजुट और समाजिक कार्यों में सदैव आगे रहने का आग्रह किया। साथ ही चार दिन पहले सल्ट के मार्चूला में हुई बस दुर्घटना में हताहत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक के देवांग राठौड़ और उनकी टीम ने डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र भरने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में 22 पूर्व सैनिकों, वीर नारियों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाए गए। लीग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस रौतेला ने बताया कि वर्तमान में पूर्व सैनिकों के साथ फ्रॉड बढ़ गए हैं। जो कि जागरुकता से ही कम हो सकते हैं। कार्यक्रम में मेजर केएस महरा, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, कै.प्रमोद शर्मा रहे।

पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर जनरल एमएल असवाल का स्वागत करते पदाधिकारी।

घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

हल्द्वानी, अमृत विचार : नवीन मंडी कार्यालय में बृहस्पतिवार को चार नवंबर को मार्चूला में बस दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान व्यवसायियों ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के कुशल स्वास्थ्य की कामना की। वहीं आलू फल व्यवसायी एसोसिएशन ने इस भयावह हादसे को लेकर फेसबुक पर गलत पोस्ट करने वाले रामनगर निवासी युवक पर भी कठोर कार्रवाई की मांग की। कहा कि विशेष समुदाय के युवक की ओर से ऐसे अमानवीय कृत्य के लिए उसे दंडित किया जाना चाहिए। इस दौरान एसो अध्यक्ष कैलाश जोशी, महामंत्री दीपक पाठक, जीवन सिंह कार्की, भुवन तिवारी, सज्जाद अली, लक्ष्मीकांत गुप्ता, विपिन दानी, जीवन सिंह और गोपाल सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

एक नजर

अवैध रूप से रेत ले जाते 3 ट्रक पकड़े गए

जसपुर : वन विभाग की टीम ने रात्रि के दौरान अवैध रूप से उप खनिज (रेत) ले जाते तीन वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया। उप प्रभागीय वनाधिकारी जसपुर व वन क्षेत्राधिकारी पतरामपुर (दक्षिणी जसपुर) रेंज के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने रात्रि के दौरान काशीपुर-जसपुर मार्ग पर एनएच- 734 हाईवे पर बिना अभिवहन प्रपत्र के अवैध रूप से उपखनिज रेत का अभिवहन करते तीन वाहनों को पकड़ लिया। वाहनों को पतरामपुर वन रेंज कार्यालय परिसर में खड़ा कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी पतरामपुर ने बताया कि पकड़े गए वाहनों को सीज कर दिया गया है।

प्रीपेड मीटरों का सर्वे बंद करने की मांग

जसपुर : युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जसपुर में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों का सर्वे शुरू कर दिया गया है। उन्होंने प्रीपेड मीटरों के सर्वे का विरोध करते हुए सरकार और विद्युत विभाग से निवेदन किया है कि सर्वे को तुरंत बन्द कराया जाए, अन्यथा भारतीय किसान यूनियन कोई कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होगी।

कुंडेश्वरी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर : कुंडेश्वरी क्षेत्र में बीती देर रात चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद सुबह पीड़ित ने पुलिस को तहरीर को देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है। कुंडेश्वरी निवासी हरीश चन्द्र पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को उसने अपनी बाइक संख्या यूके 18 ए 1445 को रोज की तरह घर के बाहर खड़ा किया था। बताया कि जब वह सुबह घर के बाहर आया तो बाइक अपने स्थान पर नहीं थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की जांच शुरू कर दी है।

7 जुगाड़ वाहन किए सीज

जसपुर : जसपुर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के मद्देनजर अब जुगाड़ वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल ने बताया कि इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने 7 जुगाड़ वाहनों का चालान कर उन्हें सीज कर दिया गया है।

कुख्यात लकड़ी सरगना को भेजा जेल

विगत रात्रि पुलिस की गोली से हुआ था घायल, सरगना पर 50 से अधिक हैं मुकदमे

शिकंजा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः पीपल पड़ाव वन रेंज का सबसे कुख्यात लकड़ी तस्कर को आखिरकार पुलिस ने गोली का जवाब गोली से दे ही दिया। बुधवार की देर रात्रि हुई मुठभेड़ में गिरोह के सरगना के पैर पर गोली लग गई थी। तस्कर का उपचार करने के बाद पुलिस ने उपचार के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

पीपल पड़ाव वन रेंज में आतंक का पर्याय बना लकड़ी तस्कर संगत सिंह उर्फ संघी आखिरकार खुद भी पुलिस की गोली का शिकार हो गया। बुधवार की देर रात्रि 11.40 बजे हुई गदरपुर पुलिस व कुख्यात तस्कर की मुठभेड़ में संघी के पैर में गोली लग गई और घायल अवस्था में उसे रात्रि 12 बजे जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया था। गुरुवार की सुबह पुलिस अभिरक्षा में उपचार कराने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

संघी के आपराधिक इतिहास पर नजर डालें तो संघी का पीपल पड़ाव वन रेंज में इतना आतंक था कि कई बार उसने वन विभाग की दबिश देने वाली टीम पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर भगा दिया था। विगत माह हुए गोलीकांड में जहां वन रेंजर नारायण गौतम सहित दो वन आरक्षी घायल हो गए थे। उसके बाद से गदरपुर पुलिस की टीम संघी के पीछे लग गई थी। हरिपुरा हरसान बाजपुर निवासी संगत सिंह उर्फ संघी के ऊपर लकड़ी तस्करी, जानलेवा हमला करने के 50 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह अपने गिरोह के साथ मिलकर लकड़ी तस्करी का धंधा संचालित करता है। पुलिस की गोली लगने के बाद अब पीपल पड़ाव के जंगल संघी के आतंक से मुक्त हो जाएंगे।

एसएसपी से हाथ जोड़कर माफी मांगता लकड़ी सरगना।

गिरोह के तीन सदस्य जा चुके हैं जेल

रुद्रपुर : पीपल पड़ाव में अपने गिरोह के साथ आतंक मचाने वाले संगत सिंह उर्फ संघी की गिरफ्तारी पुलिस की एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। कारण अपने गैंग के साथ कई बार पुलिस पर गोलियां बरसाने वाले संघी के अलावा अब तक पुलिस दो सक्रिय सदस्यों को जेल भेज चुकी है। जिसमें सर्वजीत उर्फ छब्बी, स्वर्ण सिंह उर्फ सोनू उर्फ चिकना, गुरमीत सिंह उर्फ गेज्जी शामिल हैं।

फरार आरोपियों की शुरू हुई तलाश

रुद्रपुर : वन विभाग की टीम पर गोलीबारी प्रकरण में अब पुलिस नामजद फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। इसमें हरमिंदर सिंह उर्फ हरजिंदर सिंह उर्फ संदीप, कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी, छिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह उर्फ बाबू, सुरेंद्र सिंह उर्फ छेतु, करण सिंह, करन सिंह शामिल हैं। इनकी तलाश के लिए लगातार पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

सड़क हादसे में युवक की मौत

रुद्रपुरः किच्छा हाईवे पर स्कूटी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डायनामाइट कॉलोनी निवासी जयराम ने बताया कि एक नवंबर को उसका 28 वर्षीय बेटा नरेंद्र कुमार अपनी बाइक संख्या यूके-06 यू-6059 से गार्डन सिटी कॉलोनी गया हुआ था। मेन गेट के सामने स्थित एक गार्ड का फोन आया और उसने सड़क हादसे की जानकारी दी। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। सिर से अत्यधिक खून निकलने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को पता चला कि जब बेटा किच्छा हाईवे स्थित कट से बाइक को मोड़ रहा था तभी एक स्कूटी सवार द्वारा टक्कर मारने की बात सामने आई है। शिकायतकर्ता ने स्कूटी सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एयरपोर्ट की दीवार तोड़ अंदर घुसा बेकाबू ट्रक

एयरपोर्ट की दीवार तोड़कर अंदर घुसा ट्रक और क्षतिग्रस्त स्कूटी व सामान।

पंतनगरः रुद्रपुर की ओर से आ रहा ट्रक असंतुलित होकर पंतनगर एयरपोर्ट की दीवार तोड़ता हुआ अंदर घुस गया। मौके पर पहुंची पंतनगर थाने की पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को क्रेन से बाहर निकलवाया।

बृहस्पतिवार दोपहर ट्रक सिडकुल की डाबर कंपनी से सामान लोड कर आसाम के लिए निकला था। इसी दौरान पंतनगर एयरपोर्ट के पास आगे चल रही इनोवा कार को ओवरटेक के चक्कर में ट्रक असंतुलित होकर एयरपोर्ट की तोड़ता हुआ अंदर घुस गया। इस हादसे में ट्रक ने स्कूटी सहित एयरपोर्ट का काफी सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। सुरक्षा बल के जवानों ने ट्रक चालक को मौके पर ही दबोच लिया। कर्मियों के अनुसार यात्रियों को लेने आने वाली टैक्सियों के सड़क किनारे आड़ा-तिरछा खड़े रहने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है।

सचिव के साथ हुए दुर्व्यवहार से अधिकारी-कर्मचारी आक्रोशित

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः देहरादून में विद्युत विभाग की सचिव मीनाक्षी सुंदरम के साथ सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में पहुंचकर दुर्व्यवहार करने की घटना से यहां भी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने गुरुवार को दोराहा स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय के सामने दरी बिछाकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही आरोपियों पर कार्रवाई न होने की दशा में आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी।

उनका कहना था कि इस घटना के बाद से कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो तो आठ नवंबर (शुक्रवार) को आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान विरोध में जोरदार नारेबाजी भी की गई। इस मौके पर अवर अभियंता योगेश कुमार व मोहम्मद फरहान, कार्यालय अधीक्षक सीएस पाठक, कपिल अहूजा, सुरेश चंद राय, अजय कुमार, हरकेश सिंह, राम सिंह, देशराज सिंह, देवेंद्र कुमार, किशन सिंह, चंद्र मोहन छाबड़ा, कुलदीप सिंह, राजीव कुमार, प्रशांत सिंह, अशीष कुमार, सहादत हुसैन आदि मौजूद रहे।

काशीपुर : गुरुवार की शाम बाजपुर रोड स्थित विद्युत वितरण खंड पर विभागीय कर्मचारी एकत्र हुए। उन्होंने परिवहन सचिव के साथ एक व्यक्ति की ओर से अभद्रता करने वाले नेता के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मियों ने आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में सुमित गिरी, विपिन राजपूत, चांदी, गुड्डू, रश्मि आदि मौजूद रहे।

दोराहा स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कर्मचारी।

बेटे ने सौतेली मां और मित्र पर लगाया पिता की हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

काशीपुर : कुंडा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी सौतेली मां और उसके मित्र पर अपने पिता की हत्या करने का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू की है ।कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में कि ग्राम कमरुद्दीन नगर थाना शहजाद नगर जिला रामपुर निवासी वेदपाल ने कहा है कि उसके पिता नन्नूमल प्रकाश पाइप फैक्ट्री हरियावाला में ड्राइवरी करते थे। वह ग्राम हरियावाला स्थित राख कॉलोनी में सौतेली मां सविता के साथ किराए के मकान में रहते थे। बीती 31 अक्टूबर 2024 की सुबह करीब पांच बजे उसकी सौतेली मां सविता ने फोन कर पिता की हालत खराब होने की जानकारी दी। उसने अपनी मां, चाचा व अन्य रिश्तेदारों के साथ जाकर देखा, तो उसके पिता की सांसें नहीं चल रही थी। उनका शरीर अकड़ा हुआ था और नाक से खून निकला हुआ था। उसने अपनी सौतेली मां सविता और उसके दोस्त आतिफ ने मिलकर उसके पिता की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या करने के शक में प्राथमिकी पंजीकृत की है।

नशा मुक्ति केंद्र में मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः कुंडा क्षेत्र स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसकी मौत को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है। उधर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

गदरपुर महतोष मोड़ निवासी जितेंद्र सिंह (36) नशा करने का आदी था। वह ड्राइवर था और छह साल पहले ही सऊदी से लौटा था। तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। उसके कोई संतान नहीं है। नशे की लत से परेशान होकर परिजनों ने उसे बीती दो नवंबर को करनपुर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। बुधवार की शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। केंद्र के संचालक उसे लेकर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से जितेंद्र की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। केंद्र संचालक दौरा पड़ने के कारण जितेंद्र की मौत होना बता रहे हैं। जबकि परिजनों का कहना है कि मृतक के शरीर पर नीले निशान थे। उसके साथ ज्यादती होने का अंदेशा जताया गया है।

युवक के खाते से उड़ाए तीन लाख 62 हजार

काशीपुर : साइबर ठगों ने एक युवक को बीमे की रकम जल्दी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना लिया। ठगों ने पीड़ित से तीन लाख 62 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम भगवंतपुर निवासी धनीराम नैलवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके फोन में एक अज्ञात महिला का फोन आया। फोन पर महिला ने कहा कि पचास हजार रुपये जमा करें तो आपका पीएनबी मेटलाइफ का पैसा जोकि आपको 2029 में मिलना है, आपको जल्दी भेज दिया जायेगा। महिला की बात पर विश्वास कर पीड़ित ने 22 अक्टूबर 2024 को 50 हजार रुपये बताये गये खाते में भेज दिये। बताया कि 27 अक्टूबर 2024 को पीड़ित के पास एक और अन्य व्यक्ति का फोन आया। फोन पर बात कर रहे व्यक्ति ने पीड़ित से तीन लाख 12 हजार रुपये की रकम खाते में डलवा ली।

झपट्टा मार गिरोह ने स्कूटी सवार महिला की लूटी चेन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके सब्जी मंडी के समीप बाइक सवार बदमाशों द्वारा स्कूटी सवार महिला से चेन लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड-छह गदरपुर निवासी बीना रानी ने बताया कि 26 अक्टूबर को वह अपने बच्चे की इंसुलिन दवा लेकर रुद्रपुर से गदरपुर की ओर स्कूटी से जा रही थी। इस बीच सब्जी मंडी रुद्रपुर के समीप अचानक हेलमेट लगाए युवक आए और गले में पड़ी सोने की चेन लूटकर फरार हो गये। त्यौहार होने के कारण वह अपनी ननद के यहां चली गई थी।

पीड़िता ने वापस लौटने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। कारण बाइक सवार घटना को अंजाम देकर इंदिरा चौक की ओर भागे थे।

उधर, कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि सब्जी मंडी से लेकर इंदिरा चौक तक के सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जिसमें कुछ संदिग्ध पुलिस की रडार पर आए हैं। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

चिंताजनक हर साल सर्दियों में हिमालयी क्षेत्रों से भोजन की तलाश में तुमड़िया डैम पहुंचते हैं प्रवासी पक्षी, वन्यजीव विशेषज्ञ हो रहे चिंतित

तुमड़िया डैम में इस बार एक माह देरी से पहुंचे सुर्खाब पक्षी

कुंदन बिष्ट/अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

अमृत विचारः हर वर्ष सर्दियों के समय उच्च हिमालीय क्षेत्रों से प्रवासी पक्षी भोजन की तलाश में तराई व उससे सटे वन प्रभागों में पहुंचते हैं, लेकिन इस वर्ष जलाशयों में प्रवासी पक्षी सुर्खाब करीब एक माह की देरी से पहुंचे हैं। वहीं प्रवासी पक्षियों के समय इतने बड़े बदलाव ने वन अधिकारियों व वन्यजीव विशेषज्ञों को भी हैरत डाल दिया है।

हर साल अक्टूबर माह में सुर्खाब समेत तमाम पक्षी भोजन की तलाश में जलाशयों में पहुंचते हैं, लेकिन इस वर्ष प्रवासी पक्षी नवंबर माह में जलाशयों में पहुंचने शुरू हुए हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन को इसका कारण बताया है। उन्होंने बताया कि उच्च हिमालीय क्षेत्र लद्दाख आदि स्थानों के जलाशय जमने के बाद प्रवासी पक्षियों सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर तुमड़िया डैम समेत अन्य जलाशयों में पहुंचते हैं। इस वर्ष जलाशयों के देरी से जमने के चलते पक्षी एक माह देरी से यहां पहुंचे हैं।

काशीपुर के तुमड़िया डैम में अठखेलियां करते सुर्खाब पक्षी। ● अमृत विचार

ये है प्रवासी पक्षियों के आने-जाने का समय

काशीपुर : वन्यजीव विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार, सुर्खाब, वाल कीपर, ब्लैक स्टार्क, पिनटेल, क्विंटल, कार्बोरेंच समेत अन्य प्रवासी पक्षी हर वर्ष अक्टूबर माह में तराई के जलाशयों में पहुंचते हैं। जिसके बाद मार्च माह में पक्षी वापस लौटना शुरू करते हैं।

पक्षियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

काशीपुर : प्रवासी पक्षी तुमड़िया डैम समेत अन्य जलाशयों में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं वन विभाग ने पक्षियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ पक्षियों के शिकार को रोकने के लिए इन जलाशयों और नदियों में वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी है।

"प्रवासी पक्षी एक माह की देरी से तुमड़िया डैम समेत अन्य जलाशयों में पहुंचे हैं। जोकि जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से काफी चिंताजनक हैं।"
-संजय छिम्वाल, वन्यजीव विशेषज्ञ,

"जलवायु परिवर्तन का असर प्रवासी पक्षियों में देखने को मिल रहा है। प्रवासी पक्षी एक माह की देरी से जलाशयों में पहुंचे हैं, अब उनके जाने के समय की मॉनिटरिंग भी जाएगी।"
-संदीप गिरी, एसडीओ, तराई पश्चिमी वनप्रभाग।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम-पंकज सिंह चौधरी-7081828333, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- जनेश्वर प्रसाद-9917778324

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो किएन पीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख	मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि	सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण
1	**श्री बलदेव सिंह**, देवकली सलमाता, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 **श्रीमती किरण**, राजपुर देवकली सलमाता, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000088 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 14,47,564/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खेत संख्या 116/1, एनए, ग्राम बिदौरा, नानकमत्ता, यूएस नगर, कुमार ऑटोव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, प्लॉट क्षेत्रफल-1890, उत्तर में = विक्रेता की भूमि, दक्षिण में = बलवीर सिंह की भूमि, पूरब में = सड़क 25 फीट, पश्चिम में - अमरजीत सिंह की भूमि
2	**श्री चंद्र प्रकाश और श्रीमती रेशम वती, दोनोंः** गांव दोपहरिया किच्छा, किच्छा, ग्रामीण, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000171 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 12,89,803/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खेत नं 363, एनए, गाँव दोपहरिया, बरेली रोड, यू एस नगर, दोपहरिया गाँव, किच्छा, उत्तराखंड, 263148 प्लॉट क्षेत्रफल 1116, उत्तर में = रोड 18, दक्षिण में - खरीदार का प्लॉट, पूरब में = खरीदार की बहन की संपत्ति, पश्चिम में = रोड 20 फीट चौड़ी
3	**श्री नरेंद्र सिंह और श्रीमती सावित्री देवी, दोनोंः** ठाकुरद्वारा, मंदिर, शहरी, ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश, भारत - 244601 खाता नं. UP/UDA/JSHP/A000000152 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 3,39,656/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	गाटा सं. 321, एनए, मोहल्ला नई बस्ती, फतेहउल्लागंज, वार्ड नं. 1, मुरादाबाद जिला, होंडा शोरूम के सामने, ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश-244601 प्लॉट क्षेत्रफल = 561 वर्गफुट, उत्तर में - लाल सिंह का मकान, दक्षिण में =वीरेंद्र सिंह का प्लॉट, पूरब में - 15 फीट रोड, पश्चिम में - महेंद्र का मकान
4	**श्री चरण सिंह और श्रीमती पूनम, दोनोंः** बारा, सितारगंज, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000067 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 24,57,128/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 797, एनए, ग्राम बारा, सितारगंज रोड और अजीत गंज रोड, यूएस नगर, शिव मंदिर और ट्रांस पूर्व चौराहा, किच्छा, उत्तराखंड, 263148, प्लॉट क्षेत्रफल 1852, उत्तर में = कृष्णा पाल का मकान, दक्षिण में = हरीश का मकान, पूरब में - 11 फीट 3 इंच सड़क, पश्चिम में = गली 5 फीट 3 इंच
5	**श्री मोहम्मद हसन और श्रीमती सलमा बी, दोनोंः** मानपुर उत्तरी स्वार रामपुर, सुअर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244924 खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000430 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 19,24,478/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 813, एनए, मानपुर उत्तरी, दरियाल रोड, रामपुर जिला, मानपुर चौक, सुअर, उत्तर प्रदेश-244924, प्लॉट क्षेत्रफल 750, उत्तर में = अजगर का मकान, दक्षिण में = उस्मान की दुकान, पूरब में = 30 फीट रोड सिंह, पश्चिम में = हुस्न की साजिश
6	**श्री दिलेर सिंह और श्रीमती कुलविंदर कौर, दोनोंः** सलमाता, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/HDW/KTMA/A000000126 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 15,41,538/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता संख्या 94, खेत संख्या 132घ, ग्राम बिदौरा, नानकमत्ता, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405, प्लॉट क्षेत्रफल-1470, उत्तर में = अन्य संपत्ति, दक्षिण में =111 फीट सड़क=गुरनाम कौर का खेत, पश्चिम में = निरंजन सिंह का मकान
7	**श्री गोविंद सिंह और श्रीमती मित कौर, दोनोंः** बसगर उधम सिंह नगर, बसगर, ग्रामीण, उदमसिंह नगर, उत्तराखंड, भारत - 263151 खाता नं. UP/HDW/KTMA/A000000115 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 15,39,906/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नं. 36, एनए, ग्राम खमरिया, उपतहसील नानकमत्ता, यू.एस.नगर, केनरा बैंक खमरिया, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311, प्लॉट क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट, उत्तर में = हरदेव सिंह की भूमि, दक्षिण में = दर्शन सिंह का मकान, पूरब में = सड़क, पश्चिम में = जसपाल सिंह का मकान
8	**श्री राजेश आर्य और श्रीमती पूजा राणा, दोनोंः** घुसरी सिसईखेड़ा दोहरा, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000218 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 14,80,964/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता सं. 61, एनए, ग्राम सालमट्टी, सालमट्टा, उपतहसील नानकमत्ता, यूएस नगर, श्री गुरुनानक जूनियर हाई स्कूल के सामने, सितारगंज, उत्तराखंड-262405 प्लॉट क्षेत्रफल = 750 वर्ग फुट, उत्तर में = 25 फीट रोड, दक्षिण में = अन्य संपत्ति, पूरब में =जोशान का गोदाम, पश्चिम में = मुकेश कांडपाल का मकान
9	**श्री बलविंदर सिंह और श्रीमती बलजीत कौर, दोनोंः** सलमाता सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000083 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 13,49,639/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता सं. 180, एनए, ग्राम देवकाली, देवकाली सलमत्ता, नानकमत्ता, गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, प्लॉट क्षेत्रफल 2000, उत्तर में = मुख्तयार सिंह की भूमि, दक्षिण में = जीत सिंह की भूमि, पूरब में = 16 फीट रोड, पश्चिम में = कुलवंत सिंह की संपत्ति
10	**श्री जसपाल सिंह और श्रीमती बलविंदर कौर, दोनोंः** सलामती सितारगंज, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000207 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 13,08,360/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खेत नं. 142, एनए, ग्राम सालमती, नानकमत्ता, यूएस नगर, सलमट्टा, सितारगंज, उत्तराखंड-262311, प्लॉट एरिया 1500, पूरब में - जसबंत सिंह का मकान, ई-हाउस, पश्चिम में - सुमित्रा कौर का मकान, उत्तर में - रोड 16 फीट, दक्षिण में - अंग्रेज सिंह का प्लॉट
11	**श्री लखविंदर सिंह**, खमरिया नानकमत्ता, नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262311 **श्री लक्ष्मी कौर**, बिछुवा नानकमत्ता, नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262311 खाता नं. UP/HDW/KTMA/A000000064 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 11,74,006/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नं. 62, एनए, ग्राम- खमरिया, यूपी तहसील-नानकमत्ता, गुरुद्वारा के पीछे, प्राथमिक विद्यालय खमरिया, सितारगंज, उत्तराखंड-262311, प्लॉट क्षेत्रफल 2800, उत्तर में = अन्य संपत्ति, दक्षिण में = 12 फीट रोड, पूरब में - कुलदीप सिंह का मकान, मलकीत सिंह का मकान
12	**श्री अशर मलिक सी और श्रीमती शमा बी, दोनोंः** वार्ड नं. 09 किच्छा, किच्छा, किच्छा, ग्रामीण, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000122 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 11,04,213/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 266 जीएचए मिन, एनए, गोटिया, सिरौलीकला, बरेली बाईपास रोड फिर इंदिरा नगर कॉलोनी रोड यूएस नगर, सुरेंद्र इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप और जम जम मेडिकल, किच्छा, उत्तराखंड, 263148 प्लॉट क्षेत्रफल, 1011, उत्तर में = मोहम्मद अहमद जीत सिंह से खरीदारी का मकान, दक्षिण में = मुमताज सैफी का मकान, पूरब में - सड़क 12 फीट, पश्चिम में = अन्य का मकान
13	**श्री हिमांशु ओम प्रकाश**, वार्ड नं. 1 जगतपुरा रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153 **श्री ओम प्रकाश**, वार्ड नं. 7 ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153 खाता नं. UP/HDW/RDRP/A000000539 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 4,16,251/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता 00042, गांव कोठा - रमेशपुरम रोड के पास, एलेस्का कॉलोनी, महिंद्रा एंड महिंद्रा के पास बाबूराम क,लोनी के पास लालपुर, चयन, उत्तराखंड -263148, उत्तर में - रोड, दक्षिण में - खुला प्लॉट, पूरब में - खुला प्लॉट, पश्चिम में - घनेंद्र संपत्ति
14	**श्री अमनदीप सिंह और श्री कुलदीप कौर, दोनोंः** दुर्गापुर नं. 2, दिनेशपुर यू.एस. नगर, दिनेश पुर, ग्रामीण, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263160 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000100 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-10-2024	मांग सूचना की तारीख 23-10-2024 बकाया राशि ₹ 1,09,021/- दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 130 मिन, खाता नं. 01251, मौजा चंदायन, वार्ड क्र. 2 मोतीपुर, तहसील-गदरपुर, जिला-उधम सिंह नगर, मौजा चंदायन, पावर हाउस के पास, रुद्रपुर, उत्तराखंड-263130 प्लॉट क्षेत्रफल 1050, उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - रोड, पश्चिम में - गिरधारी लाल की संपत्ति

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 07-11-2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

रुद्रपुर में सूरज के डूबने का इंतजार करतीं व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

काशीपुर में छठ घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय, ओहरे जे बारी छठी मैया...

छठ महापर्व पर घाटों पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब, भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य, अपनी-अपनी वेदियों पर की पूजा अर्चना, जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय, ओहरे जे बारी छठी मैया... भजनों से शहर के छठ घाट गूंज उठे। शाम ढलते ही आस्था का जनसैलाब छठ घाटों पर उमड़ पड़ा। जहां निर्जला व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व की आस्था की डूबकी लगाई और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

गुरुवार की सुबह होते ही शहर में छठ महापर्व की प्रति आस्था व उत्साह देखने को मिला। पूर्वांचल समुदाय का पावन पर्व छठ पूजा को लेकर घरों में ब्रतधारी महिलाएं-पुरुषों ने निर्जला व्रत रखा हुआ था और पूरा दिन छठ महापर्व की तैयारी शुरू होने लगी थी।

शाम ढलते-ढलते शहर के धोबी घाट, पैराडाइज झील, नारायणपुर, अटरिया मार्ग के अलावा शहर के कई स्थानों पर बने छठ घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ने लगा। धोबी घाट पर पूर्वांचल समाज समिति द्वारा भव्य छठ महोत्सव का आयोजन किया।

डूबते सूर्य की लालिमा दिखी तो छठ मईया के उद्घोष के साथ वातावरण गूंज उठा और भोरवे में नदिया नहाइल, उगा हो सुरुज देव अरग के बेर, सात ही गोदवा सुरूद देव जैसे भजनों ने जनसैलाब को आस्था में डुबा दिया। इसके साथ ही समुदाय के लोग अपने अपने घरों की ओर प्रस्थान किए और सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व समाप्त हो जाएगी। जिसका समय शुक्रवार की देर रात्रि बारह बजे तक रहेगा। इस मौके पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, समिति के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, संयोजक दुर्गेश मौर्य, गिरधारी लाल गुप्ता, संजय गुप्ता, उपेंद्र गिरि, लालू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में छठ घाट पर पूजा अर्चना के लिए समाज के लोगों के साथ विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

छठ पूजा की यह है पौराणिक कथा

रुद्रपुर : पौराणिक कथानुसार जब पांडव सारा राजपाट जुए में हार गए थे। तब द्रौपदी ने छठ निर्जला व्रत रखा था। इसी व्रत के कारण पांडवों का राजकाज, मान सम्मान सब कुछ वापस मिल गया था। वहीं दूसरी मान्यता है कि सूर्य की आराधना फलदायी होती है। यदि निसंतान महिलाएं अगर छठ मैया की आराधना करती है और डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं तो संतान प्राप्त के साथ-साथ संतान की दीर्घायु व बेहतर भविष्य का निर्धारण होता है।

समाज में दिखी छुट्टी नहीं होने की टीस

रुद्रपुर। पूर्वांचल समाज समिति ने छठ महोत्सव के दौरान स्थानीय विधायक का आगमन हुआ तो आयोजक द्वारा माइक से यह कहकर अपने मन की टीस बया की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने छठ महापर्व के दिन सीएम से वार्ता कर अवकाश घोषित करवाया था, लेकिन इस वर्ष महज स्कूल की छुट्टी की घोषणा की। जिस कारण समाज के मुखिया नौकरी के कारण महापर्व की तैयारी पूर्ण नहीं कर पाए। जिसको लेकर समाज आहत है।

निवर्तमान मेयर ने किया चेंजिंग रूम का उद्घाटन

रुद्रपुर। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान की गई घोषणा को छठ महापर्व के दिन पूरा किया। गुरुवार को धोबी घाट स्थित छठ घाट पहुंचकर 15 लाख रुपये की लागत से बने चेंजिंग कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शहर का प्रमुख घाट होने के कारण उनके कार्यकाल में यह मुद्दा कई बार उठा था। जिसको ध्यान में रखते हुए कार्यकाल पूर्ण होने से प्रस्ताव बनाकर निविदा निकाल दी गई थी। आगे भी सेवा का मौका मिला तो धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

छठ पर अवकाश घोषित न करना दुर्भाग्यपूर्ण

किच्छा : पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने महापर्व छठ पर अवकाश घोषित न किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। विधायक बेहड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय छठ पर्व पर अवकाश घोषित करने का श्रेय लेने वाले एक भाजपा नेता अपनी सरकार के शासनकाल में अवकाश का आदेश निरस्त होने के बाद मौन हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बड़ी संख्या में पूर्वी समाज के लोग निवास करते हैं, जिनकी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था छठ महापर्व से गहराई से जुड़ी हुई है, लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा छठ पर्व पर अवकाश घोषित न करना निंदनीय है और ऐसा अपेक्षा पूर्ण रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है।

सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

विधायक अरोरा ने की दस लाख देने की घोषणा

रुद्रपुर : धोबी घाट स्थित छठ घाट पर आकर स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने छठ घाट के विस्तारीकरण के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि छठ पर्व पूर्वांचल समाज के लिए हर आस्था रखने वाले समुदाय के लिए महापर्व के समान है। छठ मैया की आराधना करने से जहां सुख समृद्धि का वास होता है। वहीं अपनी-अपनी धार्मिक संस्कृति का बोध होता है। यही कारण है कि उनके द्वारा अटरिया मार्ग स्थित छठ घाट पर जल्द ही प्रस्ताव बनाकर विस्तारीकरण किए जाने का प्रयास किया। ताकि अगले वर्ष आस्था एवं उत्साहपूर्वक महापर्व मनाया जा सके।

महिलाओं ने की सुख समृद्धि की कामना

काशीपुर : छठ पर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं द्वारा अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। सूत मिल छठ पूजा कल्याण समिति कार्यक्रम के आयोजक अमित सिंह ने बताया कि काशीपुर में मुख्य चैती चौराहे महादेव नहर पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि मंगलवार को छठ पूजा की शुरुआत के बाद बुधवार को महिलाओं ने खरना व्रत रखा। गुरुवार की शाम को महिलाओं ने नदी व सरोवर के निकट डूबते सूर्य को अर्घ दिया। इस दौरान सूत मील छठ पूजा कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह राजपूत, अंशू राजपूत, अश्विनी कुमार, किशन गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, बवन सिंह, शंभू सिंह, अशोक मामा, अलका पाल, जितेंद्र सरस्वती, संदीप सहगल, जयसिंह गौतम, हरीश कुमार एडवोकेट समेत कई लोग मौजूद रहे।

दिनेशपुर में छठ स्थल पर पूजा अर्चना करतीं व्रतधारी महिलाएं। ● अमृत विचार

शांतिपुरी में छठ पूजा करने के लिए मंदिरों में बनाए गए कृत्रिम कुंड

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी में धूमधाम से छठ पूजा पर्व मनाया गया। शांतिपुरी क्षेत्र में छठ व्रती महिलाएं अपने-अपने घरों से निकल कर सिर पर प्रसाद की टोकरी रखे नंगे पैर व काचहिं बांस के बहंगिया.., रूनकी झुनकी बेटी मांगीला, पंडितवा दामाद हे छठी मइया... जैसे प्रसिद्ध लोकगीतों को गाते हुए छठ व्रती महिलाएं छठ घाट तक पहुंचीं।

गुरुवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर श्रद्धालुओं ने अपने पति व संतान की मंगल कामना के साथ घर की सुख समृद्धि की कामना की। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी उपासना की जाएगी।

गुरुवार देर शाम श्रद्धालुओं ने गोलगेट नर्मदेश्वर शिवमंदिर, नगला व आनंदपुर में बनाए गए कृत्रिम जलकुंड में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने फल, फूल, गन्ना, गुड़ व घी से बने ठेकुआ और चावल के आटे व गुड़ से बने भूसवा जैसे व्यंजनों के साथ पूजा-अर्चना की। यहां मीरा देवी, सुनीता देवी, गायत्री देवी, गंगा राय, मीना गुप्ता, कविता, द्रोपती देवी, नीलम, शोभा देवी, अनीता, आरती देवी, पूजा, लक्ष्मी देवी, राखी, ममता देवी, अंजू, प्रीती, रेनू देवी, गरिमा सिंह, ज्योति देवी, पीहू, नीलम, सोनाक्षी, मंजू देवी, रजनी देवी, उषा सिंह, पूनम देवी, कलावती देवी, अनीता सिंह, पुष्पा देवी, अंजली राय, कमला देवी, लीलावती देवी, रमिता कुशवाहा, मंजू गुप्ता, इंदु देवी, आरती देवी, मनीषा राय, रागिनी, स्वाति, कृष्णा गुप्ता, धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील रोहिल्ला, अंगद गुप्ता, अनिल शर्मा, अजीत, दीनानाथ सहानी, गुड्डू सोलंकी, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

शांतिपुरी में गोलगेट नर्मदेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में घाट पर उमड़े पूर्वांचल समाज के लोग

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ घाट पर डूबते सूर्य की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने परिवार की सुख- समृद्धि के साथ ही पति की दीर्घायु व संतान की प्राप्ति की कामना की। इस दौरान बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की।

गुरुवार को पूर्वांचल जनजागरण समिति के तत्वावधान में रात्रि 9 बजे से छठ मैया पर जागरण आयोजित किया गया। छठ घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य के बाद शुक्रवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद महिलाएं खीर खाकर व्रत का समापन करेंगी। इस मौके पर नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क, समिति संरक्षक एडवोकेट केएन मिश्रा, समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह व तरुण कुमार सिंह, मनोज राय उर्फ मुन्ना, अनिल मिश्रा, अनिल रौतेला, अध्यक्ष परमानंद चौरसिया, मुकेश कुशवाह, पंडित जगमोहन पंत, प्रेम कनौजिया, वासुदेव यादव, नित्यानंद मिश्रा, दिनेश वर्मा, केडी जोशी, कांचीलाल मंडल, दीपक मक्कड़, रामविलास गुप्ता, अशोक कालड़ा, राहुल बाठला आदि मौजूद रहे।

आस्था | केलवा के घबद पे बैठे सुगना . . .आदि भजन गाए गए, पूजा स्थल के पास बच्चों ने खूब की आतिशबाजी

बाजपुर में लेवड़ा नदी के किनारे रात भर चला भजनों का दौर

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कठिन साधना के महापर्व छठ पूजा न्यू पूर्वांचल महासभा के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। व्रती महिलाओं द्वारा रखे गए 36 घंटे के निर्जला व्रत के 24 घंटे पूर्व होने पर गुरुवार की सायं अस्ताचलगामी (डूबते हुए या अस्त होते) सूर्यदेव को निरंतर प्रवाह में बहने वाले जल में खड़े होकर जलधारा आर्पित की तथा पूरी श्रद्धाभाव से छठ मैया व भगवान भास्कर (सूर्य देव) की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बच्चों ने खूब आतिशबाजी की।

छठ मैया का व्रत धारण करने वाली महिलाएं सूप व टोकरी में दीया, चौमुखी, कपटी, छोटा व बड़ा ढक्कन, फल-फूल, ईख, सेब, केला, अमरूद, अनार, नीबू, नारियल, अदरक, हल्दी, सिंघाड़ा, चना, चावल, ठेकुआ, खाजा और कसार आदि लेकर पूजा स्थल पर चीनी मिल से सटकर गुजर रही लेवड़ा नदी की माइनर नहर पर पहुंची, जहां रात भर छठी मैया गबनै आइली..., केलवा के घबद पे बैठे सुगना, सुगना के बारेला धनुहिया सुगना गइले मुरझाए..., आदि भजनों का गायन करते हुए माता के छोटे-छोटे मठों के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की।

इसके पश्चात सूर्यास्त के दौरान निरंतर प्रवाह में बहने वाले जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। समाज के लोगों ने बताया कि पर्व में दिनचर्या बदल जाती है, सभी लोग बना प्रसाद आसपास में बांट कर खाते हैं। पूजा के बाद घर-आंगन में कोसी भी भरी जाती है। वहीं मन में श्रद्धा लिए कुछ लोगों ने छठ मैया घाट से लेकर अपने घर तक की यात्रा जमीन पर लेट कर पूरी की। बच्चों ने पूजा स्थल के आसपास खूब आतिशबाजी भी की।

बाजपुर में छठ घाट पर सामूहिक पूजा-अर्चना करतीं व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

खटीमा के खिलड़िया में सपरिवार छठ घाट पर जाते लोग। ● अमृत विचार

आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद निर्जला व्रत तोड़ेंगी सुहागिनें

खटीमा : छठ पर्व को लेकर मुख्य आयोजन नगर के संजय रेलवे पार्क स्थित सरोवर पर किया गया। जहां सोहर गाती महिलाओं और पुरुषों ने घाट पर पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य भगवान और छठ मइया की पूजा की। पूर्वांचल की महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं बरी अंजनिया, भिलईया, जमौर, बगुलिया, खिलड़िया, मेलाघाट, वन महोलिया, मोहम्मदपुर भूड़िया, गांगी, मझोला, सरपुड़ा, बग्गा के छठ घाटों को आकर्षक तरीके से सजाया संवारा गया था। इस अवसर पर पूर्वांचल सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील रैदानी, कमला सिंह उदयवीर सिंह, राकेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, विश्वनाथ यादव आदि थे। बुधवार शाम से व्रत रखने वाली सुहागिनें शुक्रवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अपना निर्जला व्रत तोड़ेंगी।

अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पत: ।
सर्वत: सारमादद्यात् अश्मभ्य इव काञ्चनम् ॥

व्यर्थ बोलने वाले ,मंदबुद्धि तथा बे सिर-पैर की बोलने वाले बच्चों से भी सारभूत बातों को ग्रहण कर लेना चाहिए जैसे पत्थरों में से सोने को ग्रहण कर लिया जाता है।

संपादकीय

भारत में जारी बदलाव

विकास के पथ पर अग्रसर भारत दुनिया के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों से हुई मुलाकात में भारत में डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में बदलाव को रेखांकित किया। हालांकि भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकीय दौड़ में चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत विकास और व्यापार के समग्र दृष्टिकोण में सुधार और निवेश के संकेत के साथ आशावादी रूप से बढ़ रही है। भारत का दूरसंचार उद्योग विश्व का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार उद्योग है। भारत विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप परितंत्र के रूप में भी उभरा है। महत्वपूर्ण है कि दुनिया के देशों में भारत के साथ काम करने की इच्छा और भावना है। वास्तव में पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गया है, जिसने भारत की विकास कहानी की गति को बदल दिया है और देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण को तीन प्रमुख स्तंभों के माध्यम से साकार किया जा रहा है: मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, सुलभ सरकारी सेवाएं और सशक्त नागरिक। उभरती हुई प्रौद्योगिकियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। भारत के डिजिटल परिवर्तन की नींव जीवन को आसान बनाने के लिए एक सर्वव्यापी डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में निहित है। यानी नागरिकों को सशक्त बनाना डिजिटल इंडिया का मूल है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत मेक इन इंडिया पहल के ज़रिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए कई अन्य पहलों के साथ-साथ देश में सितंबर 2014 में एक प्रमुख परियोजना 'मेक इन इंडिया' की शुरुआत की।

गौरतलब है कि डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया की परिकल्पना भारतीय नवप्रवर्तकों और व्यापारिक नेताओं के लिए कार्रवाई के आह्वान के रूप में की गई थी। 'मेक इन इंडिया' मुख्यतः निर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है लेकिन इसका उद्देश्य देश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना भी है। इसका दृष्टिकोण निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाना, आधुनिक और कुशल बुनियादी संरचना और सरकार एवं उद्योग के बीच एक साझेदारी का निर्माण करना है। कहा जा सकता है कि ये दोनों पहल भारत को वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनाने में प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

ट्रंप की जीत और भारत के लिए संकेत

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय इतने मजबूत हैं कि कोई भी अमेरिकन राष्ट्रपति भारत को नजरंदाज नहीं कर सकता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति की कुर्सी पर कौन बैठा है और उसका व्यक्तित्व कैसा है, इस पर भी काफी कुछ निर्भर होता है।

दुनिया के सुपर पावर अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप की भारी जीत अपने देश भारत और भारतवासियों के लिए एक अच्छा संकेत है। ट्रंप की जीत से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा खिल गया है और उनके अंदर एक नई शक्ति का संचार होता नजर आ रहा है। मोदी ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने से कितने खुश हैं यह बात उनके द्वारा डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल की फोटोज पोस्ट कर दिए गए बधाई संदेश से साबित होती है। यूं तो भारत अब ऐसी शक्ति बन चुका है कि दुनिया के देशों के लिए उसको नजरअंदाज करना मुश्किल है।

पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के प्रधानंमत्री शी चिनपिंग के बीच पांच साल बाद शिखर वार्ता और वर्षों से विवादित लद्दाख सीमा पर चीन का झुकना इसकी एक झलक मात्र है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ भारत के दोस्ताना संबंध किसी से छुपे नही हैं। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री मोदी के परम मित्र डोनाल्ड ट्रंप का जीतना भारत को वाकई में नई शक्ति प्रदान करेगा। ट्रंप की जीत की सबसे खास बात यह है कि वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परम मित्र होने के साथ-साथ हिन्दुत्व के बहुत बड़े समर्थक और इस्लामिक आतंकवाद के धुर विरोधी हैं। पिछली बार जब वे राष्ट्रपति थे तो उन्होंने कई बार खुलकर सार्वजनिक मंचों पर मोदी से दोस्ती का इजहार किया। हिंदुत्व और यहां की सनातन संस्कृति व लोकतंत्र की प्रशंसा की। साथ ही इस्लामिक आतंकवाद की कड़ी आलोचना करते हुए हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ साथ खड़े रहने का ऐलान किया था, लेकिन पिछली बार ट्रंप की हार के बाद बाइडन के राष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के रिश्तों में पहले जैसी गर्मजोशी और विश्वास कायम नहीं रह सका था।

हालांकि अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय इतने मजबूत हैं कि कोई भी अमेरिकन राष्ट्रपति भारत को नजरंदाज नहीं कर सकता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति की कुर्सी पर कौन बैठा है और उसका व्यक्तित्व कैसा है, इस पर भी काफी कुछ निर्भर होता है। इसीलिए माना जा रहा है कि यूं तो ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस भारतवंशी हैं, वे जीतती तो भारतवंशियों के लिए खुशी की बात होती, लेकिन यहां सवाल नीतियों का भी है। इसीलिए कमला के बजाए ट्रंप भारत के लिए ज्यादा मुफीद हैं। यह बीत दीगर है कि कमला हैरिस को एक अच्छी राजनेता होते हुए भी बाइडन के लचर शासन का खामियाजा उठाना पड़ा। शासन के अंतिम दिनों में तो बाइडन बातें भूलने लगे थे और स्वास्थ्य भी उनका कुछ ठीक नहीं था, जिससे उनकी शासन-प्रशासन पर पकड़ ढीली हो गई थी। यूक्रेन, इजरायल और बांग्लादेश जैसे अहम वैश्विक मामले में भी उनका ढीला रवैया कमला हैरिस पर भारी पड़ा, जबकि आक्रामक रीति-नीति के समर्थक राजनेता ट्रंप बाजी मार ले गए।

पिछली बार हारने के बाद कई मुकदमों से जूझने वाले कमजोर माने जा रहे ट्रंप को दोबारा से इस हमले ने उनके समर्थकों में एक नया जोश भर दिया। हालांकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस एक महिला होने के नाते कई मामलों में उनसे आगे थीं, लेकिन कहते हैं कि अंतत: जीत, जीत ही होती है और जीत की यह बाजी ट्रंप के हाथ लगी। उनकी जीत से जहां दुनिया के आतंकवादी गिरोहों में खौफ पैदा होगा, वहीं भारत के लिए वे आतंकवाद के अलावा कई मामलों में बड़े संबल साबित होंगे। नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही आतंकवाद के धुर विरोधी हैं। वे सख्त फैसले करने के लिए जाने जाते हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध विराम की संभावना बढ़ गई है। भारत को सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य की सीट मिल सकती है।

बाइडन की लचर विदेश नीति का ही परिणाम था कि मजबूरन भारत को अपनी विदेश नीति में हल्का परिवर्तन करना पड़ा और रूस के राष्ट्रपति पुतिन से गहरे रिश्ते बनाने पड़े, जबकि भारत जानता है कि चीन और रूस के बीच गहरे रिश्ते हैं, लेकिन विदेश नीति के जानकारों का मानना है कि ट्रंप राष्ट्रपति होते तो शायद यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध न होता। आतंकी गुट इजरायल पर भी हमला करने की हिमाकत नहीं कर पाते। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन न होता और होता भी तो हिंदुओं पर इस तरह का अत्याचार नहीं होता। चीन अपनी हद में रहता और पाकिस्तान भी डरा रहता। ट्रंप ने इस चुनाव में अमेरिका में गैरकानूनी घुसपैठ को बड़ा मुद्दा बनाया और इसे लोगों ने खुलकर समर्थन दिया। अपने प्रचार की शुरुआत में ट्रंप पर किया गया हमला भी एक साजिश का अंग था। यानी कुछ विदेशी शक्तियां नहीं चाहती थीं कि ट्रंप चुनाव जीतें। यह बात दीगर है कि वे इस हमले में बाल-बाल बच गए, लेकिन इसी दिन से ट्रंप के प्रति सहानुभूति की लहर चल पड़ी।

पिछली बार हारने के बाद कई मुकदमों से जूझने वाले कमजोर माने जा रहे ट्रंप को दोबारा से इस हमले ने उनके समर्थकों में एक नया जोश भर दिया। हालांकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस एक महिला होने के नाते कई मामलों में उनसे आगे थीं, लेकिन कहते हैं कि अंततः जीत, जीत ही होती है और जीत की यह बाजी ट्रंप के हाथ लगी। उनकी जीत से जहां दुनिया के आतंकवादी गिरोहों में खौफ पैदा होगा, वहीं भारत के लिए वे आतंकवाद के अलावा कई मामलों में बड़े संबल साबित होंगे। नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही आतंकवाद के धुर विरोधी हैं। वे सख्त फैसले करने के लिए जाने जाते हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध विराम की संभावना बढ़ गई है। भारत को सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य की सीट मिल सकती है। इजरायल पर हमलावर हो रहे आतंकवादी गुट शांत हो सकते हैं। कनाडा अपनी हद में लौट सकता है। भारत और अमेरिका के बीच उद्योग-व्यापार, निर्यात, तकनीकी के आदान-प्रदान, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग और आतंकवाद के खिलाफ परस्पर सैनिक सहयोग सहित कई मामलों में और ज्यादा प्रगति हो सकती है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि ट्रंप की जीत भारत, भारतवासी और मोदी सभी के लिए एक नई अनेक संभावनाओं के द्वार खोलती है। साथ ही चीन सहित अनेक विदेशी ताकतों के लिए बेचैनी पैदा करने वाली है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में स्वयं को एक मजबूत राष्ट्रपति साबित किया था, लेकिन वर्तमान में दुनिया की स्थितियां ज्यादा विषम हैं। ग्लोबल वार्मिंग, अर्थव्यवस्था, आतंकवाद, सीमाओं की सुरक्षा और युद्ध सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में यह ऐलान किया था कि कमला हैरिस जीती तो तीसरा वर्ल्ड वार करा देंगी। उनके (ट्रंप के) रहते तीसरा वर्ल्ड वार नहीं हो पाएगा। लोगों ने उनकी बातों पर विश्वास कर उन्हें बहुमत से ज्यादा वोट देकर जिताया। अब उनकी बारी है यानी ट्रंप को दुनिया के सामने अपनी शख्सियत को साबित करना होगा।

प्रसंगवश

दलित पुजारी और मंदिर में मजार

विगत कुछ काल से भले ही हिंदू और मुस्लिम धार्मिक स्थापत्यों को लेकर समाज विद्वेषमय और उद्वेलित रहा हो और जहां ये दोनों एक जगह हों वहां हटाने के अभियान चले हों, पर उदाहरण ऐसे भी हैं, जहां हिंदू राजाओं ने उभय संप्रदायों के उपासना स्थल एक साथ एक जगह निर्मित कराए।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

उदाहरण उत्तर प्रदेश का ही है, जहां अयोध्या को लेकर लंबा विवाद चला और मथुरा-काशी का चल रहा है तथा वातावरण विषाक्त है। बात करते हैं इटावा जिले के लखना कस्बे की, जो पहले राजा की रियासत हुआ करती थी। यहां लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना कालिका देवी का मंदिर है, जिसके प्रांगण में ही सैयद बाबा की मजार है।

मंदिर का निर्माण और प्रतिष्ठा कोई डेढ़ सौ साल पहले राजा जसवंतराय ने कराया था। वे पहले दूर यमुना पार कंधेसीपार नामक गांव में देवी दर्शन के लिए जाया करते थे, जिसमें बरसात के दिनों में बढ़ी हुई यमुना की वजह से कठिनाई होती थी। कहते हैं कि उन्हें देवी मां ने स्वप्न दिया कि 'मेरी स्थापना यहीं लखना में की जाए। पश्चात वहां खड़े एक पीपल के पेड़ में आग लग गई और देवी का प्राकट्य हो गया। राजा द्वारा वहां मंदिर बनवा दिया गया और पूजा होने लगी। परिसर में ही सैयद बाबा की एक मजार है, जिसे उसी समय से स्थापित बताया जाता है। उसका सेवादार मुसलमान होता है। मंदिर दर्शन पूजन के साथ ही मजार पर भी अर्चना, श्रद्धा समर्पण की परंपरा है।

मान्यतानुसार दोनों की अर्चना करने से ही फल प्राप्त होता है। सांप्रायिक समरसता के प्रतीक इस मंदिर में हर धर्म के लोग दूर-दूर से आकर दर्शन पूजन करते हैं। इस मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि यहां दलित वर्ग के दोहरे परिवार का ही पुजारी होता है और पौरोहित्य कार्य पर ब्राह्मण वर्ग के एकाधिकार की बात को झुठलाता है। संप्रति दोहरे परिवार की छठी पीढ़ी यहां की पुजारी है।

कहा जाता है कि इस स्थान का जुड़ाव राणायण काल से भी है। लक्ष्मण के छोटे भाई शत्रुघ्न जब मधुरापुरी (मथुरा) के राजा लवणासुर का वध करने जा रहे थे तो लखना में यहीं पर नौ देवियों की स्थापना कर पूजा-अर्चना करके शक्ति संचय किया था और उन्हें लवणासुर पर विजय पाने में सफलता मिली थी।

ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन की स्थिति चिंताजनक

हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन के द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन ने एक नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है। रिपोर्ट बताती है कि विगत दो दशकों में ग्रीन हाउस गैसों के वैश्विक उत्सर्जन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह रिपोर्ट निश्चित तौर पर एक गंभीर चिंता का विषय है।

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

डब्ल्यूएमओ के वार्षिक ग्रीन हाउस बुलेटिन के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि के कुछ प्रमुख कारण हैं।

रिपोर्ट के माध्यम से एक स्पष्ट संकेत यह मिल रहा है कि पर्यावरण की शुद्धता में सतत ह्रास होता जा रहा है। पर्यावरण का इस दर से अशुद्ध व असंतुलित होते जाना हमारे भविष्य के लिए खतरनाक स्थिति है। मात्र बीस वर्षों के दौरान ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन दस फीसदी बढ़ जाना न केवल एक आश्चर्यजनक तथ्य है अपितु यह एक गंभीर चिंता का विषय भी है। आखिर क्या वजह है कि कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य ग्रीन हाउस गैसें एक अनियंत्रित दर से पर्यावरण में घुलती जा रही हैं। पर्यावरण को दिन-प्रतिदिन अपने आगोश में जकड़ती इस विषाक्तता के पीछे केवल और केवल अनियंत्रित मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

डब्ल्यूएमओ के वार्षिक ग्रीन हाउस बुलेटिन के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि के कुछ प्रमुख कारण हैं। पहला कारण यह है कि 2023 में वनों एवं वनस्पतियों का एक बहुत बड़ा हिस्सा आग की भेंट चढ़ गया। वनाग्नि की घटनाओं का एक अच्छा खासा प्रतिशत वर्ष 2023 में देखने को मिला। बड़े पैमाने पर वनस्पतियों के जलने से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी असीमित मात्रा में हुआ। यह कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में सम्मिलित होकर उसकी शुद्धता के क्षय का कारण बनती है। इसके अतिरिक्त जो दूसरा प्रमुख कारण है, वो यह कि मानवीय एवं औद्योगिक गतिविधियों के ग्राफ में भी एक अप्रत्याशित उछाल दृष्टिगोचर हो रहा है। ये गतिविधियां भी ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए एक बड़ी हद तक जिम्मेदार हैं। तीसरा एक अन्य महत्वपूर्ण कारक जो कि ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बढ़ाने में योगदान करता है, वह है जीवाश्म ईंधनों का अधिकाधिक प्रयोग।

रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2023 में कार्बन डाइऑक्साइड की वैश्विक औसत सांद्रता 420 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन), मीथेन की सांद्रता 1934 पीपीबी (पार्ट्स पर बिलियन) एवं नाइट्रस ऑक्साइड की सांद्रता 336.9 पीपीबी के स्तर तक पहुंच गई है। ये आंकड़े पूर्व औद्योगिक (1750 से पहले) के स्तरों की अपेक्षा क्रमशः 151 फीसदी, 265 फीसदी तथा 125 फीसदी हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि तीनों ही ग्रीन हाउस गैसों का पर्यावरण में स्तर एक अच्छी खासी मात्रा में बढ़ गया है। इतना निश्चित है कि यदि इसी दर से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी रहा तो हमारा भविष्य प्रदूषित पर्यावरण के साथ एक गहरा संबंध रखने को विवश हो जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन लगातार जारी रहने से वायुमंडल में ये गैसें जमा होती रहेंगी। नतीजा यह होगा कि वैश्विक तापन में तीव्र दर से वृद्धि होगी, जो संपूर्ण पृथ्वी एवं इस पर रहने वाले समस्त जीवधारियों के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रों की मौजूदा राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं वर्ष 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन को संचयी रूप से केवल 2.6 प्रतिशत ही कम कर पाएगी। परिणाम यह होगा कि जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापन के दुष्प्रभावों से निपटने का लक्ष्य हासिल कर पाने में हमें एक सीमा से अधिक समय लग जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटर गवर्नमेंटल पैनलऑन क्लाइमेट चेंज जोकि जलवायु विज्ञान का मूल्यांकन करने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था है, के अनुसार वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को 2030 तक 43 फीसदी दिए एवं 2035 तक 60 फीसदी तक कम करने की आवश्यकता है। वर्ष 2023 अभी तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। इसका कारण केवल और केवल वैश्विक तापन को बढ़ाने वाले कारकों एवं गतिविधियों का नियंत्रण से बाहर होना है। इसका व्यापक दुष्प्रभाव पूरी दुनिया के जनजीवन, अर्थव्यवस्था एवं अन्य सभी गतिविधियों पर पड़ेगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि पर्यावरण के संबंध में वैश्विक रिपोर्टें एवं स्थितियां बेहद चिंताजनक हैं। यदि इनके सुधार हेतु छोटे से लेकर बड़े स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से प्रयास न किया गया तो भविष्य में ये स्थितियां बेहद गंभीर रूप धारण करके हमारे समक्ष उपस्थित होंगी एवं उस दशा में इनसे पार पाना एक बेहद दुस्साध्य कार्य हो जाएगा। यदि हमें अपने भविष्य को सुरक्षित एवं उज्ज्वल देखना है तो हमारी पहली प्राथमिकता पर्यावरण संरक्षण होना चाहिए।

सोशल फोरम

शारदा सिन्हा को समझे बिना

लिखतु यदि गृहित्वा शारदा सर्व / काले तदपि तव गुणानाम देवि पारम न याती।

कोई आठ सौ साल पहले, जब ध्वन्यांकन के कोई साधन न थे, तब भी अमीर खुसरो की सुर लिपियां आज तक कहीं नहीं गईं, फिर शारदा सिन्हा की आवाज कहां और कैसे हेरा जाएगी।

राजीव नयन बहुगुणा
पर्यावरणविद, देहरादून

मेरे लगभग पांच साल तक, तब के अराजक, दुर्गम और बीहड़ बिहार प्रवास को सरस, स्वाभाविक बनाने में शारदा सिन्हा का भी योगदान था। कोई अड़तीस साल पुरानी बात होगी, जब एक नए रंग रूट पत्रकार के नाते मैं नौकरी करने बिहार की राजधानी पहुंचा। मुझे कोई संगीत श्रेष्ठ मित्र उनके पास ले गए। शारदा सिन्हा तब पैंतीस के हेर-फेर में रही होंगी। उनकी भरपूर देहयष्टि, चिट गोरा रंग, अभिजात्य भारतीय परिधान योजना और पहली ही नजर में मेरे मन में उनके प्रति श्रद्धा उपज गई, जो सदैव रही। वह मुझे एक कुलीन मारवाड़ी सेठानी जैसी लगीं। अतः मैं उन्हें हमेशा संगीत की सेठानी कहता रहा। बात करते वक्त भी उनकी आवाज में खरे कलदार की खनक थी। हमें चाय परोसते वक्त भी उनका एक हाथ पल्लू संभालने वास्ते रिजर्व रहता था। उनकी आंखों और केश राजि में स्वयं सांध्य देवी ने अपनी कूची से काजल भरा था। उनकी ग्रीवा को नियंता ने इसीलिए स्थूल बनाया था कि पैने और हीरे जैसे घातक कटाव दार सुरों के आवेग से कभी गला न छिल जाए। बिहार का दर्द, मस्ती, आक्रोश और तितीक्षा, सब कुछ उनके सुरों में वर्तमान था।

आप आधुनिक बिहार से संबंधित कोई भी किताब पढ़ लीजिए। पूरा बिहार घूम आइए, शारदा सिन्हा को सुने समझे बगैर आप बिहार से अपरिचित हैं। कालिदास के प्रसंग में सरस्वती ने कहा था, कवि तो दंडी ही है। तब कुपित कालिदास ने पूछा, फिर मैं कौन हूं? तब सरस्वती ने समाधान किया, तुम कवि कब से हो गए? तुम तो स्वयं मेरे पुत्र हो। शारदा सिन्हा के बारे में कहा - तुम तो मेरा ही अवतार हो। प्रणाम शारदा माता। आप अदृश्य सरस्वती नदी की तरह मेरे भीतर और बाहर बहती रहोगी।

-फेसबुक वॉल से

मीरा के विद्रोही व्यक्तित्व को समझना होगा

कंवल भारती भक्ति साहित्य का पुनर्पाठ करते-करते मीराबाई के बारे में मनगढ़ंत टिप्पणी करते हैं, जिसका कोई प्रामाणिक आधार उनके पास नहीं है। पहले उनकी टिप्पणी देखिए-"इसलिए उन्होंने विधवा मीराबाई की गोद में कृष्ण की मूर्ति बैठा कर चैन की सांस ली और इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि मीरा गिरधर नागर नाम के एक हाड़मांस के जोगी से प्यार करती थी, न कि मुरलीधर कृष्ण से। वह उस जोगी के साथ वैवाहिक जीवन जीना चाहती थी, पर एक विधवा स्त्री पुनर्विवाह कैसे कर सकती है? इसलिए उसे कृष्ण-दीवानी बना दिया गया।" अब यह इलहाम कंवल जी को कैसे हो गया वही जाने? वह भी बिना किसी आधार या पुष्ट प्रमाण के।

मीरा पर लिखी अब तक की सबसे प्रामाणिक किताब जयपुर के डॉ. ब्रजेंद्र कुमार सिंघल ने लिखी है, शीर्षक है - 'मीराबाई: प्रामाणिक जीवनी और मूल पदावली'। यह किताब अत्यंत खोजपूर्ण सामग्री से भरी हुई है। मेरी इस संबंध में सिंघल से भी बात हुई, किंतु उन्होंने भी कंवल भारती के उक्त मंतव्य को मनगढ़ंत बताया। किसी स्त्री का अपने ईष्ट के प्रति समर्पण को समझने में इतना संशय क्यों? आश्चर्य क्यों है? पूरे विश्व साहित्य से ऐसी भक्त स्त्रियां मिल जाएंगी। 8 वीं शताब्दी की सूफी कवयित्री राबिया और 14 वीं शताब्दी की अंग्रेजी कवयित्री जूलियन ऑफ नॉर्विज ऐसी ही स्त्रियां हैं। जूलियन की किताब 'रिवीलेशन ऑफ डिवाइन लव' में उनके ईसा के प्रति प्रेम और समर्पण के गीत हैं। वो तो ईसा के प्रेम में पागल थीं, बिल्कुल मीराबाई की तरह। उसकी कविता की तरफ सबसे पहले ध्यान गया टीएस इलियट का, जिसने अपनी रचना "लिटिल गिडिंग" में नॉर्विज की कुछ पंक्तियों को उद्धृत भी किया है। मीरा की हर जीवनी यही कहती है कि मीरा सात साल की उम्र से श्रीकृष्ण के प्रति आकर्षित हो गई थीं। उनके पदों में गिरधर नागर का उल्लेख प्रभु के रूप में आता है। इसके लिए मीरा के विद्रोही व्यक्तित्व को समझना होगा।

रवि नंदन सिंह
प्रयागराज

मीरा पर लिखी सबसे प्रामाणिक किताब जयपुर के डॉ. ब्रजेंद्र कुमार सिंघल ने लिखी है, शीर्षक है - 'मीराबाई: प्रामाणिक जीवनी और मूल पदावली'। यह किताब अत्यंत खोजपूर्ण सामग्री से भरी हुई है। उन्होंने भी कंवल भारती के उक्त मंतव्य को मनगढ़ंत बताया।

विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

मीरा का राणा सांगा के बड़े पुत्र भोजराज के साथ वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय था। भोजराज की 1526 ई. के एक युद्ध में मृत्यु हो जाती है। पति की मृत्यु के बाद मीरा पर सती होने का दबाव डाला जाता है। मीरा सती होने से इंकार कर देती हैं और अपने जीवन का प्रथम विद्रोह करतीं हैं। इतिहास में सती प्रथा के विरूद्ध आवाज उठाने वाला यह पहला प्रामाणिक साक्ष्य है। इस नाते मीरा सती प्रथा के खिलाफ सामाजिक प्रतिरोध की प्रथम आवाज हैं। वह खुद तो जागरूक हैं ही, समाज को भी जागरूक करती हैं। मीरा के जीवन पर उनकी कविता के अंतः साक्ष्य और बहिसाक्ष्य चीख-चीखकर कहते हैं कि गिरधर नागर प्रभु कृष्ण ही हैं कोई हाड़ मांस का व्यक्ति नहीं।

ट्रंप और मोदी में कुछ बातें समान

अमेरिका ने अमेरिका के लिए अपना फैसला दे दिया है। अब विश्व प्रतीक्षा कर रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने से अमेरिका को, विश्व को क्या फायदा पहुंचता है? विश्व के सर्वाधिक विकसित राष्ट्र की कुर्सी पर आसीन व्यक्ति की सोच से संसार में बहुत कुछ निर्धारित होता है। इस बात से कोई मुंह चुराए तो वह सच्चाई से ही मुंह चुरा रहा है। कुछ बातें दो मित्रों ट्रंप और मोदी में सामान नजर आईं।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

दोनों राष्ट्र प्रथम की बात करते हैं। दोनों विश्व से आतंकवाद समाप्त करने की बात कर रहे हैं। जो बाइडेन के शासन काल में भारत की समर्थक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ किया गया। घटनाक्रम के बाद जो जेहादी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में शासन कर रहे हैं, उन्होंने बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार किए हैं। बाइडेन प्रशासन ने मोहम्मद यूनुस को चालीस बिलियन डॉलर की मदद भी दी। देखना होगा ट्रंप बांग्लादेशी जेहादियों और सरकार से कैसा बर्ताव करते हैं? दूसरी और लंगड़ाते पाकिस्तान के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, जो भूखा मरने के बाद भी भारत में आतंकवादी निर्यात से बाज नहीं आ रहा। चीन जो हर वक्त भारत को धोखा देने की तलाश में लगा रहता है, उससे कैसा व्यवहार करता है? ट्रंप के अपने देश में भी दुश्मन कम नहीं हैं, इस बार तो हद ही हो गई जब वहां के अधिकांश मीडिया ने खुले आम डेमोक्रेट कमला हेरिस का खुलकर समर्थन किया। फिल्म स्टार, पॉप गायक सभी कमला के लिए, लेकिन विश्व का सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क तन, मन, धन से ट्रंप के साथ लगा रहा। ट्रंप भी अपनी राष्ट्र प्रथम के भाव पर अडिग रहे, उन्होंने कहा कि अपने बॉर्डर सुरक्षित करूंगा, अवैध घुसपैठियों को रोकूंगा, महंगाई कम करूंगा, बेरोजगारी कम करूंगा, टैक्स कम करूंगा, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करूंगा, विश्व में शांति स्थापित करूंगा, अमेरिका को पुनः विकास मार्ग पर लाऊंगा, रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने का प्रयास करूंगा, मिडल ईस्ट में शांति का प्रयास करूंगा।

छठ पर्व का वैज्ञानिक आधार और स्वरूप

छठ पर्व को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो षष्ठी तिथि (छठ) को एक विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है, इस समय सूर्य की पराबैंगनी किरणें पृथ्वी की सतह पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्र हो जाती हैं। इस कारण इसके संभावित कुप्रभावों से मानव की यथासंभव रक्षा करने का सामर्थ्य प्राप्त होता है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

छठ जैसी खगोलीय स्थिति (चंद्रमा और पृथ्वी के भ्रमण तलों की सम रेखा के दोनों छोरों पर) सूर्य की पराबैंगनी किरणें कुछ चंद्र सतह से परावर्तित तथा कुछ गोलीय अपवर्तित होती हुई, पृथ्वी पर पुनः सामान्य से अधिक मात्रा में पहुंच जाती हैं। वायुमंडल के स्तरों से आवर्तित होती हुई, सूर्यास्त तथा सूर्योदय को यह और भी सघन हो जाती हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह घटना कार्तिक तथा चैत्र मास की अमावस्या के छह दिन उपरांत आती है। ज्योतिषीय गणना पर आधारित होने के कारण इसका नाम छठ पर्व रखा गया है। प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ यह पर्व आंवला, मकोई, मूंगफली जैसे फलों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संदेश देता है। छठ पर्व में होने वाला 36 घंटे का निर्जला उपवास शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे शरीर शुद्ध होता है। यह पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है। गांव के पोखर, तालाब एवं अन्य जलाशयों के साथ गांव की भी सफाई होती है, इस तरह यह पर्व स्वच्छता का भी संदेश देता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कमर तक पानी में डूबकर सूर्य की ओर देखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इससे टॉक्सिफिकेशन की प्रक्रिया होती है। इस समय सूर्य की किरणों में 16 कलाएं होती है। जैसे रिपलेक्शन रिक्शन डेविस्मन, स्कैटरिंग डिस्पर्शन, वाइब्रेशन इत्यादि। लोटे से आड़े तिरछे जल की धारा से सूर्य की किरण परावर्तित होकर जितनी बार आंखों तक पहुंचती है, उससे स्नायुतंत्र जो शरीर को कंट्रोल करता है, सक्रिय हो जाता है। दिमाग की कार्य क्षमता बढ़ जाती है। इस पूजा के प्रभाव से सभी प्रकार के चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। भविष्य एवं मार्कण्डेय पुराण में भी ऐसा वर्णन है।

कुमाउनी एवं देशभक्ति गीतों की रही धूम

बंगाल सैपर्स का 22 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, बंगाल इंजीनियर के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : बंगाल सैपर्स का 22 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। थारू विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट बालकिशन भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंडी चेयरमैन नन्दन सिंह खड़ायत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में रेनू उपाध्याय ने स्वागत गीत, देशभक्ति एवं कुमाउनी गीत नर सिंह कुंवर, प्रियंका सामंत, कुमारी रंजना व प्रियांशी ने प्रस्तुत कर समा बांधा।

कार्यक्रम में बंगाल इंजीनियर के शहीद एवं मृतक पूर्व जवानों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता खड़ायत ने 22 वें स्थापना दिवस की बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट बालकिशन भट्ट ने पूर्व के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में वीर नारियों को सम्मानित किया। संचालन सूबेदार मेजर धन सिंह सामंत ने किया। इस दौरान कैप्टन जोगेन्दर सिंह रावल, सूबेदार जगत सिंह बोरा, सूबेदार कृष्ण पांडे, सुंदर सिंह ऐरी, होशियार सिंह, शंकर सिंह सामंत, रमेश सिंह काकी, जगदीश सिंह बोरा, लक्ष्मण सिंह बोरा, भास्कर दत्त भट्ट, जगदीश खनका, चरनजीत सिंह, चन्द्र भुवन कार्कि, दीवान सिंह कन्याल, जीवन सिंह कन्याल, खीमानन्द जोशी आदि मौजूद थे।

बंगाल सैपर्स का 22 वां स्थापना दिवस मनाते बंगाल इंजीनियर के पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

तीन पैरा स्पेशल फोर्स के पूर्व सैनिकों ने मनाया शेलातांग विजय पर्व

खटीमा : तीन पैरा स्पेशल फोर्स के पूर्व सैनिकों ने प्रथम बार शेलातांग कमेटी के अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत नाथ की अध्यक्षता में पलटन का युद्ध विजय दिवस हर्षोल्लास से मनाया। शेलाटांग विजय दिवस कार्यक्रम में खटीमा, चंपावत, बनबसा, नानकमत्ता, हल्द्वानी आदि क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। वहीं कार्यक्रम में शहीद सैनिकों के परिजनों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सैनिकों द्वारा वार मेमोरियल शहीद सैनिकों को पुष्प चक्र अर्पित किया गया। कार्यक्रम में शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम खटीमा में प्रतिवर्ष सात नवंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी ने किया। इस अवसर पर शेलातांग कमेटी के सचिव कैप्टन होशियार सिंह, दीपक भट्ट, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी दीपक भट्ट, पीएन जोशी, बद्री विशाल, कृष्णानंद, चंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनोहर सिंह मौजूद रहे।

खटीमा में आयोजित कार्यक्रम में तीन पैरा स्पेशल फोर्स के पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

महोत्सव में युवाओं की शानदार प्रस्तुति

▸▸ खंड स्तरीय सांस्कृतिक युवा महोत्सव का आयोजन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : विकास खंड सभागार में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक युवा महोत्सव में युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने प्रतिभाग कर शानदार प्रस्तुति दी।

महोत्सव में विभिन्न क्षेत्र से आये युवक-युवतियों ने परंपरागत वेशभूषा में सामूहिक, एकल लोक नृत्य, एकल गीत, एकांकी शास्त्रीय नृत्य, गायन एवं वादन सहित अनेक विधाओं का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा किया गया। भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा उकेरने एवं आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों से ब्लॉक, जिला मंडल प्रदेश तथा देश में पहुंचने का अवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवाओं को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में भेजा जाएगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नवीन चन्द्र उपाध्याय सहित कई लोग उपस्थित थे।

सांस्कृतिक युवा महोत्सव में प्रस्तुति देतीं युवतियां। ● अमृत विचार

कांट्रेक्टर एसोसिएशन का अधिवेशन 9 को

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रदेश के राजकीय ठेकेदारों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श करने को लेकर लोक निर्माण विभाग की काशीपुर कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आगामी 9 नवंबर दिन शनिवार को रामनगर रोड स्थित अनन्या होटल में एक अधिवेशन किया जा रहा है।

जिसके विशिष्ट अतिथि लैंसडाउन से भाजपा विधायक दिलीप सिंह रावत होंगे।

गुरुवार को अधिवेशन के आयोजक एवं काशीपुर कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी कमलेंद्र सिंह और महासचिव मुकेश गोयल ने बताया कि यह अधिवेशन सुबह 10 बजे शुरू होगा और इसमें पूरे उत्तराखंड के सभी खंडों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं सचिव भाग लेंगे और राज्य के राजकीय ठेकेदारों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

बस हादसे के मृतकों को पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

काशीपुर : विजयपथ पूर्व सैनिक संगठन ने अल्मोड़ा के सल्ट में बस हादसे में मृतक यात्रियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त कर कैंडल मार्च निकाला। बीती देर शाम कुंडेश्वरी के विजय चौक पर संगठन के सदस्यों और वीर नारियों ने दुर्घटना के प्रति दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष कैप्टन बीएस नेगी के नेतृत्व में सभी ने कैंडल जलाकर शोक परेड किया। इसमें अधिक संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। वहां कैप्टन जगमोहन सिंह, टीएस नेगी, कुलवीर सिंह, संजय लखेड़ा, केदार दत्त पुरोहित, होशियार सिंह, हीरा सिंह, त्रिलोक सिंह, चंदन सिंह, रतन रौतेला आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

अधेड़ व्यक्ति ने खाया जहरीला पदार्थ

काशीपुर : ग्राम खाईखेड़ा निवासी एक अधेड़ व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने उन्हें एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बाजपुर में वाहनों के कागजात चेक करते एआरटीओ विमल पांडेय।

मरचूला में हुए बस हादसे के बाद चलाया चेकिंग अभियान

बाजपुर : जनपद अल्मोड़ा के मरचूला में हुए बस हादसे में 36 लोगों की मृत्यु के बाद हरकत में आई परिवहन विभाग की टीम ने एआरटीओ काशीपुर विमल पांडेय की अगुवाई में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई यात्री वाहनों का चालान किए गए तथा कुछ वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ विमल पांडे ने बताया कि दो दिन से लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें काशीपुर और बाजपुर क्षेत्र में अब तक 90 यात्री वाहनों का चालान किया गया है, जबकि 19 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

नानकमत्ता में लगे दीपावली मेले में खरीदारी करते लोग।

दीपावली मेले में उमड़ रही भीड़

नानकमत्ता : गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में लगे दीपावली मेले में लगातार भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के बाद लोग मेले में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। लोगों ने मेले में पहुंचकर जलेबी, चाट पकौडे.और सिगाडे.का स्वाद लिया। महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की और लंगर का प्रसाद चखा। सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रबंधक कमेटी के सेवादार चप्पे चप्पे पर मौजूद रहे।

गड़री नदी के पुल पर दिखा तेंदुए का शावक

बाजपुर : क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी लगातार बनी हुई है जिसके चलते आमजन को खतरा बढ़ता जा रहा है। बुधवार की देर रात बेरिया रोड स्थित गड़री नदी के पुल पर तेंदुए का शावक दिखने से हड़कंप मच गया। आसपास रह रहे परिवारों में दहशत का माहौल है। विकासखंड क्षेत्र में रोज किसी न किसी गांव अथवा शहरी क्षेत्र में तेंदुए देखने को मिल रहे हैं, जोकि अब तक अनेक पालतु कुत्तों, बकरी आदि को अपना शिकार बना चुके हैं। बुधवार की देर रात बेरिया रोड पर गड़री नदी पुल के आसपास आबादी क्षेत्र में तेंदुए का शावक दिखाई दिया जिसे वहां से गुजर रहे राहगीरों व वाहन चालकों ने कैमरे में कैद कर लिया। लोगों ने संगठित होकर हो-हल्ला किया तो तेंदुआ नदी किनारे झाड़ियों की तरफ चला गया।

महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा का स्वागत करते बजरंग दल के कार्यकर्ता।

महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा का स्वागत किया

जसपुर : बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, शिवाजी, राहुल चौहान, अभिनव, नितिन चौहान, कुलदीप कुमार, शिवा, विशाल, विनय, पवन कुमार यथा दुर्गा वाहिनी की खंड संयोजिका तनु, चारु व चंचल आदि मौजूद रहे।

दूसरी आशा वर्कर का चयन किया

बाजपुर, अमृत विचार : ग्राम नंदपुर नरका टोपा में आशा वर्कर के अपराधिक मामले में शामिल होने के बाद रिक्त पद पर एसीएमओ की अगुवाई में दूसरी आशा का चयन किया गया।

गुरुवार को एसीएमओ डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह चयन समिति की बैठक में पहुंचे और आवेदनों पर विचार के बाद पूजा मिश्रा का चयन किया गया। एसीएमओ डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रीना, नेहा, पूजा के तीन नामों का आवेदन आया था। इसमें योग्यता के आधार पर पूजा मिश्रा का चयन किया गया है। इस मौके पर उप जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता, डीसीएम निधि शर्मा, वीडी शर्मा, शशि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

शहीदों की याद में गुरुवाणी का यशगान किया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : गुरुद्वारा साहिब शहीद सिंघ साहिब अंबावाला फार्म मडैय़ा हट्टू में विशाल समागम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से पहुंचे पंथ प्रचारकों ने शहीदों की याद में गुरुवाणी का यशगान किया गया।

पांच नवंबर को रखे गए अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत गुरुवार को विशाल समागम हुआ। शाहकोट जालंधर पंजाब से पहुंचे बीबी बलविंदर कौर खैरा के ढाडी जत्थे ने गुरुवाणी का यशगान किया। उनके अनुसार दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने कहा है कि रहणी रहे सोई सिक्ख मेरा, वो साहिब मैं उसका चेरा...। भाई सर्वजीत सिंह सोंकी के कविशरी जत्थे ने कहा कि खालसे ने हमेशा धर्म की रक्षा की है जिसके चलते श्री गुरू तेग बहादुर, श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज व उनके परिवार तथा बाबा दीप सिंह, भाई जीवन सिंह, भाई दयाला जी सहित हजारों सिंघों ने अपने आपको बलिदान कर हिंदुत्व की रक्षा की और खालसा पंथ की बुनियाद को खून से सींचा। आज का समागम ऐसे शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया है। वहीं भाई अमरजीत सिंह के रागी जत्थे द्वारा भी शहीदों का गुणगान किया। भाई दिलबाग सिंह ढिल्लो ने कहा कि सचखंडवासी बाबा गुरवचन सिंह, बाबा दया सिंह की प्रेरणा से यह समागम बापू तारा सिंह, माता भगवान कौर, समस्त परिवार द्वारा यह आयोजन पिछले 26 वर्षों से किया जाता है। इस मौके पर डा.कुलविंदर सिंह, बलकार सिंह, सुखदेव सिंह, अजीतपाल सिंह, निर्मल सिंह, बलविंदर सिंह, धर्मपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह ब्रह्मज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब ग्रंथी सभा के अध्यक्ष भाई सुरजीत सिंह, चमन सिंह, पलविंदर सिंह मौजूद रहे।

मड़ैया हट्टू में गुरुवाणी का यशगान करता बीबी बलविंदर कौर खैरा का ढाडी जत्था।

समागम में मौजूद संगत। ● अमृत विचार

बालक-बालिकाओं को दी बाल दिवस की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : महिला कल्याण विभाग की ओर से वार्ड नंवर 13 रेशमबाड़ी में जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां बालक और बालिकाओं को 14 नवंबर को बनाए जाने वाले बाल दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति सदस्य पुष्पा पानू, चाइल्ड हेल्पलाइन कोर्डिनेटर चांदनी रावत, केस वर्कर गोविंद सिंह पांगती ने बाल दिवस के बारे में बताया। इसके अलावा बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, बाल अधिकार पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, गुड टच बैड टच एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और साइबर क्राइम नंबर 1930 के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही प्रचार प्रसार के लिए पम्पलेट भी बांटे गये। इस दौरान बालक-बालिकाओं ने बाल दिवस पर ड्राइंग भी बनाई और बच्चों द्वारा कविता, गीत भी सुनाए गए।

जागरूकता अभियान कार्यक्रम में ड्राइंग दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

शांतिपुरी में किताब कौतिक आज से

शांतिपुरी : क्रिएटिव उत्तराखंड द्वारा शांतिपुरी के जवाहरनगर ग्लोबल स्कूल में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय पंतनगर किताब कौतिक का भव्य शुभारंभ शुक्रवार प्रातः 10 बजे होगा। यह जानकारी पंतनगर किताब कौतिक के संयोजक उमेश चंद्र भट्ट ने दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भव्य किताब कौतिक का आयोजन एक अनूठी पहल है जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 80 हजार किताबों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और युवाओं की रचनात्मक अभिरुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर कई कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। जिसमें लोगों को परिवार सहित आमंत्रित किया गया है।

बाजपुर में कंटेनर व कार की भिड़ंत के बाद नोकझोंक करता युवक।

कंटेनर और कार की भिड़ंत के बाद विवाद

बाजपुर : राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर कंटेनर और कार की भिड़त होने पर दो पक्षों में विवाद हो गया शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर मामला शांत कराया। गुरुवार की सुबह को उप्र के जोया मुरादाबाद निवासी सोहेल केलाखेड़ा से कंटेनर लेकर काशीपुर में स्थित महुआखेड़ा गंज की ओर जा रहा था। इस दौरान पांडे गांव पिथौरागढ़ निवासी नेत्र सिंह की कार ग्राम महेशपुरा के नजदीक एक दुकान के समीप कंटेनर से टकरा गई। हादसे में दो लोगों को हल्की चोट आई लेकिन घटना को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। पुलिस के अनुसार वाहनों की गति कम होने से बड़ा हादसा होने से बच गया।

तैयारी जल्द शुरू होगी नादेही, किच्छा, सितारगंज और बाजपुर में पेराई, चीनी मिलों को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जाएगा गन्ना

चीनी मिलों ने इस बार की 1 करोड़ 50 लाख क्विंटल गन्ने की डिमांड

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर जनपद में जल्द ही चीनी मिलों में गन्ने की पेराई शुरू हो जाएगी। इसके लिए चीनी मिलों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। वहीं इस बार चार चीनी मिलों से गन्ना विकास विभाग को एक करोड़ 50 लाख रुपये की डिमांड आयी है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार चीनी मिलों को आवश्यकता के अनुसार गन्ना उपलब्ध कराया जाएगा।

जनपद में चार नादेही, किच्छा, सितारगंज और बाजपुर चीनी मिलें हैं। इन मिलों में 10 से 15 नवंबर तक गन्ने की पेराई शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी चीनी मिलों को अपग्रेड कर दिया गया है। इस संबंध में गन्ना विकास विभाग के सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी ने बताया कि इस बार नादेही जसपुर चीनी मिल से 24 लाख क्विंटल गन्ने की डिमांड आयी है। इसी तरह किच्छा चीनी मिल से 48 लाख क्विंटल, सितारगंज चीनी मिल से 30 लाख क्विंटल और बाजपुर चीनी मिल से 48 लाख क्विंटल गन्ने की डिमांड आयी है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर इस बार 1 करोड़ 50 लाख क्विंटल गन्ने की डिमांड आयी है।

वर्ष 2023 में 160 लाख क्विंटल, वर्ष 2022 में 134 लाख क्विंटल और वर्ष 2021 में 115 लाख क्विंटल गन्ने की डिमांड आयी थी। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जनपद में किसानों ने 24077.590 हेक्टेयर में गन्ना बोया था। जबकि इस वर्ष किसानों ने 22665.345 हेक्टेयर में ही गन्ना बोया है यानी विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 1412.245 हेक्टेयर की कमी आयी है। फिर भी चीनी मिलों की डिमांड के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों ने किया खटीमा में कोल्हू का निरीक्षण

रुद्रपुर : गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों ने खटीमा क्षेत्र में करीब आठ कोल्हू का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने गुड़ की जांच की। साथ ही कोल्हू से गुड़ बनाने वालों को पॉलीथीन नहीं जलाने और गुड़ में केमिकल का प्रयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गयी। निरीक्षण के बाद विभाग के सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी ने बताया कि विगत दिनों जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित की गयी थी। टीम में उनके अलावा सहायक गन्ना आयुक्त सुप्रिया मोहन, नायब तहसीलदार और अन्य ने खटीमा में कोल्हू का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कोल्हू में देखा की क्या गुड़ बनाने के लिए पॉलीथिन का उपयोग तो नहीं किया जा रहा है या फिर केमिकल का उपयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान गुड़ बनाने वालों को सख्त हिदायत दी गयी कि वे पॉलीथिन का उपयोग न करें। इसके अलावा गुड़ बनाने में किसी भी प्रकार के केमिकल का उपयोग न करें। ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ न किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी के बारे में पॉलीथिन जलाने और गुड़ में केमिकल मिलाने की शिकायत मिली तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

खटीमा में कोल्हू का निरीक्षण करते गन्ना विकास विभाग के अधिकारी।

सार-संक्षेप

श्री महाकालेश्वर मंदिर में चौथे दिन भोले बाबा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर नाग देवता स्थापित

खटीमा : श्री महाकालेश्वर मंदिर में भोले बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चौथे दिन शिवलिंग पर नाग देवता की स्थापना की गयी। मुख्य यजमान अमरनाथ गोयल व पंडित महंत नारायण मुगदल एवं पुजारी चंद्रशेखर भट्ट ने मंत्रोच्चार के साथ नाग देवता को शिवलिंग में स्थापित किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर कमेटी अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि 8 नवंबर को पूजा–अर्चना, हवन के बाद भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान मंदिर परिसर पर भोले के श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। कार्यक्रम में अनिल बत्रा, परमजीत बत्रा पम्मी, सूरज शर्मा, मुकेश शर्मा, राजेंद्र, धर्मवीर, अंकुर गोयल, सोनिया सुनेजा, बीना बिष्ट बत्रा, रजनी अग्रवाल आदि सम्मिलित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

किच्छा : मजदूरी कर घर लौट रहा अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को सूचना मिली कि नगर के हल्द्वानी मार्ग पर तुर्कागौरी क्षेत्र में पटरी किनारे वृद्ध का शव पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम रजपुरा, तुर्कागौरी, कोतवाली किच्छा निवासी 65 वर्षीय जोगेंद्र पाल सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक जोगेंद्र पाल सिंह प्रतिदिन मेहनत मजदूरी करने प्राग फॉर्म क्षेत्र में जाता था और मजदूरी कर शाम को घर लौट आता था। संभावना जताई जा रही है कि मजदूरी करने के बाद घर लौटते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल होने के बाद कुछ देर में मौके पर उसने दम तोड़ दिया।

भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

खटीमा : दक्षिणी जोला साल रेंज के जंगल में भालू ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को ग्राम टुकड़ी नानकमत्ता निवासी अमरजीत सिंह (43) देर शाम जंगल किनारे अपने खेत में गन्ना देखने गया हुआ था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले पर अमरजीत ने काफी देर तक खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन भालू ने हमले में उसके हाथ की हड्डी टूट गई और कई जगह भालू ने नोच दिया। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने घायल अमरजीत सिंह को 108 सेवा से नागरिक अस्पताल लाकर भर्ती कराया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉ. सिमरजीत सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना देर रात वन विभाग को दी जिस पर टीम घायल के घर पहुंची लेकिन जब तक घायल को खटीमा लाया जा चुका था। गुरुवार को दक्षिणी जोलासाल रेंज अधिकारी महेश चंद्र जोशी निजी अस्पताल में भर्ती घायल को देखने पहुंचे और पीड़ित और परिजनों से जानकारी ली। रेंज अधिकारी महेश चंद्र जोशी ने बताया की वन नियम के अंतर्गत मुआवजे की कार्यवाही की जा रही है और घायल का उचित इलाज किया जा रहा है। इस दौरान वन विभाग के भजन सिंह देव, मंत्री सिंह, अनुज मिश्रा मौजूद रहे।

निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण कर दिए निर्देश

काशीपुर : जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जयकिशन ने अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग के साथ निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण किया। साथ ही प्राधिकरण संयुक्त सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गुरुवार को जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने संयुक्त सचिव एसडीएम अभय प्रताप सिंह के साथ जसपुर तिराहे के पास, जसपुर खुर्द में अवैध प्लाटिंग का निरीक्षण किया। साथ ही पुरानी जेल में निर्माणाधीन पार्किंग देखी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्माण में तेजी लाने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। एसडीएम से समय–समय पर निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने अवैध प्लाटिंग व निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण पर विशेष नजर रखी जाए और उन्हें चिन्हित किया जाये।

नगर निगम ने वसूली के नोटिस जारी किए

काशीपुर : नगर निगम ने दो टीमें बनाकर स्वच्छता अभियान चलाकर 29,900 रूपये के वसूली के नोटिस जारी किए। गुरुवार को निगम ने बाजपुर रोड, द्रोणासागर, खड़कपुर–देवीपुरा, हिम्मतपुर, श्यामपुरम, चैती परिसर, मोटेश्वर मंदिर, वैशाली कॉलोनी, जसपुर खुर्द, गिरिताल, मानपुर रोड, गंगे बाबा रोड, ढेला नदी पुल, मुरादाबाद रोड, कृषि मंडी से टांडा उज्जैन रामनगर रोड आदि क्षेत्रों में सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया। नगर आयुक्त विवेक राय ने छठ पूजा को दृष्टिगत रखते हुये घाटों की सफाई और कीटनाशक छिड़काव व फागिंग किये जाने के लिए आदेश दिये। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल कूड़ा फेंकने और कूड़ा जलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर अर्थदंड आरोपित किया गया जिसमें 14 लोगों का चालान करते हुये चार हजार रुपए नगद और 29,900 रुपये के वसूली नोटिस जारी किये गये। अभियान में सहायक नगर आयुक्त यश्वीर सिंह राठी, कमल सिंह मेहता, संजय कापड़ी, शिवेन्द्र सिंह खनायत, अंकित खर्कवाल, अब्दुल सलीम आदि मौजूद रहे।

झनकट मंडल की कार्यशाला में सदस्य बनाने पर जोर

खटीमा : संगठन महापर्व 2024 के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को तहसील सभागार में भाजपा झनकट मडंल की एक कार्यशाला रखी गई। इससे विधानसभा नानकमत्ता के झनकट मंडल के 72 बूथों पर प्रत्येक बूथ का विधिवत गठन के साथ लगभग 50 प्राथमिक सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता अभियान व शक्ति केन्द्र स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम में राकेश त्यागी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा संगठन है जो हर तीन वर्ष में प्रत्येक बूथ पर संगठन की मजबूती के लिए विधिवत बूथों का गठन करता है। पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने कहा कि बूथों के गठन के पश्चात ही मंडल समिति का गठन सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विमला विष्ट, हरीश जोशी, जगदीश पाण्डेय, भुवन जोशी, किशोर जोशी, सतीश भट्ट, महेश राणा, जानकी पाण्डेय, अनिता ज्याला, दीपक भट्ट, हरेन्द्र राणा, प्रकाश शर्मा, राजनाथ मोर्या, प्रेम प्रकाश जोशी, राजेन्द्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

रिले दौड़ में देहरादून व रुद्रप्रयाग ने मारी बाजी

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स के दूसरे दिन भी देहरादून व रुद्रप्रयाग के बालक- बालिकाओं ने जलवा बरकरार रखा

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: विद्यालयी राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन भी देहरादून व रुद्रप्रयाग के बालक- बालिकाओं ने जलवा बरकरार रखा। 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ के बालक वर्ग में स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून और बालिका वर्ग में रुद्रप्रयाग के एथलीटों ने अपना विजयी अभियान जारी रखा।

अंडर-17 बालिका वर्ग में नैनीताल की भारती बोरा ने पहला स्थान हासिल किया जबकि पिथौरागढ़ की कीर्ति अरोरा ने दूसरा तथा देहरादून की शालू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 3किमी पैदल चाल में देहरादून की कशिश बिष्ट व वंदना ने पहला व दूसरा तथा रूद्रप्रयाग की सूर्या पाठक ने तीसरा, ऊंची कूद में ऊधमसिंह नगर की हर्षिता जोशी ने पहला, अल्मोड़ा की भावना बिष्ट ने दूसरा तथा नैनीताल की प्रीति ने तीसरा, लंबी कूद में रूद्रप्रयाग की महक रावत ने पहला, बागेश्वर की तुलसी ने दूसरा तथा पौड़ी की सोनिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। 1500मीटर की दौड़. में रूद्रप्रयाग की रोशिनी ने पहला, पिथौरागढ़. की आरती जोशी ने दूसरा तथा चंपावत की उषा भंडारी ने तीसरा प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग अंडर-17 के 5किमी पैदल चाल में देहरादून के तुषार पंवार ने पहला, चमोली की अमन ठाकुर ने दूसरा तथा चमोली की ही तनिष ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। 4गुणा 400मीटर दौड़ में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून पहले, हरिद्वार दूसरे तथा ऊधमसिंह नगर तीसरे स्थान पर रहा। ऊंची कूद में नैनीताल के पीयूष कुमार आर्य पहले, विशेष पंवार दूसरे ता वंशम रावत तीसरे, 1500मीटर दौड़ में ऊधमसिंह नग धीरज सिंह बिष्ट पहले, स्पोटर्स कॉलेज के अकांश कुमार तथा अक्षय क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। भाला फेंक में चमोली के हिमांशु पहले, ऊधमसिंह नगर के मीहिर कुमार दूसरे तथा बागेश्वर के रोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 बालिका वर्ग की 4गुणा400 मीटर रिले में रूद्रप्रयाग पहले, चमोली दूसरे तथा पौड़ी तीसरे स्थान पर तथा 3किमी पैदल चाल में चंपावत की गीतिका पहले, पौड़ी की शिवानी दूसरे तथा टिहरी की अंजू तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-14 बालिका वर्ग में लंबी कूद में टिहरी की दीपिका रावत पहले, उत्तरकाशी की प्राची दूसरे तथा चमोली की अर्चन तीसरे स्थान पाने में सफल रहीं। गोला फेंक में नैनीताल की भूमिका जलाल पहले, चंपावत की खूशबू दूसरे तथा टिहरी की नंदनी तीसरे स्थान तथा 1500मीटर की दौड़ में तैयमी रूद्रप्रयाग पहले, पिथौरागढ़ की मोनिका जोशी दूसरे तथा नैनीताल की किरन रावत तीसरे स्थान पर रहीं। ऊंची कूद में बागेश्वर की माही सनवाल पहले, पिथौरागढ़ की प्रिया भट्ट दूसरे तथा रूद्रप्रयाग की सोनाली तीसरे स्थान पाने में सफल रहीं। अंडर-14 बालक वर्ग के डिस्कस थ्रो में बागेश्वर के पवन सिंह पहले, हरिद्वार के सौरभ कुमार दूसरे तथा देहरादून के विनय तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद देहरादून के पवन यादव, पिथौरागढ़ की आयुष टम्टा दूसरे तथा चमोली के यशराज तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 बालक वर्ग के 5किमी पैदल चाल में चमोली के रितुल परिहार ने पहला, चमोली की ही आयुष फर्सवान ने दूसरा तथा देहरादून के समीर ने तीसरा, 4गुणा100 मीटर रिले में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून पहले, हरिद्वार दूसरे तथा पौड़ी तीसरे स्थान पर रहे। ऊंची कूद में ऊधमसिंह नगर के अर्जुन कुमार पहले, देहरादून के सिद्वांत साह दूसरे तथा अल्मोड़ा के गौरव तीसरे स्थान पर प्राप्त करने में सफल रहे।

4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ के विजयी प्रतिभागी। ● अमृत विचार

राष्ट्रपति ने किया एयरपोर्ट डायरेक्टर को सम्मानित

पंतनगर। पंतनगर एयरपोर्ट की डायरेक्टर मोनिका डेम्बला सहित भारतीय विमानन क्षेत्र की 50 महिलाओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। बीती चार नवंबर को राष्ट्रपति भवन दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली इन महिलाओं के एक समूह से राष्ट्रपति ने बातचीत भी की। डायरेक्टर मोनिका ने बताया कि सह कार्यक्रम 'राष्ट्रपति जनता के साथ' पहल के तहत आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य लोगों के साथ संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को पहचानना था।

छुट्टा पशुओं की रोकथाम करें

पंतनगर। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लवकुश शर्मा ने नगला नगरपालिका के ईओ को पत्र लिखकर हल्द्वानी–किच्छा मार्ग पर घूम रहे छुट्टा पशुओं की रोकथाम करवाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि नगला क्षेत्र के मुख्य मार्ग हल्द्वानी–किच्छा सड़क पर बड़ी संख्या में छुट्टा पशु (सांड) घूम रहे हैं। जिसके चलते आम जनता को सड़क पर चलने में बड़ी दिक्कत हो रही है।

दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

संवाददाता, रुद्रपुर

आरोप

- विवाहिता ने लगाया ससुरालियों पर आरोप
- खुद को सिडकुल में सुपरवाइजर बताकर की शादी

अमृत विचार: सितारगंज सिडकुल में खुद को सुपरवाइजर बताकर एक युवक ने पहले शादी कर ली। शादी के बाद विवाहिता से दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रीत विहार कॉलोनी निवासी पूनम चौधरी ने बताया कि उसकी शादी 21 नवंबर 2017 को सरजीत चौधरी निवासी ग्राम अरविंद नगर-दो सितारगंज के साथ बंगाली रीति रिवाज के साथ हुई थी। वर्तमान में उसका छह साल का बेटा है। बताया कि शादी के वक्त पति के नाना आनन बाला व नानी महन बाला पति को सिडकुल की कंपनी में सुपरवाइजर बताते हुए 25 हजार सैलरी होने की बात कही थी। इसके आधार पर मायके वालों ने हैसियत के हिसाब से स्त्री धन दिया।

कुछ समय बाद ही ससुराली एक लाख रुपये व बाइक देने का दबाव बनाने लगे और जब इंकार किया तो शारीरिक व मानसिक यातनाएं देनी शुरू कर दीं। आरोप था कि नाना-नानी व पति ने तीन माह की गर्भवती होने के बाद भी घर से निकाल दिया। 2023 में रुद्रपुर किराए के मकान पर भी आकर मारपीट की। साथ ही धमकाया कि यदि पुलिस कार्रवाई या अदालती कार्रवाई की तो जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

काशीपुर : खंड विकास कार्यालय में गुरुवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से खंड स्तरीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने प्रतिभाग किया। एकल लोक नृत्य में तृप्ति भारद्वाज प्रथम, स्नेहा दूसरे, दीया तीसरे स्थान पर रहे। समूह लोक नृत्य लोक गीत में वैभव मिश्रा प्रथम, कला में तृप्ति भारद्वाज एवं कंचन प्रथम, लोक नृत्य में आयुष नेगी पहले व रचना दूसरे स्थान पर रहे। समूह नृत्य में काजल सक्सेना, सुचि, अनामिका, आयुषी, दिव्यांशी, मानसी और योग में दीक्षा अधिकारी व लक्षिता रावत ने प्रतिभाग किया।

तमंचे के बल पर लूटपाट प्रकरण में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर, अमृत विचार: बिगवाड़ा चौकी इलाके में दबंगों द्वारा एक युवक को घेरकर तमंचे के बल पर लूटपाट किए जाने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप था कि हमलावर बार-बार फायरिंग कर दहशत फैला रहे थे। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

लालपुर निवासी अनीता मजूमदार ने बताया कि दो नवंबर की रात्रि उसका बेटा पवन मजूमदार फुफेरे भाई मिथुन के साथ रुद्रपुर स्थित परिचित को मिठाई देकर लौट रहा था। तभी शिमला पिस्तौर के समीप सैजनी गांव निवासी नितिन कुमार, बंटी ठाकुर, मनप्रीत व हेरू, सुशील ठाकुर, अंकित ठाकुर, सदन मंडल और लालपुर निवासी अंकित तिवारी ने घेर लिया और लोहे की राड व तमंचे की बट से हमला कर अधमरा कर दिया। जिसमें बेटे के हाथ पैर भी टूट गए। हमले के दौरान हमलावर बार-बार तमंचों से हवाई फायर कर रहे थे और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे।

श्रमिकों का जनाक्रोश सभा करने का ऐलान

गांधी पार्क में सभा को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: डॉल्फिन कंपनी सिडकुल पंतनगर में बुनियादी श्रम कानूनों को लागू कराने की मांग को लेकर चार महिला मजदूरों का विगत 18 दिनों से आमरण अनशन जिला अस्पताल रुद्रपुर में जारी है। इसके अलावा डॉल्फिन मजदूर संगठन के अध्यक्ष ललित कुमार और श्रमिक आकाश ने गांधी पार्क रुद्रपुर में अपना आमरण अनशन जारी रखा हुआ है। वहीं श्रमिकों ने बैठक कर 9 नवंबर को धरना स्थल पर जन आक्रोश सभा का ऐलान किया है।

गुरुवार को गांधी पार्क में बैठक के दौरान डॉल्फिन मजदूर संगठन के अध्यक्ष ललित कुमार ने कहा कि श्रमिक संयुक्त मोर्चा ऊधमसिंह नगर की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जन आक्रोश सभा आयोजित होगी। इसमें सभी यूनियनें शिफ्ट के अनुसार भागीदारी करेंगी और उसी दिन निर्णायक कदम उठाया जाएगा। साथ ही यह तय किया गया कि शुक्रवार को श्रमिक संयुक्त मोर्चे का एक प्रतिनिधिमंडल मजदूरों की समस्याओं के समाधान करने को डीएलसी से मुलाकात करेगा। इस अवसर पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह, महामंत्री चंद्रमोहन लखेड़ा, हरेंद्र सिंह, हृदयेश कुमार, फिरोज खान, अजय कटियार, धर्मेंद्र सिंह, कमल पांडे, कैलाश भट्ट मौजूद रहे।

नेट बैंकिंग के जरिए खाते से निकाले 2.47 लाख रुपये

रुद्रपुर : साइबर ठगों द्वारा नेट बैंकिंग के जरिए खाता धारक के लाखों रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बनियापुर बिरथला आगरा यूपी व हाल निवासी थाना ट्रांजिट कैंप फुलसुंगा निवासी कृष्ण कांत त्यागी ने बताया कि उसका खाता केनरा बैंक की शाखा रुद्रपुर में संचालित है। बैंक द्वारा बचत खाते का एटीएम व चेक बुक भी मुहैया कराई। बताया कि 23 अक्टूबर को मोबाइल पर लगातार एसएमएस व फोन आ रहे थे। जब कोई जवाब नहीं दिया तो पता चला कि खाते से दो बार 2.47 लाख की धनराशि नेट बैंकिंग के जरिए साइबर ठगों ने निकाल ली है। उन्होंने बताया कि बैंक जाकर खाता बंद कराया तो साइबर ठगों ने नेट बैंकिंग में सक्रिय मोबाइल को हैक करके ठगी करने की बात पता चली।

लक्ष्मीपुर पट्टी रोड होगी गड्ढा मुक्त : कादिर

काशीपुर : पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके द्वारा लक्ष्मीपुर पट्टी रोड निर्माण व लक्ष्मीपुर माइनर निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग का घेराव किया गया था। कादिर ने बताया कि फिलहाल नगर निगम द्वारा लगभग 10 लाख रुपये की लागत से वार्ड संख्या 12 लक्ष्मीपुर पट्टी में पीडब्ल्यूडी के पीछे वाले चौराहे से वार्ड संख्या 21, 22 व 13 के मध्य बड़े–बड़े गड्ढे भरे जाएंगे। इसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

वर्ग पहेली-245

बाएं से दाएं

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल–मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

ऊपर से नीचे

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।



वर्ग पहेली -244 का हल

1 कि	■	■	■	■
र	■	2 छि	3 गु	नी
कि	■	ज	■	■
री	■	4 अ	रा	ड़
■	5 जूं	भि	त	6 म
7 यू	■	ग	■	ह
रो	■	8 म	ज़	कू	री

सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5			6		2	
9	4	3		5		6		8
	7		8			9		
7			3			1		
8								7
		2			9			4
		7			2		6	
5		9		8		7	4	1
	6		1			3		

सुडोकू - 157 का हल

3	4	5	7	9	1	8	6	2
2	9	6	5	3	8	1	7	4
8	7	1	2	4	6	5	3	9
6	8	7	4	1	2	9	5	3
5	1	4	3	7	9	6	2	8
9	3	2	8	6	5	7	4	1
7	2	9	6	8	4	3	1	5
1	5	3	9	2	7	4	8	6
4	6	8	1	5	3	2	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 नवंबर शुक्रवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–सप्तमी 23.56 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–पश्चिम। **ऋतु**–हेमंत।
चन्द्रबल– मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल– भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– उत्तराषाढ़ा 12.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष – आज व्यापार में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको धन लाभ होगा। दूसरों पर ज्यादा ध्यान न दें। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। आप जिस काम को हाथ में लेंगे उसे पूरा अवश्य कर लेंगे।

वृष – आज जीवनसाथी के साथ मतभेद सुलझ सकते हैं। पार्टनरशिप में आप व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

मिथुन – आज मनोबल में कमी महसूस होगी। तनाव की वजह से अपच की समस्या होने की संभावना है। महिलाएं जीवनसाथी के साथ शॉपिंग के लिए जाएंगी। आपकी कमजोरियों का लोग लाभ उठाने का प्रयास करें। व्यापार में हानि हो सकती है।

कर्क – आज बुरी नीयत के लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर मित्रों से चर्चा करेंगे। जीवनसाथी से उपहार मिल सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं।

सिंह – आज जॉब को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। यात्रा के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। रक्तचाप की समस्या हो सकती है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। कोई सरकारी मामला अटक सकता है।

कन्या – आज आपके मन में विचारों का आधिक्य रहेगा। प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है। सिरदर्द और तनाव की समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। अपने आत्मविश्वास में कमी न आने दें।

तुला – आज मानसिक रूप से अशांति का अनुभव करेंगे। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। आय के अन्य विकल्पों पर ध्यान दें। धर्म–कर्म को लेकर आपको रुचि लेनी पड़ेगी। पड़ोसियों के साथ झगड़ा हो सकता है। बुजुर्ग लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिक – आज विदेश में कारोबार का विस्तार कर सकते हैं। विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होंगे। जरूरतमंदों की मदद अवश्य करें। धार्मिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

धनु – आज अधिकारियों का भरसक सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में लोग आपके काम पर नजर बनाए रखेंगे। फैशन और इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। अपने बौद्धिक कौशल का परिचय देंगे।

मकर – आज बड़े भाई–बहन से झगड़ा हो सकता है। मानसिक रूप से तनाव का शिकार हो सकते हैं। अपनी कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। मानसिक तनाव होने की संभावना बन रही है। अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें।

कुंभ – आज व्यापार में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। भोग–विलास के साधनों का आनंद उठाएंगे। आपकी वाणी में मिठास रहेगी, जिससे लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। धन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत शुभ है।

मीन – आज घरेलू कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। स्वयं को सिद्ध करने के कई मौके आपको मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। योग, ध्यान और व्यायाम को काफी महत्व देंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आसमान से ऊंचा – दोपहर : 12.00
- परिवार – शाम : 06.00

&pictures
- वलाटी – सुबह : 11.35
- उरी – रात : 07.30

SONY PIX
- पैसिफिक रिम – सुबह : 11.02
- एंजल हेज फॉलेन – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- द पुलिस पावर – सुबह : 08.42
- रुद्रांगी – रात : 08.00

ZEE ACTION
- रन – सुबह : 11.13
- फूल बने अंगारे – रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया।
पुलिसवाला– रुको
औरत– मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिस वाला– अहा! इस दिन के इंतजार में तो मैं कई सालों से था लो अब 100 बार लिखो कि मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नहीं तोड़ूंगी।

एक दिन हाथी की बाइक खराब हो गई, एक चींटी ने उसे अपनी स्कूटी पर लिफ्ट दे दी।
रास्ते में चींटी हाथी से बोली– ओए, थोड़ा झुककर बैठ पापा ने देख लिया तो बवाल हो जाएगा।

गोल्ज्यू महोत्सव में लोक गायक खनवाल ने जमाया रंग, देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को डटे रहे लोग

हाय ककड़ी झिल मा, लूण पिसी सिल मा...

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के मल्ला महल में चल रहे पांच दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव में बुधवार देर रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें लोक गायक राकेश खनवाल ने कुमाऊनी-गढ़वाली लोक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से आयोजित गोल्ज्यू महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक टीमों ने कुमाऊं-गढ़वाली नृत्यों और गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। देर रात तक दर्शक दीर्घा में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लुप्त उठाने के लिए जमे रहे। यहां पहुंचे लोक कलाकार राकेश खनवाल ने क्रीम पोडरा..., हिट दीपा म्यर दगड़ा..., हाय ककड़ी झिल मा, लूण पिसी सिल मा..., हे पूजा तिले धारू बोला..., अल्मोड़ा बाजार कमला ना मार लटका..., और बेडू पाको बारामासा ओ नरेणि काफल पाको चैता मेरी छैला... आदि कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

वहीं, महोत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों से पहुंची सांस्कृतिक टीमों ने भी अपनी-अपनी संस्कृति की प्रस्तुति देकर लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर यहां अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, सचिव प्रकाश बिष्ट, पूरन रौतेला, ललित मोहन बिष्ट, मंयक रौतेला, सुशील साह, भैरव गोस्वामी, मनोज वर्मा, महेश नयाल, किरन पंत, लता तिवारी, प्रीति बिष्ट, डॉ. संतोष बिष्ट, हरीश कनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

गोल्ज्यू महोत्सव में लोक संस्कृति की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

लोक गायक राकेश खनवाल।

धारानौला से विकास भवन तक सिटी बस के संचालन करने की मांग उठाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की गुरुवार को मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन से जल्द समाधान की मांग उठाई गई।

परिषद कार्यालय नंदा देवी में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में कटखने बंदर और आवारा जानवरों से निजात दिलाने, नगर क्षेत्र में घर-घर में पानी के मीटर लगाने, धारानौला से विकास भवन तक सिटी बस सेवा का संचालन करने, किन्नरों के मनमाने पैसे वसूलने पर रोक लगाने समेत तमाम समस्याओं को रखा। साथ ही इन समस्याओं के जल्द समाधान की मांग उठाई।

यहां बैठक में अध्यक्ष केशव दत्त पांडे, पीजी गोस्वामी, सुरेंद्र लाल टम्टा, मोहन चंद्र जोशी, हरीश सिंह, विनोद गिरी, नरेंद्र कुमार वर्मा, त्रिलोक सिंह, महेंद्र सिंह मनराल, आनंद सिंह, दान सिंह, सुरेश सिंह असवाल, प्रकाश सिंह बोरा, रघुवीर सांगा समेत कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

बॉन्ड अवधि तक सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश

जिलाधिकारी ने पीएम ग्राम सड़क योजना की समीक्षा बैठक ली

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : डीएम आलोक कुमार पांडे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने योजना की समीक्षा करते हुए ग्रामीण सड़कों को बेहतर रखने लिए लगातार अनुरक्षण कार्य किए जाने समेत गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए अपने लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि ठेकेदार द्वारा बॉन्ड अवधि तक सड़कों की मरम्मत के कार्य अनिवार्य रूप से करवाए जाएं। वहीं, कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूरा करने को निर्देशित किया। इसके अलावा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में राशन कार्डों एवं यूनिटों में एकरूपता रहे। कहीं भी अपात्रों को खाद्य योजनाओं का लाभ न दिया जाए। जो पात्र लाभार्थी हैं उन्हें हर हाल में निर्धारित राशन की आपूर्ति की जाए। कहा कि जनपद के पेट्रोल पंपों, अनाज तथा गैस गोदामों में मानकों के अनुरूप पर्याप्त सामग्री रहे। उन्होंने सभी सप्लाई निरीक्षक लगातार क्षेत्रों में राशन, गैस आदि की जांच करते रहें। यहां बैठक में सीडीओ दिवेश शाशनी, अधीक्षण अभियंता पीएमजीएसवाय, विनोद कुमार, ईई ज्ञानेंद्र उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार आदि रहे।

पुलिस कार्यालय में ऑपरेशन स्माइल की समीक्षा बैठक करते एसएसपी देवेंद्र पींचा।

'ऑपरेशन स्माइल' के तहत 11 गुमशुदाओं को खोजा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिलेभर में पुलिस का मिशन 'ऑपरेशन स्माइल' के तहत अभियान जारी है। अभियान के तहत दो माह के भीतर पुलिस ने 11 गुमशुदाओं को खोज उनके स्वजन के सुपुर्द किया है। बुधवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने ऑपरेशन स्माइल के तहत अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत से अब तक पुलिस ने गुमशुदा दो बालिकाओं, छह पुरुष और तीन महिलाओं को बरामद किया। उन्होंने गुमशुदाओं के बारे में गैर-जनपद व गैर-राज्यों से जानकारी जुटाकर तलाश के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। यहां प्रभारी डीसीआरबी निरीक्षक अजय लाल साह, प्रभारी स्माइल टीम अपर उप निरीक्षक त्रिभुवन सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, रजनी बघरी आदि रहे।

सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की उठाई मांग

अमृत विचार, बागेश्वर

अमृत विचार : लोनिवि कपकोट के अंतर्गत हरसीला-चलकाना-पुड़कुनी मोटर मार्ग में सरकार के आदेश के बाद विभाग ने पेंच वर्क तो किया परंतु कई स्थानों पर विभाग पेंच वर्क करना भूल गया। जिससे मोटर मार्ग की हालत जस की तस है तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सड़क को गड्ढा मुक्त बनाए जाने की मांग की है।

ग्रामीण धन सिंह बघरी, बलवंत सिंह, प्रवीण सिंह, कुशाल सिंह, विशन सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग कपकोट के अधीन पुड़कुनी-चलकाना मोटर मार्ग कई सालों से खस्ताहाल है। मार्ग में बने गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। कई बार इस संबंध में विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

दीपावली से पूर्व लोनिवि द्वारा इस मार्ग में पेंच वर्क किया गया परंतु जिन स्थानों पर मार्ग अधिक क्षतिग्रस्त था वहां पर लोनिवि ने पेंच वर्क नहीं किया जिससे मार्ग में समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मार्ग में मरम्मत न होने से दुर्घटना का भी भय बना हुआ है उन्होंने डीएम से मोटर मार्ग में संपूर्ण पेंच वर्क करने की मांग की है। इधर सहायक अभियंता अंकुर सिंह ने बताया कि उक्त सड़क का आंगणन वन टाइम मेंटनेंस के तहत शासन को गया है धनराशि स्वीकृत होते ही पूर्ण कार्य कराया जाएगा।

पुड़कुनी-चलकाना मोटर मार्ग पर बने गड्ढे। ● अमृत विचार

कृषकों को सीएसए का दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा, अमृत विचार: विकासखंड भैंसियाछाना में उद्यम वेग वृद्धि परियोजना की ओर से संचालित देव भूमि स्वायत्त सहकारिता पांडेतोली बाड़ेछीना में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दो दिवसीय क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रशिक्षण में 20 से अधिक कृषकों ने भाग लिया। मौके पर कृषकों को जलवायु परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया। इसके अलावा तमाम अन्य जानकारियां दी गई। यहां विनोद पांडे, प्रदीप तिवारी, दीपक, हंसा, ललिता, ज्योति आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने किया एक वारंटी गिरफ्तार

अल्मोड़ा, अमृत विचार: न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को देघाट पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी मनमोहन सिंह पुत्र बच्चे सिंह, निवासी तामांढौन, देघाट को घर से दबोच न्यायालय में पेश किया। टीम में थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत आदि कर्मी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

2 दिसंबर को होगी ताइक्वांडो खिलाड़ियों की भर्ती रैली

रानीखेत : कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर की वॉइज स्पोर्ट्स कंपनी की ओर से प्रतिभावान युवा ताइक्वांडो खिलाड़ियों की भर्ती की जाएगी। जिसके लिए चयन रैली 2 से 5 दिसंबर तक नरसिंह मैदान में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी को सुबह 10 बजे तक भर्ती स्थल पर पहुंचना होगा। ब्याज स्पोर्ट्स कंपनी के कमान अधिकारी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार चयन रैली सभी राज्यों के सभी जातियों के बच्चों के लिए आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी की उम्र 2 दिसंबर 2024 को 8 से 14 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम पांचवी पास निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी को भोजन, आवास, शिक्षा, चिकित्सा तथा वार्षिक बीमा आदि की निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी जबकि आवश्यक शर्तें पूरी होने पर 17 वर्ष 6 माह की आयु के बाद सेवा में भर्ती और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा में सेवा का प्रतिरोध करने का मौका मिलेगा। अभ्यर्थी को शैक्षिक, चरित्र, मूल निवास, जाति व जन्म प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड खेल संबंधी प्रमाण पत्र व पासपोर्ट आकार के 10 फोटो लाना अनिवार्य है।

बैठक में की गई समस्याओं पर चर्चा

रानीखेत : चिलियानौला नगर पालिका सभागार में पर्वतीय वृद्ध जन कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगरपालिका की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही सल्ट के मरचूला में हुई दर्दनाक बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह रावत ने पहाड़ी सड़कों की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार को सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बैठक के दौरान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। बैठक में सचिव त्रिलोचन भट्ट, उमा रावत, जीडी भट्ट, ख्याली दत्त शर्मा, लीलाधर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

युवा समिति के रोहित अध्यक्ष, योगेश सचिव बने

अल्मोड़ा : नगर के तल्ला ओढ़खोला में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान युवा समिति का गठन किया गया। युवा समिति नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण को प्रयासरत रहेगी। मौके पर समिति में सर्वसम्मति से रोहित कुमार को अध्यक्ष, रवि कुमार व दिनेश कुमार उपाध्यक्ष, राहुल टम्टा, रोहित रंजन व योगेश कुमार सचिव, सागर प्रसाद, संजय टम्टा उपसचिव और मयंक मोहन व अमन कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। यहां राजेंद्र प्रसाद, किशन लाल, अर्जुन भाकुनी, विनोद कुमार, महेंद्र लाल, गोविंद लाल, कमल किशोर, संजय कुमार, मनोज कुमार, दीपक, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: पूर्वांचल के लोगों ने छठ पर्व पर गुरुवार को शारदा घाट में पंरपरा के अनुसार अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रती महिलाओं ने विशेष पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूजा अर्चना के साथ-साथ दिए भी जलाए गए जो शारदा नदी में प्रवाहित किए गए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई।

दोपहर से ही महिलाओं व पुरुषों का घाट में आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान पुरुषों ने टोकरी में फल, ठेकुवा, दूध आदि पूजा सामग्री को अपने सर पर रखकर शारदा घाट तक पहुंचाया। बाद में पूजा अर्चना की गई और महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य। शुक्रवार की सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की जाएगी। निर्जल व्रत रखने वाली महिलाएं व्रत खोलकर पूजा अर्चना करेंगी। पर्व को लेकर नगर पालिका ने घाट को साफ सुथरा रखते हुए विद्युत की व्यवस्था की। ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने बताया कि गुरुवार की सुबह से ही घाट की सफाई शुरू कर दी गई थी। कार्यक्रम में देवेन्द्र सिंह, द्वारिका प्रसाद, इंदु सिंह, मालती देवी, पूनम, अर्चना, माधुरी देवी, मधु देवी, कौशल्या देवी, प्रवीण सिंह, सोमनाथ सिंह, मनोज गुप्ता, बेचेन सिंह यादव, ओम प्रकाश, राम सवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

इधर, लोहाघाट में भी छठ पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार की शाम व्रती महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर अस्त होते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर मनचाहा वरदान मांगा। स्थानीय ऋषेश्वर महादेव मंदिर स्थित लोहावती नदी के तट पर महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठी मैय्या की पूजा अर्चना की। बेतिया, मोतीहारी, चंपारन, छपरा, गोरखपुर आदि स्थानों की महिलाओं और पुरूषों ने घाट में मंगल गीतों का गायन किया। सीमा, उषा, गुडिया, हीरा, पुष्पा देवी, सुरेश सिंह, मुक्तार सिंह, मुकेश सिंह आदि ने बताया कि वह अपने घर से दूर रहकर भी छठी मैय्या का पूजन धूमधाम से करती है। इस दौरान लोगों ने लोहावती नदी तट पर आतिशबाजी भी की।

टनकपुर शारदा घाट पर पूजा अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

'मेरा खोज यात्रा शीर्षक' पर देंगे प्रो. वीनलैंड व्याख्यान

रानीखेत, अमृत विचार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में विज्ञान और आध्यात्मिकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में रसायन विभाग के प्राध्यापक डॉ. भारत पांडे ने बताया कि 'मेरा खोज यात्रा शीर्षक' से यह ऑनलाइन कार्यक्रम 17 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें इंस्टीट्यूट, कोलकाता संग साझेदारी कर नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. वीनलैंड अपना व्याख्यान देंगे। प्रो. पुष्पेश पांडे ने कहा कि प्रो. वीनलैंड जैसे नोबेल पुरस्कार विजेता को आमंत्रित करना छात्रों के लिए विश्व स्तरीय वैज्ञानिक शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उन्हें विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में करियर के प्रति प्रेरित करने का अद्भुत अवसर है।

उत्तर प्रदेश

निर्माणाधीन पुल का गार्डर गिरने से निरीक्षक की मौत

गोरखपुर, एजेंसी: जिले के चिलुआताल क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पुल का गार्डर गिरने से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक निरीक्षक की मौत हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि एसएसबी के निरीक्षक विजेन्द्र सिंह (45) चितुआताल थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पुल के पास से मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे जिस दौरान पुल में लगाने के लिये करीब 10 क्विंटल वजन का एक गार्डर क्रेन की मदद से उठाया जा रहा था।

बताया कि अचानक जंजीर टूटने से गर्डर नीचे से गुजर रहे विजेन्द्र सिंह पर गिर गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। विजेन्द्र के साथ ही मोटरसाइकिल पर बैठे साथी निरीक्षक मन्ये कुंडू को भी गम्भीर चोटें आयी हैं और उन्हें बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हरिद्वार के रहने वाले विजेंद्र सिंह 2022 से चिलुआताल स्थित एसएसबी मुख्यालय में तैनात थे। अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि क्रेन ऑपरेटर हादसे के बाद फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। गोरखपुर में 76.28 करोड़ की लागत से बन रहे 1021 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण कार्य 2021 में शुरू हुआ था। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम करा रहा है।

अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, मजदूर की मौत

रामपुर, अमृत विचार : स्वार रोड पर टेपों अनियंत्रित होकर पलटने से मजदूर की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई। चालक मौका पाकर फरार हो गया।

स्वार के धनौरी निवासी 55 वर्षीय मान सिंह उपले बेचता था। गुरुवार सुबह वह शहर आया था। काम निपटाने के बाद वह वापस घर जा रहा था। मंडी चौकी से कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने बस आने के कारण टेंपो चालक नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। आसपास के लोग ने घायल महिला और मान सिंह को अस्पताल पहुंचाया। जहां मान सिंह को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि रेशम देई को भर्ती कर लिया गया।

नेत्रदान राज्य आंदोलनकारी की पत्नी का निधन, दोनों आंखें नेत्र बैंक को दान की, तीनों बेटियों ने मां को कंधा देकर दी मुखाग्नि

जाते-जाते दृष्टिहीनों को संसार दिखा गईं हरिप्रिया

संवाददाता,चम्पावत/लोहाघाट

अमृत विचार : राज्य आंदोलनकारी स्व. हीरा बल्लभ गहतोड़ी की पत्नी हरिप्रिया 75 वर्ष की आयु में अनंत ज्योति में विलीन हो गई। संसार से विदा होने से पहले उन्होंने अपनी दोनों आंखें दान करने की इच्छा जताई थी, जिस पर परिजनों ने अंतिम संस्कार से पूर्व नेत्रदान की प्रक्रिया करवाई। वह चम्पावत जिले की पहली महिला हैं, जिन्होंने नेत्रदान किया है।

लोहाघाट के हथरंगिया की रहने वाली हरिप्रिया गहतोड़ी पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। हरिप्रिया अपने पीछे तीन बेटियों को छोड़ गई हैं। इनमें तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित रीता व अंजू ने माता पिता की सेवा के लिए विवाह नहीं किया जबकि सबसे छोटी बेटी करुणा शिक्षिका है।

तीनों बहनों ने सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ते हुए मां के शव को कंधा देकर चिता को मुखग्नि दी। तीनों बहनों ने पूर्व में अपने पिता का भी ऐसे ही अंतिम संस्कार व क्रियाकर्म किया था। वे पिता का श्राद्ध भी करती आ रही हैं। हरिप्रिया की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उन्हें अपनी अंतिम श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व लोहाघाट उपजिला अस्पताल के नेत्र सर्जन डॉ. विराज राठी ने कार्नियां निकालीं। इनको रुद्रपुर से आए महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मित्तल नेत्रदान केंद्र को दी गई हैं। इनके दो प्रतिनिधि डॉ. राठी की पहल पर यहां आए थे। उनके निधन पर राज्य आंदोलनकारी नवीन मुरारी, सतीश चंद्र पांडे, सचिन जोशी, गोविंद बोरा, जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष सीबी ओली आदि ने शोक जताया है।

तीनों बहनों की मौजूदगी में मृतक माता का कॉर्निया (आंख) निकालते डॉक्टर राठी।

सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा,जिला महामंत्री पूरन सिंह मेहरा, पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट शंकर दत्त पांडेय,जिलाधिकारी नवनीत पांडेय, सीएमओ डॉ देवेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख नेहा ढेक, विनीता सिंह फर्त्याल, सुमन लता, रेखा देवी, एनआरआई राज भट्ट आदि लोगों ने हरिप्रिया के निधन पर शोक व्यक्त किया।

तिहरे हत्याकांड में दो को उम्र कैद

कानपुर, अमृत विचार: फजलगंज के उचवां बस्ती में तीन साल पहले परचून दुकानदार, उसकी पत्नी व 12 वर्षीय बेटे के तिहरे हत्याकांड में इटावा निवासी दो अभियुक्तों को अपर जिला जज 14 की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर 80-80 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। डीजीसी व एडीजीसी ने तिहरे हत्याकांड की क्रूरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्तों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों ने दोस्त की तरक्की देख जलन में हत्याकांड किया था।

पुलिस ने विवेचना के दौरान इटावा के बकेवर निवासी गौरव शुक्ला व महेवा निवासी हिमांशु सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

पुलिस ने नहीं की कार्रवाई पीड़िता ने गटका जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न होने से आहत पीड़िता जहर खाकर अमरिया थाने पहुंच गई। पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची। बरेली में उसकी मौत हो गई। एसओ अमरिया पर आरोपी को बचाने और पीड़िता को धमकाने का आरोप लगा है। पीड़िता का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह आरोप लगा रही है कि एसओ ने उसे जहर खाने को बोला था। एसपी ने दो दिन में जांच करने के निर्देश दिए हैं।

अमरिया थाना क्षेत्र की 28 वर्षीय युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग था। आरोप है कि प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। करीब दस माह पूर्व पीड़िता की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने साक्ष्य के अभाव का हवाला देकर फाइनल रिपोर्ट लगा दी। हालांकि अधिकारियों ने पुनः विवचेना के आदेश दिए थे जिसके बाद से विवेचना प्रचलित है। बुधवार को दुष्कर्म पीड़िता अमरिया थाने पहुंची और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। फिर बताया कि वह जहरीला पदार्थ खाकर आई है। ये सुनकर पुलिस के होश उड़ गए थे। युवती को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बरेली के एक अस्पताल में देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस पर आरोप लगे तो अफसरों ने जांच शुरू करा दी।

एक नजर

निवा बूपा के आईपीओ को 65 प्रतिशत अभिदान मिला

नई दिल्ली। स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की कंपनी निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के पहले दिन गुरुवार को 65 प्रतिशत अभिदान मिला। इस कंपनी को पहले मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के नाम से जाना जाता था। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, निवा बूपा की तरफ से आरंभिक शेयर बिक्री में की गई 17,28,57,143 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 11,18,61,400 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों के खंड को 79 प्रतिशत अभिदान मिला जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के खंड को 70 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। वहीं गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 33 प्रतिशत अभिदान मिला। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने बुधवार को एंकर निवेशकों से 990 करोड़ रुपये जुटाने की जानकारी दी थी। इस निर्गम का मूल्य दायरा 70-74 रुपये प्रति शेयर है। यह निर्गम 11 नवंबर को बंद होगा।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5100 मसूरी- 5200 बासमती- 9200 परमल- 3700 **दाल दलहन :** काला चना- 8600 साबुत चना दाल- 9100 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 11200-15200 दाल उड़द- 10400 साबुत मसूर दाल- 7300 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 11400 काबुली चना- 12500-14400 अरहर दाल- 12800-14100 लोबिया/करमानी- 8200 सोयाबीन- 5100 मूंगफली- 11500 मटर (सूखी)- 5600 मक्का- 3750

शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी थमी

निवेशकों ने सतर्कता बरती, सेंसेक्स 836 अंक टूटा, निफ्टी 285 अंक नीचे आया

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी का रुख गुरुवार को थम गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत दर संबंधी निर्णय के पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे सेंसेक्स 836 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 285 अंक नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होने को लेकर बना उत्साह फीका पड़ जाने से भी घरेलू बाजार की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 836.34 अंक यानी 1.04 प्रतिशत फिसलकर 79,541.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 958.79 अंक गिरकर 79,419.34 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 284.70 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,199.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर ही लाभ के साथ बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार पिछले दिन हासिल बढ़त को गंवा बैठा।

- **सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर ही लाभ के साथ बंद हुआ**

कंपनियों के दूसरी तिमाही के निराशाजनक नतीजों और विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। नायर ने कहा कि ट्रंप की चुनावी जीत को लेकर पैदा हुआ उत्साह धीमा पड़ गया। इसके अलावा अब निवेशकों की नजर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक के नतीजे पर टिक गई है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.67 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.44 प्रतिशत का नुकसान दर्ज किया गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली रही और सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की गिरावट धातु खंड में रही जबकि जिंस खंड में 1.65 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, अमेरिकी चुनाव के बाद नजरें अब फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों और उसकी टिप्पणियों पर लगी हैं।

आरसीईपी और सीपीटीपीपी का हिस्सा होना चाहिए भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को कहा कि भारत को क्षेत्रीय वृहद आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) और प्रशांत-पारीय साझेदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते (सीपीटीपीपी) का हिस्सा होना चाहिए। भारत 2013 में वार्ता में शामिल होने के बाद 2019 में आरसीईपी से बाहर निकल गया था।

आरसीईपी में 10 आसियान समूह के सदस्य (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाइलैंड, फिलिपीन, लाओस और वियतनाम) और उनके छह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार - चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत को आरसीईपी (क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी) और सीपीटीपीपी (प्रशांत पारीय भागीदारी के लिए व्यापक तथा प्रगतिशील समझौता) का हिस्सा होना चाहिए और इसका सदस्य बनना चाहिए। सीपीटीपीपी पांच महाद्वीपों में फैला एक मुक्त व्यापार संघ है, जो प्रशांत क्षेत्र के देशों कनाडा, मेक्सिको, पेरू, चिली, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और जापान से मिलकर बना है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने चीन प्लस वन अवसर का लाभ उठाया है।

- **नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम बोले**

स्विगी के आईपीओ को दो दिन में 35 प्रतिशत अभिदान

नई दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने के सामान की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शेयर बिक्री के दूसरे दिन गुरुवार तक 35 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री में 16,01,09,703 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 5,56,98,652 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के कोटा को 84 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के खंड को 28 प्रतिशत अभिदान मिला। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 14 प्रतिशत अभिदान मिला। स्विगी ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 5,085 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

एचडीएफसी बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.05 प्रतिशत बढ़ाई

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को चुनिंदा परिपक्वता अवधि के कर्ज पर कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) 0.05 प्रतिशत बढ़ा दी। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एक साल की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर दर को 9.45 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। हालांकि, एक दिन के लिए एमसीएलआर 9.10 प्रतिशत से बढ़कर 9.15 प्रतिशत हो गई है, जबकि एक महीने की दर 0.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9.20 प्रतिशत हो गई है।

सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी नहीं होगी : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसका आवंटन किया जाएगा। भारतीय अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल इसकी नीलामी किए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने इसके आवंटन की वकालत की है।

सिंधिया ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि हालांकि, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम मुफ्त नहीं दिया जाएगा तथा भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इसके लिए कीमत तय करेगा। सिंधिया ने कहा, हर देश को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का पालन करना होता है, जो अंतरिक्ष या उपग्रहों में स्पेक्ट्रम के लिए नीति निर्धारित करने वाला संगठन है। आईटीयू असाइनमेंट के आधार पर स्पेक्ट्रम दिए जाने के मामले में बेहद स्पष्ट रहा है। इसके अलावा, अगर आप आज दुनियाभर में देखें, तो मुझे एक भी ऐसा देश नहीं दिखता जो उपग्रह के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो। भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का सदस्य है। मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धियों ने प्रशासनिक आवंटन का समर्थन किया है।

- **भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी व सुनील मित्तल कर रहे मांग**

जापानी कंपनी निसान ने 9,000 कर्मचारियों को किया बाहर

टोक्यो। जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान ने अपनी बिक्री में गिरावट तथा भंडारण की लागत बढ़ने के चलते 9,000 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी को इस वजह से चालू वित्त वर्ष की ताजा तिमाही में घाटा हुआ है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि उन्होंने निराशाजनक नतीजों की जिम्मेदारी लेते हुए अपने वेतन में 50 प्रतिशत की कटौती की है। निसान मोटर कॉर्प ने वैश्विक स्तर पर 9,000 लोगों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो कि उसके 1,33,000 का छह प्रतिशत है।

भूटान के पीएम ने भारतीय निवेशकों को दिया निमंत्रण

दर्रांगा (असम), एजेंसी

भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने भारतीय निवेशकों को अपने देश में निजी उद्यम लगाने के अलावा संयुक्त उपक्रम लगाने के लिए गुरुवार को आमंत्रित किया। इसके साथ ही तोबगे ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पूर्वी भूटान और पूर्वोत्तर भारत को बाहरी दुनिया के सामने एक साथ दिखाने पर भी जोर दिया। उन्होंने असम के दर्रांगा में भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत चेक पोस्ट के उद्घाटन पर यह बात कही।

उन्होंने कहा, भूटान के लोगों को असम से होकर जाने के लिए पासपोर्ट की जरूरत नहीं होती थी लेकिन अन्य पर्यटकों को इसकी जरूरत पड़ती थी। इस चेक पोस्ट की शुरुआत से यह सुनिश्चित हो सकेगा कि दूसरे देशों के पर्यटक अब भारत में निर्बाध रूप से प्रवेश कर सकें। भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा, हम भारत के साथ मिलकर समृद्ध होना चाहते हैं। हम बांग्लादेश को बोल्डर निर्यात करते हैं। कुछ निर्मित सामान भी निर्यात कर रहे हैं।

- **असम के दर्रांगा में भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत चेक पोस्ट का किया उद्घाटन**

राष्ट्रीय

एक नजर

रोहतास में चार लोगों की डूबकर गई जान

डेहरी आन सोन। बिहार के रोहतास जिले में महापर्व छठ के दिन आज चार लोगों की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के भानस थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के दो युवक की चौसा नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवकों में पिपरा गांव निवासी रामजी सिंह का पुत्र आयुष कुमार (18) और तुर्की निवसी अभिषेक कुमार (22) शामिल है। वहीं इस घटना में पिपरा गांव निवासी शिक्षक सिकंदर सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार को ग्रामीणों ने डूबने से बचा लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि आज शाम तिलौथू थाना क्षेत्र में सोन नदी के छठ घाट पर नहाने के दौरान एक ही गांव के चार लोग डूब गए, जिसमें से तीन एक ही परिवार के हैं।

नौसेना की क्षमताओं का राष्ट्रपति ने अवलोकन किया

पणजी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को गोवा तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर भारतीय नौसेना के परिचालन प्रदर्शन को देखा। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति गोवा स्थित नौसेना वायु स्टेशन आईएनएस हंसा पहुंचीं जहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस' एडमिरल संजय जे सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा, उनके आगमन पर 150 लोगों की एक औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर परेड भी आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद राष्ट्रपति स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार हुईं।

रिटायर्ड जजों की पेंशन को लेकर शीर्ष अदालत हैरान

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 6,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच मामूली पेंशन मिलने पर हैरानी जताई। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिन्होंने कहा है कि उन्हें मात्र 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है।

जल्द लाएंगे राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। शाह ने यह भी कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन आतंकवाद की कोई क्षेत्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों - केंद्रीय और राज्य - को निकट समन्वय के साथ काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के रूप में एक मॉडल दृष्टिकोण पेश किया है, जिसे यदि अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा। गृह मंत्री ने यहां एक आतंकवाद-निरोधक सम्मेलन में कहा, आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा, और इसीलिए हम जल्द ही एक नई राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति लाएंगे जिसमें आप सभी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि नई नीति से राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों को आतंकवाद से निपटने में निकट समन्वय से काम करने में मदद मिलेगी।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हर किसी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को युवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करना पड़ेगा और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा। शाह ने कहा, 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि अब पूरी दुनिया ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की प्रधानमंत्री मोदी की नीति को स्वीकार कर लिया है।

नई दिल्ली में आतंकवाद विरोधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान एक सभा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। • एजेंसी

प्रज्ञा ठाकुर ने अपने सूजे हुए चेहरे की तस्वीर पोस्ट की

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के 2008 मालेगांव विस्फोट मामले की मुख्य आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने सूजे हुए चेहरे की एक तस्वीर पोस्ट की। साथ ही आरोप लगाया कि कांग्रेस की यातना के कारण उन्हें आजीवन घातक पीड़ा हुई और अगर वह जीवित रहीं तो अदालत में पेश होंगी।

मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई कर रही एक विशेष अदालत द्वारा सुनवाई में शामिल न होने पर भोपाल की पूर्व भाजपा सांसद के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने के दो दिन बाद उन्होंने यह फोटो पोस्ट की। ठाकुर और छह अन्य व्यक्ति विस्फोट में कथित संलिप्तता के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। जमानती वारंट जारी करते हुए विशेष अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने मंगलवार को कहा कि मामले में अंतिम बहस चल रही है और आरोपियों की उपस्थिति आवश्यक है। वारंट के मुताबिक, 13 नवंबर तक ठाकुर को अदालत में पेश होना होगा। प्रज्ञा ठाकुर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस की यातना सिर्फ एटीएस की हिरासत तक ही नहीं, मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदाई कष्ट का कारण हो गयी।

- **मालेगांव विस्फोट मामले की मुख्य आरोपी हैं प्रज्ञा सिंह ठाकुर**

अमेजन, फ्लिपकार्ट के लिए काम करने वाले विक्रेताओं के 19 परिसरों पर छापेमारी की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी निवेश उल्लंघन जांच के तहत अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए काम करने वाले कुछ मुख्य विक्रेताओं के परिसरों पर गुरुवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई के तहत दिल्ली, गुरुग्राम और पंचकूला, हैदराबाद और बेंगलुरु में स्थित इन तरजीही विक्रेताओं के कुल 19 परिसरों की तलाशी ली गई।

सूत्रों ने बताया कि ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत दो बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कई शिकायतों पर जांच शुरू की है। आरोप लगाया गया है कि ये कंपनियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं या सेवाओं के बिक्री मूल्य को प्रभावित करके और सभी विक्रेताओं को समान अवसर प्रदान नहीं करके भारत के एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

- **ईडी ने विदेशी निवेश उल्लंघन जांच के तहत की कार्रवाई**

नए भारत में कोई भी कानून से ऊपर नहीं : कैट

नई दिल्ली। खुदरा कारोबारियों का संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन और फ्लिपकार्ट पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में दो और लोग गिरफ्तार

मुंबई। राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या से संबंधित मामले में गुरुवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके के निवासी आदित्य गुलनकर (22) और रफीक नियाज शेख (22) को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि वे कथित साजिशकर्ताओं में से एक प्रवीण लोनकर और एक अन्य आरोपी रूपेश मोहोल के संपर्क में थे।

वक्फ विवाद: पीसी अध्यक्ष ने कर्नाटक के पीड़ित किसानों से 500 से अधिक अर्जियां प्राप्त कीं

हुबली/विजयपुरा, एजेंसी

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को गुरुवार को कर्नाटक के उत्तरी जिलों के उन किसानों से 500 से अधिक अर्जियां प्राप्त हुईं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया है। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद और जेपीसी सदस्य तेजस्वी सूर्या भी उनके साथ थे। पाल ने अपनी यात्रा के दौरान हुबली, विजयपुरा और बेलगावी का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने किसानों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने शिकायत की थी कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर दावा कर रहा है।

बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या के कार्यालय ने एक बयान में कहा, जगदंबिका पाल और सूर्या को विजयपुरा, बीदर, कलबुर्गी, हुबली, बागलकोट और बेलगावी के किसानों की 500 से अधिक याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें कहा गया था कि उनकी कृषि भूमि पर वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा रहा है। पाल ने कहा कि वह तथ्य अन्वेषण और पीड़ितों से मिलने के लिए राज्य में आए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों और विभिन्न संगठनों ने उन्हें दस्तावेज और ज्ञापन सौंपे हैं। पाल ने कहा कि किसानों और संगठनों को आश्वासन दिया गया है कि उनके मुद्दे पर जेपीसी में चर्चा की जाएगी और रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

- **किसानों की जमीन वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित करने का है आरोप**

ट्रू-कॉलर इंडिया के कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने गुरुवार को कर अपवंचना के मामले में वैश्विक कॉलर आईडी मंच ट्रू-कॉलर के कार्यालयों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्टॉकहोम मुख्यालय वाली कंपनी ने कहा कि वह जांचकर्ताओं के साथ सहयोग कर रही है। कर अधिकारियों ने कहा कि तलाशी का उद्देश्य ट्रांसफर प्राइसिंग (टीपी) मुद्दों सहित कर चोरी के कुछ आरोपों के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र करना और दस्तावेजों की जांच करना था। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ट्रू-कॉलर के भारत में बेंगलुरु, मुंबई और गुरुग्राम में कार्यालय हैं। कंपनी ने एक सार्वजनिक बयान में कहा, सात नवंबर गुरुवार को ट्रू-कॉलर इंडिया के कार्यालयों में कर अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

- **ट्रांसफर प्राइसिंग (टीपी) मुद्दों सहित कर चोरी के आरोप**

257 गैर-हिंदू छात्रों के खिलाफ होगी कार्रवाई

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उन 257 छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है जो हिंदू धर्म की जगह अन्य धर्म का अनुसरण कर रहे थे, लेकिन हिंदू आदिवासी अभ्यर्थी के रूप में आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे थे। पहले राज्य सरकार की विशेष समिति द्वारा की गई जांच में पता चला था कि एसटी श्रेणी के तहत पंजीकरण कराने वाले 13,858 छात्रों में 257 हिंदू धर्म का नहीं बल्कि अन्य धर्म का अनुसरण कर रहे थे।

परमार्थ कार्यों में सबसे आगे हैं शिव नादर

मुंबई, एजेंसी

एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर वित्त वर्ष 2023-24 में परोपकार के मामले में एक बार फिर देश के सबसे अमीर लोगों को पीछे छोड़ दिया है। एडेलगिव-हुरुन इंडिया की परमार्थ सूची के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में परोपकारी कामों में में नादर की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत बढ़कर 2,153 करोड़ रुपये हो गई। देश के सबसे अमीर भारतीय गौतम अडाणी के 330 करोड़ रुपये और दूसरे सबसे अमीर रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी के 407 करोड़ रुपये की तुलना में यह राशि बहुत अधिक है। इस सची में अंबानी दूसरे और अडाणी पांचवे स्थान पर हैं।

मोटर वाहन और फाइनेंस क्षेत्र में रुचि रखने वाले बजाज परिवार ने सालाना आधार पर 33 प्रतिशत अधिक 352 करोड़ रुपये परमार्थ कार्यों के लिए दिया और सूची में तीसरे स्थान पर जगह बनाई। कुमारमंगलम बिड़ला और उनका परिवार 334 करोड़ रुपये के कुल दान के साथ चौथे स्थान पर रहा, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि है। हुरुन की अमीरों की सूची के अनुसार, कुल मिलाकर 203 ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने पांच करोड़ रुपये से अधिक परमार्थ कार्य पर खर्च किया। 1,539 लोगों की कुल संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक थी और इस साल उनकी कुल संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिलचस्प बात यह है कि सूची में शामिल 203 दानदाताओं द्वारा दिया गया औसत दान 2023 की सूची में शामिल 119 दानदाताओं द्वारा दिए गए 71 करोड़ रुपये से घटकर 43 करोड़ रुपये रह गया है। नादर 3.14 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ अमीरों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि अडाणी की संपत्ति 11.6 लाख करोड़ रुपये और अंबानी की 10.14 लाख करोड़ रुपये है।

- **अमीरों में अंबानी को दूसरा तो अडाणी को पांचवां स्थान**

आईपीएल से खेल के बारे में ज्ञान बढ़ाना है : जेम्स

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। एंडरसन (42 वर्ष) ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज के रूप में अपना अंतर्राष्ट्रीय करियर समाप्त किया था।

उन्होंने आखिरी बार 2014 में अपना अंतिम टी-20 मैच खेला था। वह आईपीएल में कभी नहीं खेले हैं। उन्होंने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत किया और अपना आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये रखा है। एंडरसन ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया और इंग्लैंड के लिए 188 मैच में 704 विकेट लिए। इससे वह

- इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज एंडरसन ने मेगा नीलामी के लिए कराया पंजीकरण आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये रखा

श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर शेन वार्न (708) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। एंडरसन ने बीबीसी रेडियो 4 टुडे से बताया मेरे अंदर अब भी कुछ ऐसा है जिसे लगता है कि मैं अब भी खेल सकता हूं। मैंने कभी आईपीएल नहीं खेला है। मैंने कभी इसका अनुभव नहीं किया है और कई कारणों से मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में खेलकर वह बतौर गेंदबाज अपना ज्ञान ही नहीं बढ़ाना चाहते बल्कि बतौर कोच और अनुभव और ज्ञान हासिल करना चाहते हैं। मैंने गर्मियों में अपना करियर खत्म करने के बाद से थोड़ी बहुत कोचिंग की है। मैं इंग्लैंड की टीम के साथ थोड़ा बहुत मेंटोर के तौर पर भी काम कर रहा हूं। मुझे लगता है कि इस तरह की लीग में खेलने और उसका अनुभव हासिल करने से शायद मुझे खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने में मदद मिले जिससे आगे चलकर मुझे फायदा मिलेगा। एंडरसन ने आखिरी बार टी-20 मैच अपनी काउंटी टीम लंकाशर के लिए अगस्त 2014 में खेला था जबकि इंग्लैंड के लिए इस प्रारूप में उनका आखिरी मुकाबला नवंबर 2009 में था।

भारत खराब टीम नहीं बनी है, वे चीजें बदल देंगे: लैथम

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम हाल ही में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बावजूद विनम्र बने हुए हैं और कहा कि रोहित की अगुवाई वाली टीम जल्द से जल्द शानदार वापसी करने की क्षमता रखती है।

लैथम के नेतृत्व में कीवी टीम बेंगलुरु, पुणे और मुंबई टेस्ट जीतकर भारत के खिलाफ उसकी धरती पर तीन या इससे अधिक मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने वाली पहली मेहमान टीम बन गई। लैथम ने भारत से यहां पहुंचने के बाद कहा भारतीय क्रिकेट वास्तव में खास है। हमने उनके खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल में उनके साथ खेलते हैं। वे इस हार से निश्चित तौर पर निराश थे लेकिन उनकी टीम अब भी बहुत अच्छी है। एक श्रृंखला में हार से वह रातों-रात खराब टीम नहीं बन जाती। न्यूजीलैंड अब घरेलू मैदान पर तीन मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड से भिड़ेगा और लैथम ने कहा कि क्रिकेट के बैजबॉल ब्रांड का सामना करना उनकी टीम के लिए अलग चुनौती होगी।

राइट आदर्श कोच थे, चैपल, कुंबले के विपरीत खिलाड़ियों को दी छूट : संदीप

मुंबई, एजेंसी

भारत की 1983 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष संदीप पाटिल का मानना है कि जॉन राइट भारतीय कोच के रूप में इसलिए सफल रहे क्योंकि उन्होंने खिलाड़ियों को खुली छूट दी जबकि उनके उत्तराधिकारी ग्रेग चैपल और अनिल कुंबले ऐसा करने में असफल रहे।

पाटिल ने यह आकलन अपनी आत्मकथा बियॉन्ड बाउंड्रीज में किया है जिसका बुधवार को विमोचन किया गया। पाटिल को उथल-पुथल वाले चैपल युग की कई घटनाओं की जानकारी थी क्योंकि वह भारत ए के तत्कालीन कोच के रूप में चयन और बोर्ड बैठकों में भाग लेते थे। पाटिल ने लिखा है भारत में 2000 के बाद विदेशी कोच और

- चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष बोले- जॉन के समय नहीं था सीनियर या जूनियर जैसा कोई मामला

सहायक स्टाफ रखने का चलन शुरू हुआ। इससे काफी लाभ हुआ, क्योंकि भारत का विदेशी रिकॉर्ड लगातार बेहतर हुआ है। यह सब जॉन राइट के भारत के पहले विदेशी कोच बनने के साथ शुरू हुआ। मुझे लगता है कि जॉन भारत के लिए आदर्श कोच थे। वह शायद ही कभी खबरों में रहे जबकि ग्रेग चैपल इसके विपरीत थे। पाटिल का मानना है कि राइट के लिए प्रत्येक खिलाड़ी बराबर था और उनके लिए टीम सर्वोपरि थी।

खेल डायरी

विशाखापट्टनम में अकादमी स्थापित करेगी सिंधु

विशाखापट्टनम। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु की स्वप्निल परियोजना बैडमिंटन और खेल उत्कृष्टता के लिए पीवी सिंधु केंद्र विशाखापट्टनम में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसे आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सिंधु ने इसके लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का आभार व्यक्त किया। सिंधु ने यहां जारी बयान में कहा मैं विशाखापट्टनम के लोगों के लिए इस केंद्र को स्थापित करने के लिए वास्तव में आभार व्यक्त करती हूं। इस खेल केंद्र की स्थापना के लिए इससे बेहतर स्थान नहीं हो सकता। यह केंद्र ऐसा स्थान होगा जिसकी सभी स्तर के खिलाड़ी सेवाएं ले सकेंगे।

दशक की डब्ल्यूबीबीएल टीम के लिए सूची में हरमनप्रीत

मेलबर्न। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की दशक की टीम के लिए 50 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची को गुरुवार को जारी किया गया जिसमें जगह बनाने वाली हरमनप्रीत एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं। इस सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह दी गई है जिन्होंने वर्तमान सत्र से पहले डब्ल्यूबीबीएल में कम से कम 60 मैच खेले हैं। सार्वजनिक मतदान के बाद विशेषज्ञों का एक विशेष चैनल इस सूची में से अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन करेगा। सार्वजनिक मतदान 11 से 24 नवंबर के बीच किया जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक क्ली स्मिथ चयन पैनल के अध्यक्ष हैं। इसमें मेल जोन्स, लिसा स्टालेकर, मैथ्यू मॉट, क्वेंटिन हल, लौरा जॉली और एलिस्टेयर डॉब्सन भी शामिल हैं। टीम की घोषणा एक दिसंबर को की जाएगी जिसमें अधिकतम तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिलेगी।

डब्ल्यूपीएल की फ्रेंचाइजी ने बड़े नामों को रिटेन किया

नई दिल्ली। स्मृति मंधाना, एलिस पैरी, शेफाली वर्मा, मेग लेनिंग और हरमनप्रीत कौर कुछ बड़े नाम है जिन्हें उनकी फ्रेंचाइजी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र के लिए रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को 14 खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की जिसमें छह विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। कप्तान स्मृति, स्टार बल्लेबाज पैरी और विकेटकीपर रिचा घोष को डब्ल्यूपीएल चैंपियन टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी जैसी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखा है। विदेशी खिलाड़ियों में लेनिंग, दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी और एनाबेल सदरलैंड को टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। डब्ल्यूपीएल 2025 से पहले मुंबई इंडियन्स ने 14 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है। मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत, नैट स्किवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, सजना सजीवन, सेइका इशाक जैसी खिलाड़ियों को रिटेन किया है। रिटेन खिलाड़ियों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली, राधा, अरुंधति, शिखा पांडे, तानिया, मीनू, स्नेहा, टिटास साधु, मेग लेनिंग, मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड को रिटेन किया। वहीं, आरसीबी ने मंधाना, रिचा, मेघना, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, रेणुका सिंह, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा शामिल हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत कौर, शबनिम, यस्तिका, पूजा वस्त्राकर, सजना सजीवन, सेइका इशाक, अमनजोत कौर, जिंतिमनी कलीता, कीर्तना बालाकृष्णन और अमनदीप कौर, नेट स्काइवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, शब्निम इस्माइल, क्लो ट्रायोन के नाम शामिल हैं।

17 साल बाद डरबन में जीतने पहुंचा भारत

2007 में किंग्समीड पर खेला था टी-20 मैच, दोनों टीमों ने अब तक खेले 27 मुकाबले

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शुक्रवार से शुरु हो रही चार टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम जीत के लक्ष्य के साथ 17 साल बाद डरबन के किंग्समीड मैदान पर उतरेगी। किंग्समीड मैदान पर वर्ष 2007 में भारत ने एकमात्र टी-20 मैच खेला है।

17 साल पहले खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 37 रनों से शिकस्त दी थी। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने अर्धशतक लगाया था और आरपी सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में महज 13 रन देकर चार विकेट झटके थे। सीरीज का पहला मैच डरबन के किंग्समीड मैदान पर होगा। इस मैदान की पिच का मिजाज समझना बड़ा ही मुश्किल रहा है। इस मैदान पर 18 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले हो चुके है। ऐसा देखा गया है कि यह एक हाई-स्कोरिंग मैदान रहा है, इस मैदान में पहली पारी में औसत स्कोर 153 रन और दूसरी पारी में औसत स्कोर 135 रन पर आ जाता है। इस मैदान पर नौ बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने

जीत हासिल की है और आठ बार दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने बाजी मारी है। एक मुकाबले का कोई परिणाम नहीं निकल सका। पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया ने इसी मैदान पर 191 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

अगर रिकार्ड को देखा जाए तो भारतीय टीम यहां पिछली पांच टी-20 श्रृंखला में एक भी बार नहीं हारी है। इस दौरान तीन श्रृंखला ड्रा रही हैं। दोनों देशों के अबतक बीच नौ द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला खेली गईं हैं। इनमें से चार में भारत ने और दो में अफ्रीका ने जीत दर्ज की है। भारत आखिरी बार नौ साल पहले अक्टूबर 2015 में दक्षिण अफ्रीका से टी-20 सीरीज हारा था। टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल के बाद यह पहली बार होगा जब भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमाने-सामने होगीं।

मैच : रात 8:30 बजे

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल।

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, एंडिले सिमलेन, लूथो सिपम (तीसरा और चौथा मैच), और ट्रिस्टन स्टब्स।

अब तक दोनों टीमों के बीच 27 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 11 मैच में दक्षिण अफ्रीका और 15 मैच भारतीय टीम की जीत मिली हैं। इनमें से दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर खेले गए नौ मैचों में से भारतीय टीम ने छह मैच जीते और तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अर्शदीप की अगुवाई में आवेश, वैशाख और यश जैसे खिलाड़ी पर होगी।

भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, मनाया जश्न

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को भारतीय हॉकी की 100 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले एक भव्य जश्न की शुरुआत की घोषणा की। आज के ही दिन सात नवंबर 1925 में ग्वालियर शहर में हॉकी के लिए एक राष्ट्रीय निकाय की आधिकारिक तौर पर स्थापना की गई थी। इस निर्णायक क्षण ने विजय और गौरव की एक यात्रा की जोत जलाई, जिसने भारत को खेल में एक शक्तिशाली देश के रूप में मजबूती से स्थापित किया।

- 1925 में ग्वालियर में हॉकी के लिए राष्ट्रीय निकाय की आधिकारिक तौर हुई थी स्थापना

पिछले 99 वर्षों में भारतीय हॉकी आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक, एक रजत और चार कांस्य पदक और एक हॉकी विश्व कप ट्रॉफी जीती है। 52 साल के इंतजार के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना और टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम का प्रभावशाली चौथा स्थान हासिल करना, साथ ही उनकी एफआईएच नेशंस कप जीत, इस पुनरुद्धार के प्रमाण हैं। हॉकी इंडिया लीग की वापसी, जो इस स्मारकीय वर्षगांठ के साथ मेल खाती है, हॉकी इंडिया की हमारे शानदार अतीत को संरक्षित करने और आगे के रोमांचक भविष्य को अपनाने की प्रतिबद्धता का एक जीवंत प्रमाण है। भारत ने कई प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और कृत्रिम टर्फ के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकासित किया है। हॉकी इंडिया ने सदस्य इकाई पोर्टल और ऑनलाइन खिलाड़ी पंजीकरण प्रणाली जैसी डिजिटल पहलों के साथ नवाचार को अपनाया है।

किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

इक्सान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

- 41वें स्थान पर मौजूद किरण ने 1.15 घंटे तक चले रोमांचक मैच में ची यू जेन को दी मात

भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने गुरुवार को पुरुष एकल मुकाबले में चीनी ताईपे के ची यू जेन को हराकर कोरिया मास्टर्स टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गए 16 राउंड मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 41वें स्थान पर मौजूद किरण ने एक घंटा और 15 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक मैच में चीनी ताइपे के 31वीं रैंक वाले ची यू जेन को 21-17, 19-21, 21-17 से हराया।

मैच की शुरुआत में किरण ने शुरूआती बढ़त हासिल करते हुए स्कोर 5-1 से अपने पक्ष में कर लिया। इसके बाद ची यू जेन ने पलटवार करते हुए कुछ शानदार शॉट्स लगाए और एक समय स्कोर 12-11 से अपने हक में कर लिया। किरण ने चीनी ताइपे के खिलाड़ी पर दबाव बनाना शुरू किया और गेम को आखिर में 21-17 से अपने नाम कर लिया। क्वार्टरफाइनल में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का सामना जापान के 34वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी ताकुमा ओबायाशी से होगा।

बार्सिलोना-मिलान फिर जीते, एस्टन का विजय रथ थमा

चैंपियंस लीग

पेरिस, एजेंसी

बार्सिलोना और इंटर मिलान ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और जीत दर्ज की लेकिन पेनल्टी के अजीबोगरीब फैसले के कारण एस्टन विला का विजय अभियान थम गया। एस्टन विला ने सप्ताह की शुरुआत 36-टीमों की तालिका में शीर्ष पर की थी, लेकिन उसकी जीत का सिलसिला क्लब ब्रुग से 1-0 की हार के साथ थम गया।

एस्टन विला के डिफेंडर टायरोन मिंग्स ने क्लब ब्रुग के क्षेत्र में गेंद उठाई। रेफरी ने इस फाउल करार देकर विरोधी टीम को पेनल्टी दे

मुकाबले करते बार्सिलोना-रेड स्टार बेलग्रेड के खिलाड़ी।

- लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने रेड स्टार बेलग्रेड को हराया
- इंटर मिलान ने आर्सेनल को 1-0 से दी मात, म्यूनिख भी जीता

दी। ब्रुग के कप्तान हंस वानाकेन ने 52वें मिनट में इस पर गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। एस्टन विला इस हार से तालिका में आठवें स्थान पर लुढ़क गया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के बिना अपना पहला सत्र खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन को एटलेटिको मैड्रिड ने 2-1 से हराया। इस पराजय से फ्रांस का क्लब तालिका में 25वें स्थान पर खिसक गया।

बार्सिलोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से रेड स्टार बेलग्रेड पर 5-2 की बड़ी जीत दर्ज की। इससे बार्सिलोना तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है।

इंटर मिलान ने सैन सिरो में आर्सेनल को 1-0 से हराया। उसकी तरफ से हाकन अलहानोग्लू ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया। चैंपियंस लीग में पहली बार खेल रहे फ्रांस के क्लब ब्रेस्ट ने स्पार्टा प्राग को 2-1 से पराजित करके अपना अजेय अभियान जारी रखा। ब्रेस्ट की टीम अभी चौथे स्थान पर है और उसका नॉकआउट चरण में पहुंचना तय है। अन्य मैचों में अटलांटा ने स्टटगार्ट को 2-0 से, साल्जबर्ग ने फेनोर्ड को 3-1 से और बायर्न म्यूनिख ने बेनफिका को 1-0 से हराया।

बॉलीवुड हलचल

ठग लाइफ 5 जून को होगी रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ 5 जून 2025 को रिलीज होगी। कमल हासन के जन्मदिन पर उनकी 234वीं फिल्म, ठग लाइफ के निर्माताओं ने टीजर और रिलीज की तारीख का खुलासा करके उत्साह की लहर जगा दी है। ठग लाइफ भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों निर्देशक मणिरत्नम और महान कलाकार कमल हासन के बीच सहयोग है। कमल हासन, मणि रत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंत द्वारा निर्मित और मणि रत्नम द्वारा निर्देशित और ए.आर. रहमान द्वारा संगीतबद्ध, ठग लाइफ में कमल, सिलंबरासन टीआर, त्रिशा, अभिरामी और नासिर की अहम भूमिका है।

70 के हुए कमल हासन, 1960 में बाल कलाकार के रूप में शुरू किया फिल्मों का सफर

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार कमल हासन आज 70 वर्ष के हो गए। कमल हासन का जन्म 7 नवंबर 1954 को तमिलनाडु के परमकुडी में हुआ था। उनके पिता चाहते थे कि उनके तीन बच्चों में कम से कम एक बच्चा अभिनेता बने। अपनी इसी चाहत को पूरा करने के लिये उन्होंने कमल हासन को अभिनेता बनाने का निश्चय किया। कमल हासन ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार 1960 में प्रदर्शित फिल्म कलाथुर कनम्मा से की। ए. भीम सिंह के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने अपने दमदार अभिनय से न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता बल्कि वह राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। फिल्म कलाथुर कनम्मा की सफलता के बाद कमल हासन ने कुछ फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। इसके बाद उन्होंने लगभग नौ वर्षों तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। 70 के दशक में अपने पिता के जोर देने पर उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और अपना ध्यान फिल्म इंडस्ट्री की ओर लगा दिया। इस बीच अपने पिता के कहने पर उन्होंने नृत्य की भी शिक्षा हासिल की और कुछ फिल्मों में सहायक नृत्य निर्देशक के रूप में भी काम किया। वर्ष 1973 में कमल हसन को दक्षिण भारत के जाने फिल्मकार के. बालचंद्र की फिल्म अरंगेतरम में काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म अपूर्वा रंगानगल मुख्य अभिनेता के रूप में उनको सिने करियर की पहली हिट साबित हुई। वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म 16 भयानिथनिले की व्यावसायिक सफलता के बाद कमल हसन स्टार कलाकार बन गए। वर्ष 1981 में कमल हसन ने हिंदी फिल्मों की ओर भी अपना रूख कर लिया और निर्माता एल. प्रसाद की फिल्म एक दूजे के लिए में अभिनय किया। वर्ष 1982 में कमल हसन की एक और सुपरहिट तमिल फिल्म मुंदरम पिरई रिलीज हुई जिसके लिए वह अपने सिने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए। बाद में वर्ष 1983 में सदमा शीर्षक से यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई।

डिज्नी+हॉटस्टार पर 22 को रिलीज होगी ठुकरा के मेरा प्यार

मुंबई। श्रद्धा पासी जयरथ द्वारा निर्देशित और बॉम्बे शो स्टूडियोज एलएलपी द्वारा निर्मित शो ठुकरा के मेरा प्यार 22 नवंबर से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। डिज्नी+हॉटस्टार के नए रोमांटिक शो ठुकरा के मेरा प्यार में दर्शकों को प्यार, धोखा और बदला सब कुछ देखने को मिलेगा। इस सीरीज में पेचीदा किरदारों तथा दिल को झकझोर देने वाली कहानी का ताना-बाना है। शो में कुलदीप (धवल ठाकुर) और शानविका (संचिता बसु) नाम के दो किशोरों की कहानी है, जो एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं लेकिन जाति और वर्ग की वजह से उनके रास्ते अलग हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है इस दिलचस्प कहानी में प्यार, धोखे, और बदले का एक जटिल जाल बिछा हुआ है। ठुकरा के मेरा प्यार का निर्माण बॉम्बे शो स्टूडियोज एलएलपी ने और निर्देशन श्रद्धा पासी जयरथ ने किया है। इस सीरीज के साथ प्रतिभाशाली धवल ठाकुर और संचिता बसु डेब्यू कर रहे हैं और गोविंदा पांडे के साथ महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आयेंगे। शो की निर्देशक श्रद्धा पासी जयरथ ने कहा ठुकरा के मेरा प्यार सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि धोखेबाजी, पूर्वाग्रह तथा मानवीय भावनाओं की पेचीदगी जैसे विषयों की गहराई में जाती है। इस सीरीज में हम कॉलेज के क्लासिक रोमांस को आधुनिक नजरिए से मिलाना चाहते थे।



कार्टी-किंग के शतक, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड से जीती वनडे श्रृंखला

शतकीय साझेदारी के दौरान विकेटों के बीच दौड़ लगाते

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। कीसी कार्टी और ब्रैंडन किंग के शतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को सात ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीती। सलामी बल्लेबाज किंग ने 117 गेंद पर 102 रन बनाए जबकि कार्टी ने 114 गेंद पर नाबाद 128 रन बनाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 43 ओवर में दो विकेट पर 267 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट 24 रन पर गंवाने के बावजूद अच्छी वापसी करके आठ विकेट पर 263 रन बनाए थे। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (74) और डैन मूसली (57) ने अर्धशतक जमाए। सैम कुरेन ने 40 रन का योगदान दिया जबकि जेमी ओवरटन ने 21 गेंदों में 32 और जोफ्रा आर्चर ने 17 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। इससे इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में 100 रन जोड़े।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

कनाडा में टिकटॉक को बंद करने का आदेश

टोरंटो। कनाडा ने बुधवार को टिकटॉक के कनाडाई कारोबार को बंद करने की घोषणा की। चीन की कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद कनाडा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वह इस ऐप तक पहुंच को ब्लॉक नहीं करेगा। उद्योग मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि इसका उद्देश्य टिकटॉक टेक्नोलॉजी कनाडा इंक द्वारा स्थापित बाइटडांस से संबंधित जोखिमों को दूर करना है। शैम्पेन ने कहा सरकार कनाडाई लोगों की टिकटॉक एप्लिकेशन तक पहुंच या उनकी कंटेंट बनाने की क्षमता को ब्लॉक नहीं कर रही है। सोशल मीडिया एप्लिकेशन या मंच का उपयोग करने का निर्णय एक व्यक्तिगत पसंद है।

दक्षिणी कैलिफोर्निया में फैल रही जंगल की आग

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य का दक्षिणी हिस्सा इन दिनों भीषण जंगल की आग की चपेट में है और भयंकर हवाओं के कारण खतरनाक रूप से अनियंत्रित होकर तेजी से फैल रही जंगल की आग के कारण हजारों निवासी पलायन को मजबूर हो गये हैं। यहां पहाड़ के जंगलों में आग लॉस एंजिल्स से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में वेंचुरा काउंटी के मूरपार्क में बुधवार सुबह लगी और दोपहर तक 10,400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई। वेंचुरा काउंटी फायर डिपार्टमेंट ने कहा, आग की लपटें कैमारिलो शहर के एक उपनगर तक पहुंच गई हैं, जहां लगभग 70,000 लोग रहते हैं।

बोको हराम के तीन आतंकवादियों की मौत

याउंडे (कैमरून)। कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में बोको हराम आतंकवादी समूह के कम से कम तीन सदस्य मारे गए हैं। यह जानकारी सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार को दी। क्षेत्र के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के वालासा इलाके में बुधवार रात आतंकवादी समूह के खिलाफ एक सैन्य अभियान चलाया गया जिसमें ये आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि जब हमारे सैनिकों ने हमला किया तो उन्होंने (बोको हराम) जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। उनमें से कई घायल होकर भाग गए। सैन्य अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि हमारे बल क्षेत्र को सुरक्षित करना जारी रखेंगे।

ब्रिटेन में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की

लंदन। ब्रिटेन की नवनियुक्त शैडो विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत के पहले गृह मंत्री के महत्वपूर्ण विरासत का संदर्भ दिया, जिसका अनुसरण उन्होंने 2019 में भारतीय मूल की ब्रिटेन की पहली गृह मंत्री नियुक्त होने के बाद किया था। शैडो कैबिनेट में विपक्ष एक मंत्रिमंडल बनाता है। इसमें शामिल नेताओं को केंद्रीय मंत्रियों के तरह ही विभाग या मंत्रालय दिए जाते हैं। उनका काम सरकार के कामकाज में खामियां तलाशना और उन्हें उजागर करना होता है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर भारतीय उच्चायोग में भाषण देते हुए गुजराती मूल की ब्रिटिश संसद सदस्य ने एकता और सशक्तीकरण के प्रणेता के रूप में भारत के लौह पुरुष की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

विस्फोट...

इंडोनेशिया के पूर्वी फ्लोरेस जिले में माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी नामक ज्वालामुखी फट गया, जिससे राख का गुबार दो किमी तक आसमान में फैल गया और ज्वालामुखी का मलबा कई गांवों में बिखर गया। एजेंसी

कनाडा में हिंसक बयानबाजी के आरोप में पुजारी निलंबित

ओटावा। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में एक हिंदू मंदिर के पुजारी को हाल ही में खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों और वहां मौजूद लोगों के बीच हुई झड़पों के दौरान हिंसक बयानबाजी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। ब्रैम्पटन में तीन नवंबर को हिंदू सभा मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ था और सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थक बैनर लिए हुए थे। वीडियो में लोगों के बीच हाथापाई और मंदिर के आस-पास के मैदान में एक-दूसरे पर डंडे से वार करते हुए दिखाया गया। खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प हुई और उन्होंने मंदिर प्राधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वाणिज्य दूतावास के एक कार्यक्रम में भी बाधा पहुंचाई।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाखंड कर रहा कनाडा

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा सरकार को दिखाया आईना

भारत ने कनाडा द्वारा ऑस्ट्रेलिया के भारतवंशी समुदाय के मीडिया प्लेटफॉर्म ऑस्ट्रेलिया टुडे को कनाडा में प्रतिबंधित किये जाने की निंदा की है और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कनाडा सरकार का पाखंड का उदाहरण बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे जाने पर कहा विदेश मंत्री आज सिडनी में हैं। कुछ समय पहले वे व्यापारिक समुदाय और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बात कर रहे थे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के साथ भी बैठक की, जहां उन्होंने 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया रूपरेखा वार्ता में भाग लिया। विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी सभी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया

टुडे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कनाडा में ब्लॉक किये जाने के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टुडे भारत वंशियों का एक प्रमुख मीडिया मंच है। यह अब कनाडा में देखने के लिए उपलब्ध नहीं है। इसने विदेश मंत्री एस जयशंकर का इंटरव्यू किया और विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ प्रेस ब्रीफिंग को भी कवर किया था। विदेश मंत्री ने हमारे कनाडा के साथ संबंधों के तीन बिन्दुओं पर चर्चा की है। पहला कनाडा सरकार के शीर्ष से बिना सबूत के आरोप लगाने की आदत, दूसरा- हमारे राजनयिकों की निगरानी और तीसरा उग्रवादियों को राजनीतिक स्थान दिया जाना। प्रवक्ता ने कहा कि कनाडा सरकार का इस मीडिया मंच को प्रतिबंधित करना, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर कनाडा सरकार के पाखंड को उजागर करता है। कनाडा में टोरंटों में भारतीय वाणिज्य दूतावास के कौंसुलर कैम्प को रद्द किये जाने के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, आपने टोरंटो में हमारे वाणिज्य दूतावास द्वारा पोस्ट किए गए संदेश को देखा होगा कि उन्हें सप्ताहांत में आयोजित होने वाले वाणिज्य दूतावास शिविर को रद्द करना पड़ा है।

भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सुरक्षा कारणों से प्रस्तावित शिविर रद किए

टोरंटो। नाडा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने कुछ निर्धारित वाणिज्य दूतावास शिविरों को रद्द कर रहा है, क्योंकि कनाडाई सुरक्षा अधिकारियों ने इसके आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है। यह घोषणा ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वाणिज्य दूतावास कार्यक्रम में खालिस्तानी झंडे लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों द्वारा हिंसक व्यवधान डालने की घटना के कुछ दिनों बाद की गई है। दूतावास ने एक्स पर कहा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा शिविर आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त करने के मद्देनजर, कार्यक्रम शिविरों को रद्द करने का निर्णय लिया है।

संबंधों को और मजबूत करेंगे मोदी-ट्रंप

विदेश मंत्रालय ने कहा- दोनों नेताओं ने मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच कल, बुधवार को फोन पर बातचीत हुई थी। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं के बीच बातचीत पर एक बयान जारी करके कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि चुनाव में अमेरिकी नेता की शानदार और उल्लेखनीय जीत उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण में अमेरिकी लोगों के गहरे भरोसे को दर्शाती है।

बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उनके (ट्रंप के) पुनः निर्वाचित होने तथा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की सफलता के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। बयान में कहा गया है, उन्होंने प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को फोन पर बधाई दी और इस दौरान दोनों नेताओं ने विश्व शांति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प जताया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। उनकी शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी। प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक बार फिर साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की बातचीत के कुछ मुख्य बिंदु साझा किए। दोनों नेताओं ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के महत्व को दोहराया।

बाइडन ने ट्रंप को व्हाइट हाउस में किया आमंत्रित

वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया है और प्रशासन में परिवर्तन पर चर्चा के लिए उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया है। मीडिया रिपोर्टों में ट्रम्प के अभियान के हवाले से गुरुवार को यह जानकारी दी गई। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने 'बीबीसी' को दिए एक बयान में कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही होने वाली बैठक का इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय अमेरिकियों ने ट्रंप के पुनः राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर जताई प्रसन्नता

वाशिंगटन। प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और अमेरिका-भारत संबंधों में महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनके साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी निर्णायक जीत पर बधाई। हम अमेरिकी नवाचार के स्वर्णिम युग में हैं और सभी को लाभ पहुंचाने में मदद करने के लिए उनके प्रशासन के साथ काम करने के वास्ते प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने कहा कि अमेरिकी लोगों ने अपना निर्णय बता दिया है। उन्होंने कहा राष्ट्रपति ट्रंप को शानदार जीत के लिए बधाई। अब समय आ गया है कि अमेरिकी लोग एकजुट हों, अपने देश के लिए प्रार्थना करें और शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करें। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने इसे अमेरिका के लिए महान दिन बताया। जिंदल ने कहा आइए, जश्न मनाने के लिए कुछ पल निकालें। फिर हमारे देश को वापस पटरी पर लाने के लिए कड़ी मेहनत शुरू होगी। उद्यमी से राजनेता बने विवेक रामास्वामी ने कहा अमेरिका में लगभग सुबह हो चुकी है। चलिए, देश को बचाने चलें। सामुदायिक सहभागिता मंच इंडियास्पोरा के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने कहा राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई।

संबंधों पर पड़ने वाले असर का आकलन करेंगे 50 यूरोपीय नेता

बुडापेस्ट(हंगरी)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रूट सहित लगभग 50 यूरोपीय नेता अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद संबंधों पर पड़ने वाले असर का आकलन करेंगे। पहले से ही जटिल आर्थिक स्थिति को और मुश्किल बनाते हुए, यूरोप की आर्थिक महाशक्ति जर्मनी, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज द्वारा अपने वित्त मंत्री को बर्खास्त करने के बाद राजनीतिक संकट में फंस गई है। यह घटनाक्रम कुछ महीनों में चुनाव होने और यूरोप में कट्टर दक्षिणपंथी और प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच एक और गतिरोध की आशंका को बढ़ाता है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि इन दो घटनाओं ने साथ मिलकर स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

मैं इस चुनाव में हार को स्वीकार करती हूं : हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

- हॉवर्ड विश्वविद्यालय में कमला हैरिस ने दिया भावुक संबोधन

राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप से हार स्वीकार करने के तुरंत बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने समर्थकों से चुनाव परिणामों को स्वीकार करने का आग्रह किया और रिपब्लिकन पार्टी के नेता को सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने का वचन दिया। हॉवर्ड विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा रहीं हैरिस (60) ने विश्वविद्यालय में एक भावुक संबोधन में कहा कि अमेरिका के लिए किए गए वादे की रोशनी हमेशा जलती रहेगी और उन्होंने इस अभियान को बढ़ावा देने वाली लड़ाई को जारी रखने का संकल्प लिया। अपने समर्थकों का उत्साह बढ़ाने के प्रयास में उन्होंने कहा आज मेरा दिल भरा हुआ है।

आपने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। मेरे दिल में अपने देश के लिए प्रेम और दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा, इस चुनाव का नतीजा वह नहीं है जो हम चाहते थे, न ही वह जिसके लिए हमने लड़ाई लड़ी थी और न ही वह जिसके लिए हमने वोट दिया था। लेकिन जब मैं आपसे कहती हूं तो मेरी बात सुनिए तो अमेरिका के लिए किए गए मेरे वादे की लौ हमेशा जगमगाती रहेगी। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि लोग इस समय कई तरह की भावनाओं को महसूस कर रहे हैं। मैं समझती हूं।

असाधारण परिस्थितियों में हैरिस ने अभियान का नेतृत्व किया: बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान असाधारण परिस्थितियों में ऐतिहासिक अभियान का नेतृत्व करने के लिए बुधवार को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की सराहना की। बाइडन ने एक बयान में कहा अमेरिका ने आज जिन्हें देखा वह वो कमला हैरिस थीं जिन्हें मैं जानता हूं और जिनकी मैं बहुत प्रशंसा करता हूं। वह एक जबरदस्त साथी और ईमानदार हैं।

हवाई अड्डे के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त पांच लोगों की मौत

मेसा (एरिजोना)। फीनिक्स के उपनगर में स्थित एक हवाई अड्डे के पास एक छोटे व्यवसायिक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 वर्षीय एक बच्चा भी शामिल था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि छह सीटों वाला ''होंडाजेट एचए-420 विमान'' यूटा के प्रोवो की ओर जा रहा था। मंगलवार दोपहर को मेसा के फाल्कन फील्ड हवाई अड्डे से इसने उड़ान भरी। अधिकारियों के अनुसार, विमान हवाई अड्डे की धातु की बाड़ को तोड़कर पश्चिमी हिस्से में सड़क पर जा रहे एक वाहन से टकरा गया।

अमेरिकी सांसद ने की बांग्लादेश में हिंदूओं की सुरक्षा की मांग

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी विदेश विभाग से सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए किया आग्रह

भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अमेरिकी विदेश विभाग से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए काम करने का आग्रह किया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की संपत्तियों के साथ ही मंदिरों में तोड़-फोड़ की कई घटनाएं हुई हैं। बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान और उसके बाद ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

विदेश विभाग ने कृष्णमूर्ति को बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में

जानकारी दी। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर बांग्लादेश सरकार के साथ राजनयिक बैठक में चर्चा करते हैं।

1,270 पर्वतारोहियों को दी 45 चोटियों पर चढ़ने की अनुमति

काठमांडू। नेपाल के पर्यटन विभाग ने गुरुवार को घोषणा की कि पतझड़ के मौसम में नेपाल में 45 पर्वतों पर चढ़ने के लिए 1,270 पर्वतारोहियों को परमिट मिले हैं। कुल में से 463 को माउंट अमा डबलम, 308 को माउंट मनास्लू और 144 को माउंट हिमलुंग हिमाल पर चढ़ने की अनुमति है। पर्वतारोही, जिनमें 289 महिलाएं शामिल हैं, 73 देशों और क्षेत्रों से हैं। विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने मीडिया को बताया हमसे लोग अब भी पर्वतारोहण को लेकर जानकारी मांग रहे हैं।आने वाले हफ्तों में संख्या में थोड़ी वृद्धि होगी।

16 की उम्र से पहले इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे सोशल मीडिया

मेलबर्न, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया सरकार ने बच्चों के लिए कानून की घोषणा

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग शुरू करने की आयु सीमा 16 वर्ष निर्धारित करने को लेकर बृहस्पतिवार को एक कानून की घोषणा की और इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्लेटफॉर्मों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा, सोशल मीडिया हमारे बच्चों को नुकसान पहुंचा रहा है और मैं इस पर रोक लगाना चाहता हूं। अल्बनीज ने संवाददाताओं से कहा कि इस साल 18 नवंबर से शुरू हो रहे संसद सत्र के अंतिम दो सप्ताहों के दौरान यह कानून पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून पारित होने के 12 महीने बाद आयु सीमा लागू होगी। एक्स, टिकटॉक, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म को उस साल यह तय करना होगा कि 16 साल से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को उनसे कैसे बाहर रखा जाए। अल्बनीज ने कहा, मैंने हजारों अभिभावकों, बच्चों के दादा-दादी, चाचा-चाची से बात की है। वे भी मेरी तरह अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

जर्मनी चांसलर ने वित्त मंत्री को किया बर्खास्त खतरे में गठबंधन सरकार

बर्लिन। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने बुधवार को कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री क्रिस्टियन लिंडनर को बर्खास्त कर दिया है। शोल्ज की यह घोषणा सत्तारूढ़ त्रिदलीय गठबंधन टूटने का संकेत है जिसे लिंडनर की पार्टी का भी समर्थन प्राप्त है। देश की बीमारू अर्थव्यवस्था में नई जान डालने के तरीकों पर गठबंधन सहयोगियों के बीच कई सप्ताह तक चले विवाद के बाद शोल्ज ने संवाददाता सम्मेलन में इस कदम की घोषणा की। वह जनवरी में विश्वास मत का प्रस्ताव रखेंगे। आम चुनाव अगले साल होने हैं लेकिन शोल्ज के कदम से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ गई है।

लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में 57 लोगों की मौत

बेरूत, एजेंसी

लेबनान में बुधवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 57 लोग मारे गए और 50 से अधिक घायल हो गए। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) और स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। जदीद टीवी ने बताया कि पूर्वी लेबनान के बेका और बाल्बेक-हर्मेल क्षेत्रों में कस्बों और गांवों को निशाना बनाकर किए गए 33 इजराइली हवाई हमलों की श्रृंखला में 55 से अधिक लोग मारे गए और 50 से अधिक घायल हो गए।

बालबेक के मेयर मुस्तफा अल-शाल के अनुसार, हमलों में बालबेक में आवासीय पड़ोस और ऐतिहासिक अल-मंशिया इमारत शामिल थी, जो पूरी तरह से नष्ट हो गई। बाल्बेक रोमन साम्राज्य में एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र था और यह बृहस्पति और बैचस को समर्पित अपने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, दोनों को कई विशिष्ट मेगालिथ के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

इजराइल ने हमलावरों के परिजनों को निर्वासित करने के लिए कानून पारित किया

यरुशलम। इजराइल की संसद ने गुरुवार को एक कानून पारित किया, जिसके जरिये फिलिस्तीनी हमलावरों के परिवार के सदस्यों को युद्ध प्रभावित गाजा पट्टी और अन्य स्थानों पर निर्वासित किया जाएगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्यों और उनके धुर दक्षिणपंथी सहयोगियों ने इस कानून की पैरोकारी की थी। यह कानून 41 के मुकाबले 61 मतों से पारित किया गया लेकिन इसे अदालत में चुनौती दिये जाने की संभावना है।

ज्ञान-विज्ञान | पृथ्वी से 16 मिलियन प्रकाश दूर है यह विनाशकारी क्वासर

दूर के क्वासर ने रोका तारों का निर्माण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: क्वासर ब्रह्माण्ड की वह महाशक्ति है, जो अपने आस-पास की सभी आकाशगंगाओं को नष्ट करने की ताकत रखता है। इधर खोजा गया नया क्वासर पृथ्वी से 16 मिलियन प्रकाश वर्ष है, जिसने तारों का निर्माण बंद कर दिया है। यह क्वासर अपनी आकाशगंगा के केंद्र में अतिविशाल ब्लैक होल में स्थित है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अभी तक ज्ञात क्वासरों में से बहुत दूर है और इसने अपने आसपास की सभी आकाशगंगाओं में नये तारों के निर्माण को बंद कर दिया है। बतादें कि क्वासर प्रकाश का शक्तिशाली स्रोत होता है, जो आकाशगंगा के केंद्र में एक विशाल ब्लैक होल की परिक्रमा करने वाली तीव्र गैस द्वारा बना होता है। इस क्वासर का नाम वीआईकेजे 2348-3054 है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है। इसकी रोशनी को हम तक पहुँचने में 13 बिलियन वर्ष लग गए। यह क्वासर तब अस्तित्व में आया, जब ब्रह्मांड की आयु 770 मिलियन वर्ष थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह क्वासर अपनी आकाशगंगा ब्रह्मांड के एक घने हिस्से में स्थित मौजूद है। खोजकर्ता वैज्ञानिक डिएगो पोर्टल्स के लैम्बर्ट कहते हैं, यह खोज चौंकाने वाली है। 16.8 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर यह हमारी मिल्की वे और पड़ोसी आकाशगंगा एंड्रोमेडा के बीच की दूरी से छह गुना अधिक दूर है। इसके विकिरण ने पड़ोसी आकाशगंगाओं में तारों का निर्माण रोक दिया है। यह खोज तारा निर्माण आकाशगंगाओं के अतीत की खोज के दौरान हुई।

ब्लैक होल से निकलते क्वासर की तस्वीर।

बेहद हिंसक है यह क्वासर

नैनीताल: यह क्वासर बेहद हिंसक प्रकृति का हैं। यह ऊर्जा से भरा हुआ हैं और यही ऊर्जा आस-पास की आकाशगंगाओं को नष्ट कर रही है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। इस क्वासर से हमारे सौरमंडल को कोई नुकसान नहीं पहुंच सकता है। यह खोज क्वासर की प्रकृति को समझने के लिए बेहद मददगार साबित होगी।

जयशंकर ऑस्ट्रेलिया में सीईओ व व्यापार जगत की हस्तियों से मिले

सिडनी, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की और एक-दूसरे के विकास में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला।

मंत्री ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सिडनी में सीईओ और व्यापार जगत की हस्तियों से मुलाकात कर दिन की अच्छी शुरुआत हुई। डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में भारत में जारी बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हमारे मजबूत व्यापार और निवेश संबंध हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख घटक हैं। जयशंकर ने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स की संसद में प्रवासी समुदाय के सदस्यों, सांसदों और भारत के मित्रों से भी मुलाकात की।